रांची एवं पटना से प्रकाशित * * * * रांची रविवार, 15 अक्टूबर 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत 2080 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 1, अंक : 180 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

## शुभम संदेश, लगातार.इन की डांडिया धुन पर झूमी रांची

# हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम रे, ओ शेरांवाली....

**रांची।** जेके सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में शनिवार की रात हिंदी दैनिक शुभम संदेश व लगातार डॉट इन की डांडिया धुन पर पूरी रांची झूम उठी. शाम 6 बजे से ही पारंपरिक परिधान में शहरवासी आयोजन स्थल पर जुटने लगे थे. बुजुर्गों, युवाओं के साथ बच्चों में भी डांडिया को लेकर काफी उत्साह था. कैंपस में हे... नाम रे... सबसे बड़ा तेरा नाम रे, ओ शेरांवाली सबसे बड़ा तेरा नाम की धुन गुंजायमान थी. बच्चों, युवक-युवतियों के साथ ही साथ हर उम्र के महिला-पुरुष डांडिया स्टिक के साथ थिरकते हुए मां दुर्गा का स्वागत कर रहे थे. रात 8 बजे मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और रांची विधायक सीपी सिंह ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. फिर डांडिया की धुन पर शहरवासियों ने शमां बांध दिया. देर रात तक शहरवासी डांडिया धुन पर झूमते, थिरकते रहे. लोगों ने शुभम संदेश व लगातार डॉट इन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि काफी कम समय में हिंदी दैनिक शुभम संदेश अखबार ने अपनी अलग पहचान बना ली है. इस तरह के आयोजन कर शुभम संदेश ने शहर के लोगों का दिल जीत लिया है. उम्मीद है आगे भी अखबार इस तरह के आयोजन कर शहर के लोगों को मंच प्रदान करेगा.



» पारंपरिक परिधान में शहरवासी आयोजन स्थल पर जुटने लगे थे

हर उम्र के महिला-पुरुष डांडिया स्टिक के साथ थिरकते हुए मां दुर्गा का स्वागत कर रहे थे

## ब्रीफ खबरें

### नया गरबा लिखा है साझा करूंगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पिछले कुछ दिनों में एक नया 'गरबा' लिखा है और वह इसे नवरात्र के दौरान लोगों से साझा करेंगे. मोदी ने 'एक्स ' पर पोस्ट में कहा, वर्षों पहले मेरे द्वारा लिखे गए गरबा की इस प्यारी संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम आपको धन्यवाद ! इसने कई यादें ताजा कर दीं. मैंने वर्षों से नहीं लिखा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है, जिसे मैं नवरात्र के दौरान साझा करूंगा.

### चतरा में 5 वांटेड नक्सली गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो स्वयंभू सब-जोनल कमांडर सहित संगठन के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से अमेरिका निर्मित एम1 राइफल, कारतूस और संगठन के पर्चे समेत कई हथियार जब्त हुए. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादियों में टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर प्रभात उर्फ प्रेम गंझू और विशु गंझू उर्फ अशोक शामिल हैं. प्रभात 14 जबकि विशु 11 अलग-अलग मामलों में वांछित थे. तीन अन्य की पहचान अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता और जीतेंद्र कुमार रजक के रूप में की गई है.

पूरी खबर पेज 6 पर

## करोड़ों की खासमहाल जमीन को फ्री होल्ड कराने में जुटे हैं कुछ रसूखदार

**कौड़ी के मोल जमीन**

# हथियाने की तैयारी

### आवासीय प्रयोजन के लिए जमीन फ्री-होल्ड करने का भेजा प्रस्ताव

प्रवीण कुमार।रांची

राज्य में खासमहाल जमीन का लीज नवीकरण चार दशकों से लंबित है, इसके बाद भी रसूखदार लोग खासमहाल की जमीन फ्री होल्ड कराने के प्रयास में जुटे हैं. इसके लिए अंचल से लेकर जिला होते हुए फाइल दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त को भी भेजी गयी. दो बार फाइल को आयुक्त कार्यालय अपनी आपत्तियों के साथ जिले को वापस भेज चुका है. इसके बाद भी रसूखदार लोग 10 एकड़ खासमहल की जमीन को फ्री होल्ड कराने में लगे हैं. जिस जमीन को जिले ने आवासीय प्रयोजन के लिए फ्री -होल्ड करने का प्रस्ताव भेजा है, उस जमीन का व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि यह जमीन एनएच ( राष्ट्रीय उच्च पथ ) पर स्थित है.

**दो लोगों के नाम पर जमीन लीज की गयी थी :** बता दें कि रांची जिले के नगड़ी अंचल के मौजा टिकराटोली के खाता संख्या-2, प्लाट संख्या 365 , रकबा 10 एकड़ खासमहल जमीन नीलिका लाल और संजीव टंडन लाला के नाम पर लीज है. यह जमीन एनएच से सटी हुई है. जमीन पर सैंकड़ों सखुवा के पेड़ पहले से ही लगे हुए हैं. जानकारी के अनुसार, दो लोगों के नाम पर खासमहल जमीन लीज की गयी थी, जिनमें से एक की मृत्यु हो चुकी है.

### आयुक्त आपत्तियों के साथ एसी को लौटा चुके हैं फाइल

10 एकड़ खासमहाल जमीन के आवासीय प्रयोजन का मामला काफी पेंचीदा है. नाम न लिखने की शर्त पर एक अधिकारी बताते हैं नीलिका लाल और संजीव टंडन लाला के नाम पर लीज की गयी खासमहाल भूमि को फ्री- होल्ड करने के लिए दो बार पूर्व में भी जिला से प्रस्ताव भेजा गया है. पहली बार तत्कालीन आयुक्त ए मुथु कुमार के समय आपत्ति के साथ फाइल वापस भेजी गयी. दूसरी बार प्रवीण कुमार टोप्पो के आयुक्त रहते फाइल अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार को वापस भेजी गयी थी.

**आयुक्त की आपत्ति, फिर भी फ्री होल्ड करने की अनुशंसा :** आयुक्त की आपत्तियों के बाद भी अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार ने जमीन को फ्री होल्ड करने की अनुशंसा भेजी है. खासमहाल की 10 एकड़ जमीन को फ्री होल्ड करने से संबंधित अनुशंसा में लिखा है कि इस जमीन का आवासीय प्रायोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है. प्रभावी बाजार दर और अवर निबंधक रांची के निबंधन दर के अनुसार खासमहाल जमीन की प्रस्तावित कीमत 30 हजार 658 रुपए है. जमीन को आवासीय प्रयोजन के लिए फ्री होल्ड करने के लिए 45 लाख 98 हजार 700 रुपए एकमुश्त देना होगा.

### लगे हैं सैंकड़ों सखुवा के पेड़ नहीं हुआ मूल्यांकन

आयुक्त की आपत्ति में लिखा गया है कि जमीन राष्ट्रीय राजपथ के किनारे है, जिसकी सार्वजनिक कार्य के लिए उपयोग की आवश्यकता पड़ सकती है. इसके व्यावसायिक उपयोग की संभावना प्रबल है, जमीन को फ्री होल्ड करने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार आवश्यक प्रतीत होता है. साथ ही लिखा कि भूमि पर बड़ी संख्या में शाल एवं अन्य वृक्ष हैं, जिनका मूल्यांकन वन विभाग द्वारा किया जाना आवश्यक है. भूमि का दर निर्धारण 01.08.2019 के दर से की गई है, जो काफी पुरानी प्रतीत होती है. इसके बाद अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार ने प्रस्ताव भेजा.



पाकिस्तान : 191/10 भारत : 192/3

# अजेय ! भारत

वनडे विश्व कप में भारत का विजयी रथ जारी, पाकिस्तान को रिकॉर्ड 8वीं बार हराया

भाषा। अहमदाबाद

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा दिया है. भारत ने अपनी अनंत जीत का सिलसिला बरकरार रखा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी. भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया. कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली. उन्होंने तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 77 रन की साझेदारी की. 19 रन देकर 2 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

-विस्तृत समाचार पेज 14 पर



रोहित शर्मा
रन 86
चौका : 6 छक्का : 6

## उफ्फ... एनटीपीसी कथनी- करनी में अंतर

### दावा जन भागीदारी का, पर दावत अफसरों को

सुनील कुमार ।लातेहार

जनता की भागीदारी से उत्पादन का दावा करने वाली एनटीपीसी की कथनी और करनी में अंतर दिख रहा है. मालूम हो कि एनटीपीसी, पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) और जेबीवीएनएल की ज्वाइंट वेंचर की होल्डिंग कंपनी है, जो जिले की बनहरदी कोयला खनन परियोजना में काम कर रही है. पिछले दो वर्षों से कंपनी द्वारा कोयला उत्खनन के लिए सर्वे और अन्य कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है.

पिछले 12 अक्टूबर को एनटीपीसी ने बंद कैंपस में अपने स्थापना दिवस पर नौवें रेजिंग डे उत्सव का आयोजन किया. आयोजन तो बड़े पैमाने पर हुआ, पर इसने न तो कोल ब्लॉक के कमांड एरिया की किसी जनता को पूछा गया और न ही उनके जनप्रतिनिधियों को ही. एक ओर एनटीपीसी ने जनता से दूरी बनाए रखी, तो दूसरी ओर उनके जनप्रतिनिधियों को भी दरकिनार ही कर दिया. जब कोल ब्लॉक कमांड एरिया के लोगों को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने कंपनी कर्मियों से पूछना शुरू किया कि आप जनभागीदारी की कंपनी होने का दावा कर रहे हैं, लाखों रुपए खर्च कर बड़े स्तर पर उत्सव भी मनाया, लेकिन जनता की भागीदारी शून्य रही. इस कार्यक्रम की चर्चा जिले में जोरों पर है.

### जन भागीदारी जीरो

- कमांड एरिया की जनता से बनायी दूरी, जनप्रतिनिधियों को भी पूछा तक नहीं
- **बनहरदी कोल परियोजना में चल रहा एनटीपीसी का कोयला खनन का काम**

**रात के अंधेरे में जनसुनवाई की खानापूर्ति हुई थी :** जनता की शून्य भागीदारी की जानकारी मिली, तो शुभम संदेश टीम ने इसकी गहन पड़ताल की, तो चौंकानेवाले तथ्य सामने आए. जेबीवीएनएल और पीवीयूएनएल की ज्वाइंट वेंचर वाली इस कंपनी में सिर्फ कतिपय लोगों को छोड़ कर आम जनता के साथ इनका किसी भी तरह का कोई समन्वय नहीं है.

**जनता के लिए नहीं, अफसरों के लिए था कार्यक्रम : जीएम :** एनटीपीसी के जीएम आरबी सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम जनता के लिए नहीं, बल्कि अफसरों के लिए था. इसमें सिर्फ अधिकारियों को बुलाया गया था. जनता के लिए अलग से कार्यक्रम होगा. विस्तृत जानकारी चाहिए, तो हमारे पीआरओ ही बता सकते हैं. कहा कि हमलोगों ने रेजिंग डे मनाया है, लेकिन यह एक कैंपस प्रोग्राम था. सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम था.

**बदलाव** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल करेंगे जे-गुरुजी ऐप लॉन्च, फ्री में होगा डाउनलोड


# सरकारी स्कूलों के क्लास भी होंगे स्मार्ट, ऑनलाइन पढ़ेंगे बच्चे

सत्य शरण मिश्रा। रांची

झारखंड पुरानी शिक्षा व्यवस्था से उबर कर अब डिजिटल युग में तेजी से कदम बढ़ाने लगा है. अब सरकारी स्कूलों के क्लास स्मार्ट होंगे. अटेंडेंस-असाइनमेंट को ऑनलाइन करने के बाद शिक्षा विभाग पढ़ाई की ऑनलाइन व्यवस्था करने जा रहा है. इसके लिए जे-गुरुजी ऐप तैयार किया गया है.

प्ले स्टोर पर ऐप को डाउनलोड करने के बाद बच्चों की क्लास मोबाइल में भी मौजूद होगी. बच्चे डिजिटल पढ़ाई करेंगे. सरकार ने निजी की तरह ही सरकारी स्कूलों में भी अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए जुलाई में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को जे-गुरुजी ऐप लॉन्च करके इसकी शुरुआत करेंगे.

### ऑडियो-वीडियो माध्यम से पढ़ेंगे बच्चे




जे-गुरुजी एप से बच्चे स्कूल में डिजिटल माध्यम से तो पढ़ाई कर ही सकेंगे, स्कूल के बाद घर में भी वे मोबाइल से ऑडियो-वीडियो माध्यम से पढ़ पायेंगे. ऑनलाइन क्लास का चलन कोरोना काल में शुरू हुआ. सभी प्राइवेट स्कूलों ने इसे अपनाया. अभी भी लंबी छुट्टियां होने पर बच्चों को स्कूल से ऑनलाइन क्लास दिया जाता है, लेकिन सरकारी स्कूलों में संसाधनों की कमी के कारण ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था नहीं हो पायी थी. अब हर घर में स्मार्टफोन उपलब्ध है. इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने एप के जरिये सरकारी स्कूल के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने की योजना बनायी है.

### क्या है जे-गुरुजी ऐप

जे-गुरुजी एप में कई फीचर्स हैं. एप में बच्चों की पढ़ाई का मूल्यांकन करने की भी व्यवस्था है. गलत उत्तर की व्याख्या करने और सही उत्तर देने की भी व्यवस्था की गयी है. नई तकनीक के साथ शुरू होने वाली शिक्षा को लेकर सरकारी स्कूलों में तैयारी शुरू कर दी गयी है. ऐप में ऐसी व्यवस्था की गयी है, जिससे बच्चों को सेल्फ स्टडी करने में कोई परेशानी नहीं होगी.

### खास बातें

- सरकारी स्कूलों के बच्चे भी करेंगे ऑनलाइन पढ़ाई
- **स्कूल के बाद घर में ऑडियो-वीडियो माध्यम से कर सकेंगे पढ़ाई**
- स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से बिल्कुल फ्री डाउनलोड होगा ऐप
- **पढ़ाई के साथ बच्चों के दिये उत्तर का भी होगा मुल्यांकन**
- ऐप का इस्तेमाल करने के लिए उसमें रजिस्ट्रेशन करना होगा
- **ऐप में हर स्कूल के लिए अलग-अलग कोड होगा**
- स्कूल, शिक्षक और मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग लॉगिन और पासवर्ड होगा

## अब आर-पार की लड़ाई होगी: सीएम

### 20 सालों तक जिन्होंने झारखंड को लूटा, आरोप हम पर लगाते हैं

शंभु कुमार। चाईबासा

पूर्व की सरकार ने राज्य को 20 सालों तक लूटा और आरोप हम पर लगा रहे हैं. हमें जितना डराया जाएगा, हम और मजबूत होंगे. ये बातें सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को गोइलकेरा में शहीद देवेंद्र माझी की 29वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहीं. कहा कि जब हम तेजी से चलने लगते हैं, तो हमें पीछे खींचने की कोशिश होती है.

उन्होंने भाजपा का बिना नाम लिए कहा कि 20 साल तक आपने सरकार चलाई और भ्रष्टाचारी हम हैं. हम इससे डरने वाले नहीं. अगर हमें जेल भेजा, तो जनता मजबूती से लोहा लेगी. अब आर -पार और सीधी लड़ाई होगी. सीएम ने कहा कि गांवों को बर्बाद करने वाली योजनाएं, नहीं लाने देंगे. उन्होंने कहा कि हम अपने सभी वादों को पूरा कर रहे हैं.



### हमने अपने वायदा पूरा किया

सीएम ने कहा की हमने अपना वायदा पूरा किया है. पिछली बार जब मैं आया था तो गोइलकेरा के सौंदर्यीकरण की बात कही थी. सौंदर्यीकरण हो गया है. हमारी सरकार जो बोलती है,पूरा करती है. मौके पर विधायक सुखराम उरांव, विधायक सविता महतो, विधायक निरल पूर्ति, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण के सदस्य भुवनेश्वर महतो, झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोमवारी बहांदा, झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम, जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, मोनिका बोयपाई, मानकी मुंडा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष गणेश पाट पिंगुवा के अलावा जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

अब 18 को दूसरे केंद्र पर होगी परीक्षा, एडमिट कार्ड का लिंक जारी, 28 सितंबर को ली गई थी परीक्षा

# जेएसएससी ने बदला डिप्लोमा स्तर परीक्षा का सेंटर

संवाददाता। रांची

झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अब दूसरे केंद्र पर ली जाएगी. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इस बाबत सूचना जारी कर दी है. वहीं आयोग ने कहा है कि परीक्षा 18 अक्टूबर को दूसरे केंद्र पर होगी. इस तारीख को होने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा. एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का लिंक भी आयोग ने जारी कर दिया है.

**क्यों बदला परीक्षा केंद्र :** झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 28 सितंबर को ली गई थी. रांची के शिवा इंफोटेक में भी यह परीक्षा ली गयी. यहां हुई परीक्षा के लिए पुर्जा पकड़े जाने के बाद आयोग ने यह निर्णय लिया. आयोग ने इस प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर एक अहम जानकारी दी है कि इस परीक्षा में वही परीक्षार्थी शामिल होंगे जिन्होंने 28 सितंबर को ली गई परीक्षा दी है. आयोग ने 28 सितंबर को शिवा इंफोटेक केंद्र पर दोनों पालियों (प्रथम पत्र एवं द्वितीय पत्र) की हुई परीक्षा को रद्द कर फिर से परीक्षा लेने का निर्णय लिया है. अब यह परीक्षा 18 अक्टूबर को दूसरे केंद्र पर आयोजित की जाएगी. केंद्र की जानकारी एडमिट कार्ड से मिलेगी.



### खास बातें

- आयोग ने कहा, 18 अक्टूबर को दूसरे केंद्र पर होगी परीक्षा
- वही देंगे परीक्षा जो 28 सितंबर परीक्षा में हुए थे शामिल

**परीक्षा हुई रद्द :** बता दें कि आयोग ने इस केंद्र पर 28 सितंबर को दोनों पालियों (प्रथम पत्र एवं द्वितीय पत्र) की हुई परीक्षा को रद्द कर दिया है. आयोग ने अपरिहार्य कारण बताते हुए उक्त केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द किया. हालांकि बताया जाता है कि उक्त केंद्र पर हुई परीक्षा में एक अभ्यर्थी के पास पुर्जा पकड़ा गया था.

### इन पदों पर होगा चयन

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में कुल 1562 पदों के लिए परीक्षा ली जाएगी. जिसमें पदवार रिक्तियों की संख्या इस प्रकार है. जूनियर इंजीनियर के 1436 पद, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के 44 पद, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के 55 पद, पाइप लाइन इंस्पेक्टर के 16 पद हैं. हालांकि इन पदों में कनीय अभियंता का पद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास विभाग के लिए है.

## मैनेजमेंट की पांच छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में शनिवार को कैंपस सेलेक्शन में पांच छात्राओं का चयन बजाज कैपिटल में हुआ. कैंपस सेलेक्शन का आयोजन विवि के प्रबंधन विभाग के द्वारा किया गया था. चयनित पांच छात्राओं में निकिता शर्मा, खुशबू कुमारी, श्रुति सिंह, शीतल शर्मा एवं सिमरन कुमारी शामिल हैं. सफल छात्राओं को बधाई देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. मुनमुन शरण ने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है. प्रबंधन विभाग शत प्रतिशत प्लेसमेंट की प्रतिबद्धता की ओर एक कदम आगे बढ़ा है. इसके पूर्व भी विभाग के छात्रों को मल्टीनेशनल कंपनियों में बेहतर पैकेज के साथ प्लेसमेंट मिला है.

## आपकी बात

"कोई परिश्रम नहीं किया है, बल्कि एक फौज तैयार की गई है, जो लाचार व गरीब मरीजों को रक्त देती है."



**नाम : बप्पी करण**
**पद : कोचिंग के मार्गदर्शक सह सामाजिक कार्यकर्ता**
**जन्मस्थल : हजारीबाग**
**कार्य क्षेत्र : हजारीबाग**

समाज में कई ऐसे लोग हैं जो अपनी व्यस्त जिंदगी से कुछ पल समाज के लिए भी निकालते हैं. उनमें से एक नाम हजारीबाग निवासी बप्पी करण का है. शहर के रामनगर न्यू कॉलोनी निवासी बप्पी जेपीएससी समेत अन्य पीसीएस के लिए कोचिंग देते हैं. दरअसल बप्पी तीन बार जेपीएससी परीक्षा का इंटरव्यू दे चुके हैं और चार बार जेपीएससी मेंस की परीक्षा में बैठे हैं. जब कामयाबी नहीं मिली, तो उन्होंने तय किया कि अब वैसे छात्र जो पीसीएस की तैयारी कर रहे हैं उनका मार्गदर्शन करेंगे. इस बाबत ऑनलाइन निःशुल्क यूट्यूब चैनल के जरिए बच्चों को मार्गदर्शन भी दे रहे हैं. ईडी- साइन करण सर के नाम यूट्यूब चैनल चलता है. इसमें आज के समय में सैकड़ों बच्चे उनसे मार्गदर्शन ले रहे हैं. अलग ही सोच रखने वाले बप्पी युवा समाजसेवी के नाम से भी हजारीबाग में जाने जा रहे हैं. कोविड काल के दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया था, जो आज भी जारी है. इसे लेकर उन्होंने रक्तदाताओं की लंबी सूची तैयार की है. जब किसी को भी रक्त की आवश्यकता पड़ती है, तो लोग उनसे मदद मांगते हैं. बप्पी रात में भी मरीज को रक्त उपलब्ध करवा देते हैं. वह कहते हैं कि इसके लिए उन्होंने कोई परिश्रम नहीं किया है, बल्कि एक फौज तैयार की गई है, जो लाचार व गरीब मरीजों को रक्त देता है. यही नहीं इन दिनों वह शहर में भूखे को भोजन और प्यासे को पानी मुहिम चला रहे हैं. इसमें समाज के लोगों से ही मदद लेते हैं और अपने घर पर खाना बना कर गरीब और लाचार मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भोजन करवाते हैं. उनकी गाड़ी में हमेशा भोजन मिल जाएगा.

### ब्रीफ खबरें

## बच्चों को थ्री डी मॉडल से समझाया गणित

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा टुंडी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलमा में कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यार्थियों को थ्री डी मॉडल के जरिए गणित व विज्ञान के कठिन ज्यामितीय अवधारणाओं को सामान्य तरीके से समझाने का प्रयास किया गया. कार्यशाला में उपस्थित प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रो. रश्मि सिंह और प्रो. नीलाद्री दास ने बताया कि विज्ञान की चुनौती पूर्ण अवधारणाएं को 3-डी मॉडल से आसानी से समझाया जा सकता है. जिससे कि विद्यार्थियों के बीच गणित और विज्ञान के प्रति जो अवसाद है उसे दूर किया जा सके.

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया सफाई अभियान

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के एलबीएसएम कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने शनिवार को कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया. इस क्रम में कैडेट्स ने कॉलेज कैंपस में गेंदा एवं अन्य फूलों के पौधे रोपे. इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने सभी कैडेट्स को बधाई दी एवं अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि एलबीएसएम कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स लगातार अच्छा कार्य कर रहे हैं. इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी प्रो रितु, रुसा को-ऑर्डिनेटर डॉ. विनय कुमार गुप्ता, अनिल मार्डी, राजो मानी बेसरा, पंडित हांसदा, प्रदीप कुमार, लासो किस्कू, विनय कुमार समेत एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे.

संत जेवियर्स स्कूल में लगी बहुआयामी द्विवार्षिक प्रदर्शनी

# बच्चों की कल्पनाओं ने भरी उड़ान

संवाददाता। हजारीबाग

संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग में शनिवार को परवाज कार्यक्रम के तहत बच्चों की कल्पनाओं ने वैज्ञानिक उड़ान भरी. इस बहुआयामी द्विवार्षिक प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित 198 मॉडल बना अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इनमें विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य, गणित, भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी के एक-से बढ़कर एक मॉडल शामिल थे. विज्ञान के क्षेत्र में ट्रेन की टीआई दुर्घटना को रोकने से संबंधित मॉडल, वेस्ट मैनेजमेंट आदि नमूने दिखाए गए. अंग्रेजी के प्रतिरूप में शब्दकोश पर आधारित खेल का टीआई नमूना अत्यधिक आकर्षक था. गणित के क्षेत्र में पाइथागोरस थ्योरम, प्रो पर्सनालिटी थ्योरम, कॉरिडेट ज्यामिति आदि तथा कंप्यूटर में सूचना प्रौद्योगिकी में आधुनिकीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित ऐप को कोडिंग किया गया था.

**बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी :** इससे पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विनोबाभावे यूनिवर्सिटी के यूसीईटी के निदेशक प्रो. डॉ. ए. के. साहा, और एंडोस्कॉपिक और विशिष्ट अतिथि लैप्रोस्कॉपिक के सर्जन डॉ. अमर कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य फादर रोशनर खलखो एस. जे, फादर रंजीत और सिस्टर करुणा के साथ किया. फिर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. अतिथियों और प्राचार्य ने बच्चों का उत्साह बताया. वहीं डॉ. देवव्रत मित्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. स्कूल एंथम के साथ प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ.





### वाणिज्य में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा नजर आई

वाणिज्य के क्षेत्र में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा नजर आई. कठपुतली पर आधारित प्रतिरूप सबके आकर्षण का केंद्र रहा. सामाजिक विज्ञान में जियो पॉलिटिक्स, ऐतिहासिक विकास में आधुनिक नवाचार, ग्रीन सिटी, सतत् पोषणीय विकास आदि से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए. वाणिज्य में क्रिप्टो करेंसी को दर्शाया गया. कक्षा चार और पांच के बच्चों ने आकर्षक हस्तकला प्रस्तुत किए. प्रदर्शनी में कक्षा 4 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. यह प्रदर्शनी ''गो ग्रीन'' विषय पर आधारित थी. मुख्य आकर्षण यह था कि मॉडल जैव निम्नीकरणीय सामग्रियों से बने थे और इनमें प्लास्टिक या थर्मोकोल का कोई उपयोग नहीं किया गया था.

## मैथन : स्कूल ऑफ लर्निंग में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**मैथन ।** कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी रहमत नगर स्थित स्कूल ऑफ लर्निंग में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला लगा. मुखिया मलका मेहर निगार द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया. मौके पर जिप सदस्य गुलाम कुरैशी मुख्य रूप से उपस्थित थे. उन्होंने बच्चों के विज्ञान प्रदर्शनी को देख काफी सराहा. प्रदर्शनी में प्रदूषण नियंत्रण, चंद्रयान-3, रैन हार्वेस्टिंग, ग्लोबल वार्मिंग, लिवर, स्वच्छ पानी आदि शामिल थे. मुखिया व जिप सदस्य ने कहा कि छोटे से कस्बे में स्थित इस स्कूल के बच्चों की विज्ञान प्रदर्शनी काबिले तारीफ है. हमसभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है. प्रदर्शनी को सफल बनाने में इसरार आलम, शाहीन बानो, तराना परवीन, मो. खालिद खान, आइ जेड खातून, उत्पल राय आदि का सराहनीय योगदान रहा.

## समाज के लिए विज्ञान फायदेमंद : प्रमाणिक

**सिंदरी।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सह विख्यात वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के 92वें जन्मदिन के एक दिन पूर्व मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी में विज्ञान के फायदे और मनुष्यों व जानवरों को हो रहे नुकसान को प्रतिकृति के रुप में दर्शाया गया था. प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने 53 विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई थी.

प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट (उत्पादन) सह प्रतिनिधि सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि विज्ञान के उपकरणों के अपने फायदे हैं. देश और समाज के लिए विज्ञान फायदेमंद है. उन्होंने बताया कि रोबोट इसका ज्वलंत उदाहरण है. समाजसेवी सह विद्यालय संरक्षक अंबुज मंडल ने कहा कि सिंदरी के अन्य प्राइवेट स्कूलों में मदर टेरेसा स्कूल अलग है. स्कूल परिवार गरीब बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए निःशुल्क शिक्षा देता है. छात्र-छात्राओं ने भी विज्ञान के फायदे और नुकसान की चर्चा की. बीआईटी सिंदरी निदेशक प्रो. पंकज राय ने विज्ञान से बच्चों को दूरगामी परिणाम आने की जानकारी दी. उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया. जन अधिकार मंच अध्यक्ष सह शिक्षाविद रंजीत कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित थे. मौके पर हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट (उत्पादन) सुरेश प्रमाणिक, बीआईटी सिंदरी निदेशक प्रो. पंकज राय, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता, समाजसेवी अंबुज मंडल, जन अधिकार मंच अध्यक्ष रंजीत कुमार, मासस वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद, लोजपा (रा) युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, कांग्रेस नेता प्रशांत कुमार दुबे, मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद, सविमं सिंदरी शिक्षक रागेश प्रसाद सिंह सहित छात्र उपस्थित रहे.

## तनाव ना पालें, सकारात्मकता ही विजेता की पहचान : चौहान



संवाददाता। भुरकुंडा

शनिवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल भदानीनगर और सौंदा हाई स्कूल में खुशी क्लास का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान और खुशी दूत डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें. चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है. खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं. तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते. मौके पर खुशी दूत संदीप कुमार शाह सहित फेंडामेंटल स्कूल के प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा, रीता देवी, रंजना देवी, रूपम निर्भया, प्रियंका ओझा, साइमा, स्नेह, जूही, रूपम कुमारी, प्रियंका कुमारी, हरे राम, मोनिका, सौंदा हाई स्कूल के प्राचार्य अनुज कुमार खत्री, उदय भान सिंह, सरफराज अहमद, सतीश कुमार, सत्यदेव सिंह, ऋषव रॉय, रामानुज कुमार मिश्रा, मजदूर नेता संजय यादव आदि मौजूद थें.

### खुशी क्लास

- खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित हुई खुशी क्लास
- खुशी दूत डॉ. संजय कुमार सिंह ने बच्चों को दी प्रेरणा

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी

# डिजिटल परिवर्तन है महत्वपूर्ण

संवाददाता।जमशेदपुर

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के एमबीए विभाग में शनिवार को एनआईआईटी नौकरियों के लिए करियर काउंसेलिंग के उद्देश्य से ''स्टूडेंट कनेक्ट सेशन'' का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने की. उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में एनआईआईटी के महाप्रबंधक साहिल गुलेरिया, क्षेत्रीय प्रबंधक हसीन अहमद और यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू डॉ. किश्वर आरा उपस्थित थीं. अतिथियों एवं यूनिवर्सिटी के संकायाध्यक्षों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. साहिल गुलेरिया ने छात्रों को नौकरी के प्रत्येक आयाम के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि भारत का युवा भविष्य का नेतृत्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलु है. हसीन अहमद ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और बताया कि ज्ञान का अनुप्रयोग शक्ति के लिए महत्वपूर्ण है. साथ ही उन्होंने निजी बैंकों में नौकरी बढ़ती मांग के बारे में बताया. उन्होंने बेहतर जीवन के लिए डिजिटल परिवर्तन को महत्वपूर्ण बताया.



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्राएं.

## व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक : अनिल

संवाददाता। कोडरमा

चेचई, चाराडीह स्थिति विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सीसीए करिकुलम के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा नर्सरी से चतुर्थ तक के सभी बच्चे व बच्चियों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा व उत्सुकता देखने को मिली. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त समृद्धि कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त सोनम कुमारी एवम तृतीय स्थान प्राप्त कनक कुमारी को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर निर्देशक अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां एक ओर बच्चों के अंदर उत्साह बढ़ता है. कार्यक्रम में प्राचार्य राधेश्याम पंडित सह निदेशिका खुशबू गुप्ता शिक्षक राहत अली, उत्तम कुमार, राजीव रंजन, चंदन कुमार चौधरी, अनुपम कुमार दास एवम शिक्षिका सुचित्रा सिन्हा, रानी देवी, रिंकी देवी, पूजा यादव, निशा भारती, सुनंदा पाठक व द्रक्षा प्रवीण इत्यादि उपस्थित थे.



# डीनोबली में अचीवर्स डे का जश्न

संवाददाता। मैथन

मैथन डीनोबली स्कूल मैथन में शनिवार को अचीवर्स डे मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डीनोबली स्कूल के डायरेक्टर फादर माइकल पी. फर्नांडिस, स्कूल के प्राचार्या शुक्ला चौधरी एवं उप प्राचार्य ओमियो चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और रॉबर्ट डी नोबली के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. डीवीसी मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में आना था, लेकिन विभागीय काम से उन्हें डीवीसी मुख्यालय कोलकाता जाना पड़ा, जिसके कारण वे नहीं आ सके लेकिन उन्होंने बच्चों के लिए अपना संदेश भेजा था, जिसे कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया. मौके पर विशिष्ट अतिथि फादर फर्नांडिस ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए अपना विचार व्यक्त किया. स्कूल के प्राचार्या शुक्ला चौधरी ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया. प्राचार्या चौधरी ने विशिष्ट अतिथि सहित अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया. उप प्राचार्य ओमियो चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. कार्यक्रम में डीवीसी के अधिकारी राकेश रंजन, अनुपम साहा, मुगमा डीनोबली स्कूल के प्राचार्या शर्मिष्ठा मजुमदार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे.



क्लासिफाइड




## डॉन बास्को स्कूल के डायरेक्टर का निधन

**निरसा ।** डॉन बास्को स्कूल के डायरेक्टर बिंदी सिंह का हृदयगति रुकने के कारण शनिवार को उसका निधन हो गया. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने उनके आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया. उनके साथ राजू झा, भोलानाथ साहनी, तापस गोस्वामी इत्यादि मौजूद थे.




**कार्यक्रम** बच्चों को सफाई का महत्त्व एवं मिलजुल कर रहने के फायदे समझाये

# बच्चों ने किया अपनी प्रतिभाओं का उम्दा प्रदर्शन

संवाददाता ।कोडरमा

डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में सतत विकास प्रक्रिया के अंतर्गत कक्षा एलकेजी से दूसरी के बीच बच्चों के बीच सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया. जिसमें बच्चों को सफाई का महत्त्व एवं मिलजुल कर रहने के फायदे समझाये गये. बच्चे अच्छा भोजन जैसे मिठाई, सलाद तथा स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन लाकर अपने दोस्तों के साथ साझा कर खाए. साथ ही स्वच्छता का पालन करने के लिए बच्चे पेपर नैपकिन, पेपर साबुन का प्रयोग करें. साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं. हमें साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए. कक्षा तीसरी से पांचवी के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चों ने अपना जलवा बिखेरा.



**आरोही गुप्ता और रामकृष्ण सदन की कुमुद सिंह रहे प्रथम :** बच्चों ने जी20 शिखर सम्मेलन, चंद्रयान, डिजिटल इंडिया, मास्क, किसान, भारत जैसे विविध विषयों को अपने परिधान द्वारा प्रदर्शित किया. जिसमें राजाराम सदन की आरोही गुप्ता और रामकृष्ण सदन की कुमुद सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय स्थान पर राजाराम सदन की प्रित्यांशा, दयानंद सदन के अद्विक और लावण्या रहे. तृतीय स्थान दयानंद सदन की आयुषी वर्णवाल और रामकृष्ण सदन के अर्णव संघयी ने प्राप्त किया. निर्णायक की भूमिका शिल्पी गुप्ता ने निभाई. कक्षा छठी से आठवीं के बीच विंड चाइम निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें रामकृष्ण सदन की आयुषी कुमारी, दयानंद सदन की अतिशा वर्णवाल प्रथम स्थान पर रहीं. द्वितीय स्थान दयानंद सदन के सौरभ यादव, राजाराम सदन की आन्या यादव, रामकृष्ण सदन की दीपिका शर्मा ने प्राप्त किया. तृतीय स्थान पर दयानंद सदन की आयुषी प्रिया, अनमोल यादव राजाराम मोहन सदन की समृद्धि सिन्हा, दीपांशु कुमार रहे. निर्णायक की भूमिका लक्ष्मी कुमारी ने निभाई.

### खास बातें

- तीसरी से पांचवी के बच्चों के बीच हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता
- कक्षा छठी से 8वीं के बीच हुई विंड चाइम निर्माण प्रतियोगिता

### वालीबॉल प्रतियोगिता में रामकृष्ण सदन विजयी

कक्षा नवमी के छात्रों बीच हुई वालीबॉल प्रतियोगिता जिसमें दयानंद सदन और रामकृष्ण सदन के छात्रों ने भाग लिया. रामकृष्ण सदन विजयी रहा. वॉलीबॉल खेल का संचालन अनिल कुमार और कामेश्वर कुमार की देख-रेख में संपन्न हुआ. इन सभी प्रतियोगियों की प्रतिभा को देखकर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए. उन्होंने कहा इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है. बच्चे विविध विषयों के ज्ञान प्राप्त करते हैं. उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह और महजबी प्रवीण की सराहना की.

## करीम सिटी कॉलेज में भूगोल के छात्रों ने कई ज्वलंत मुद्दों पर की चर्चा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में शनिवार को विद्यार्थी संगोष्ठी का किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. आले अली, सहायक शिक्षिका डॉ. फरजाना अंजुम, प्रो. डॉ. पसरुल इस्लाम, दर्शनशास्त्र के शिक्षक डॉ. अब्दुल लतीफ मंडल एवं भूगोल विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे. प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज ने कहा कि संगोष्ठी, कार्यशालाएं और प्रस्तुतियां छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं, यह उन्हें मूल्यांकन करने, वर्तमान घटनाओं पर अपडेट रहने आदि में सक्षम बनाते हैं. संगोष्ठी में प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी.इसमें सबसे पहले मिस्बा अली ने तटीय तलरूप विषय पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया.

## शारदीय नवरात्र

### प्रथम शैलपुत्री



वंदे वांछित लाभाम
चंद्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्री
यशस्विनीम्॥

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन नवदुर्गा यात्रा क्रम में प्रथम देवी शैलपुत्री के दर्शन-पूजन का विधान है.

**स्वरूप :** आदि शक्ति ने अपने इस रूप में शैलराज हिमालय के घर जन्म लिया था, इसी कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा. शैलपुत्री नंदी नाम के वृषभ पर सवार होती हैं और इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है.

**पूजा विधि :** मां शैलपुत्री की तस्वीर स्थापित करें और उसके नीचे लकडी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं. इसके ऊपर केशर से शं लिखें और उसके ऊपर मनोकामना पूर्ति गुटिका रखें. इसके बाद हाथ में लाल पुष्प लेकर शैलपुत्री देवी का ध्यान करें और मंत्र बोलें- 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाय विच्चे ओम् शैलपुत्री देव्यै नमः.'

– डॉ विनय कुमार पांडेय

# गोड्डा को जल्द नई ट्रेनों की सौगात : निशिकांत

संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा से देवघर बाया सरैयाहाट नई रेल लाइन पर जल्द ही नई ट्रेनों का परिचालन आरंभ कर दिया जाएगा.

सांसद निशिकांत दुबे ने इस संबंध में बताया कि हंसडीहा देवघर नवनिर्मित रेल लाइन का उद्घाटन पीएम के हाथों किया जाना है. त्योहार के बाद संभवत अगले महीने कोई भी डेट फाइनल हो जाए. गोड्डा स्टेशन को कई नई ट्रेन मिलेगी तो कई ट्रेनों को गोड्डा तक विस्तार दिया जाएगा.

हंसडीहा से देवघर लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा कर लिया



गया है. कुछ छोटे-छोटे काम बचे हुए थे, जिसे अब पूरा कर लिया गया

### खास बातें

- पीएम के हाथों होगा हंसडीहा देवघर रेल लाइन का उद्घाटन
- हंसडीहा–दुमका सड़क मार्ग के ऊपरी पुल के काम में तेजी
- कई ट्रेनों का विस्तार गोड्डा तक किया जाएगा

है. हंसडीहा दुमका सड़क मार्ग पर ऊपरी पुल बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है. इस पुल के निर्माण हो जाने के बाद ट्रेन क्रॉसिंग में यात्री वाहनों को नहीं रोका जाएगा. बल्कि सभी वाहन ऊपरी पुल से निकल जायेंगे. हंसडीहा लाइन चालू हो जाने के बाद गोड्डा रेल लाइन का सीधा कनेक्शन मेन लाइन से हो जाएगा. जिसका सर्वाधिक लाभ गोड्डा हंसडीहा के लोगो को मिलेगा. अभी गोड्डा से देवघर जाने के लिए बाया दुमका लाइन का उपयोग किया जा रहा है,जो अधिक दूरी के साथ ही बहुत उपयोगी नहीं है. देवघर लाइन से जुड़ने के बाद संभव है कि लंबी दूरी की गाड़ियां जो देवघर जसीडीह से खुलती हैं, उसका विस्तार गोड्डा तक कर दिया जाएगा.

## किसान महासभा की बैठक में समिति गठित

**कोडरमा ।** जयनगर भाकपा माले के संगठन अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक जयनगर पार्टी कार्यालय में किसान महासभा जिला संयोजक मुन्ना यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता उपस्थित थे.इस दौरान किसान महासभा की 11 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया. कमेटी में असगर अंसारी, चांद अख्तर इस्लाम अंसारी, मरकच्चो प्रखंड से अशोक यादव, सरजू यादव, जुगल यादव, डोमचांच प्रखंड से कृष्णकांत मेहता, राजेंद्र साव, कोडरमा प्रखंड से सरजू साव को शामिल किया गया.

## आओ जानें

### टुंडी से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | राजद | सबा अहमद |
| 2005 | झामुमो | मथुरा प्रसाद महतो |
| 2009 | झामुमो | मथुरा प्रसाद महतो |
| 2014 | आजसू | राजकिशोर महतो |
| 2019 | झामुमो | मथुरा महतो |



## कैश कांड के आरोपी तीनों विधायकों को अभी नहीं मिली है राहत,

# कांग्रेस से हुए निलंबन मुक्त, फिर भी राहत नहीं

संवाददाता। रांची

कैश कांड के आरोप में फंसे कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी के लिए अभी परेशानियां कम नहीं हुई है. तीनों विधायकों पर चल रहे दलबदल के मामले को पार्टी ने अबतक वापस नहीं लिया है. कांग्रेस ने भले ही निलंबन वापस ले लिया हो और तीनों नेताओं को क्लीन चिट दे दी हो, लेकिन पार्टी विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की शिकायत पर इन विधायकों पर दलबदल की तलवार लटक रही है.

**दलबदल पर नहीं मिली है राहत :** अब तक कांग्रेस पार्टी की तरफ से दलबदल मामले को वापस लेने से संबंधित कोई पत्र नहीं है. तीनों विधायक भले ही कांग्रेस पार्टी से निलंबित होने के बाद दोबारा पार्टी में आ गये हैं, लेकिन दलबदल मामले को लेकर अब भी यह परेशानी में घिरे हैं. पार्टी की ओर से इन तीनों विधायकों के खिलाफ चल रहे दलबदल मामले को वापस लेने से संबंधित कोई पत्र नहीं भेज रहा है.

**3 महीने पहले हुए निलंबन मुक्त :** 3 महीने पहले तीनों विधायकों का निलंबन वापस लिया गया था. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीनों विधायकों को निलंबन मुक्त करने की सहमति प्रदान की है. तत्काल प्रभाव से तीनों का निलंबन वापस लिया जा रहा है.



इरफान अंसारी



राजेश कच्छप



नमन विक्सल कोंगाडी

### खास बातें

- दलबदल के मामले को पार्टी ने वापस नहीं लिया है
- आलमगीर की शिकायत पर लटक रही तलवार

### निलंबन के वक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष क्या कहा था

इस मामले में जब पत्रकारों ने पूछा कि आप लोगों ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. कोर्ट इस पर जो इशारा कर रहा था, वह आप सभी के सामने है. एफआईआर का मतलब जो पहली सूचना मिली थी उस आधार पर कार्रवाई हुई थी. इन्होंने सार्वजनिक रूप से और पार्टी के सामने भी अपनी बात रखी है. अब पार्टी ने निलंबन मुक्त करने का फैसला लिया है.

### कई महीनों से नहीं हुई है सुनवाई

स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो के न्यायाधीकरण में इस मामले में सुनवाई हो रही है. कोलकाता में इन विधायकों को नोटिस भेजा गया था. इस मामले की ऑनलाइन सुनवाई हुई है. आरोप के बिंदुओं पर बहस हुई है. हालांकि इन विधायकों पर सुनवाई को लेकर कई महीनों से नयी तारीख नहीं दी गयी है.

### पार्टी ने किया था निलंबित

31 जुलाई 2022 को कैशकांड मामले में पार्टी ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया था. ये तीनों प. बंगाल में 49 लाख कैश के साथ पकड़े गये थे. तीनों विधायक 3 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से दिल्ली में मिल चुके थे. इसके बाद से ही संकेत मिल रहे थे कि तीनों का निलंबन वापस होगा. विधायक डॉ इरफान अंसारी ने केसी वेणुगोपाल को पूरे मामले से अवगत कराया था.

# आजाद समाज पार्टी में सैकड़ों शामिल

संवाददाता ।जमशेदपुर

जमशेदपुर के आजादनगर स्थित चुना शाह कॉलोनी में शनिवार को आजाद समाज पार्टी (का.) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया. इस दौरान सैकड़ों नौजवानों और बुजुर्गों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार सुरजीत सिंह ने कहा कि देश में आज नफरत का जो माहौल है, उसको खत्म करने के लिए सारे शोषित और वंचित समाज को एक होना होगा. उन्होंने सारे शोषित वंचित समाज को एक होकर लड़ने का आह्वान किया.पार्टी के वरिष्ठ नेता नईम खान ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा लिखा संविधान सबको बराबरी देने की बात करता है, हमारी पार्टी जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत पर काम करती है और इसी सिंद्धांत पर हम झारखंड में सारे समाज के लोगों को हिस्सेदारी देने के लिए आये हैं. वहीं मुहम्मद खलील ने कहा कि आजाद समाज पार्टी सारे मजलूमों की पार्टी है, इसबार झारखंड में बदलाव आएगा.



सदस्या अभियान में मौजूद लोग.

### कांशीराम साहब के आदर्शों पर बनी पार्टी : काशिफ

मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि यह आजाद समाज पार्टी बाबा साहब और कांशीराम साहब के आदर्शों पर बनी पार्टी है, जो इस देश के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख, ईसाई, बुद्दिष्ट, जैन और सारे मज़लूमों को हक़ और अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ती हैं. हम झारखंड में यहां के शोषित वंचित समाज को राजनीति में हिस्सेदारी दिलाने आये हैं, झारखंड प्रदेश में मुख्यमंत्री तो आदिवासी समाज से हैं पर उन्होंने पिछले 4 साल में आदिवासी समाज के लिए कुछ भी नहीं किया, झारखंड में आदिवासी, दलितों, पिछड़े और मुसलमानो की स्थिति जस की तस है. सदयस्ता लेने वालों में मुख्य रूप से शोएब आलम, मुहम्मद शमीम, ज़ाहिद खान, आलोक महातो, शैलेश महातो, परमवीर टुडू, सय्यद आसिफ, नियाज़ आलम, मुहम्मद तौसीफ, समीर मुखी, काशिफ अहमद, आरिश अख्तर, समीर, मिन्हाज, मुहम्मद फैजान, दिलीप मुर्मु, गणेश रजक और कई साथी शामिल हुए.

## चाईबासा में भी एमडी का पुतला दहन किया

**चाईबासा ।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन झा के नेतृत्व में चाईबासा के पोस्ट ऑफिस चौक के पास शनिवार को भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने पर झारखंड ऊर्जा संचरण निगम (जेयूएसएनएल) के एमडी केके वर्मा का पुतला दहन किया गया. साथ ही हेमंत सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई. हेमंत सरकार मुर्दाबाद, अफसरों होश में रहो के नारे लगाए गए.

# केके वर्मा के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

संवाददाता रांची।

भाजपा युवा मोर्चा ने रांची में उर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया और डोरंडा के कुसई चौक में पुतला फूंका. युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रोमित सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया. इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं. केके वर्मा जेएमएम का एजेंट बनकर बाबूलाल मरांडी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं. इस तरह के अधिकारी भ्रष्टाचार में लगे रहते हैं और अपनी गलती छिपाने के लिए चोरी के बाद सीनाजोरी करते हैं. लेकिन भाजपा राज्य में होने वाली हर गड़बड़ी के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी. ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाने का भी काम किया जाएगा. वहीं रोमित नारायण ने कहा कि केके वर्मा को तुरंत बाबूलाल मरांडी से माफी मांगनी होगी.

## ब्रीफ खबरें

### चंदवा में समाजसेवी की पुण्यतिथि मनी

**चंदवा।** शौंडिक जायसवाल समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू के पूज्य पिताजी स्वर्गीय रमाशंकर साहू की प्रथम पुण्यतिथि साहू के आवास परिसर में शनिवार को मनायी गई. इस दौरान सर्व प्रथम स्वर्गीय रमाशंकर साहू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. उसके बाद उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया गया.मौके पर समाज के राम नाथ गुप्ता , नरेश गुप्ता, मुरली प्रसाद साहू,रमेश प्रसाद,दिनेश प्रसाद, राजेश साहू,राम करण साहू, धनेश प्रसाद ,महेंद्र साहू, तुलसी साहू, जमुना जायसवाल, गोपाल जायसवाल,अनिल कुमार साहू, प्रशान कुमार उपस्थित थे.

### अधिकारी अपनी जिम्मेवारी समझें

**धनबाद ।** जिले में विकराल रूप ले रही जनसमस्याओं का कारण विभागीय अधिकारी हैं. अगर हर विभाग के अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेवारी समझ लें तो जिले की जनता को जनसमस्याओं से निदान मिल जाएगा . उक्त बातें धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने शनिवार को धनबाद के रणधीर बर्मा चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर के जिलाअध्यक्ष अमलेश सिंह के तत्वावधान में दिये जा रहे धरने के दौरान कही. उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन शुरू होते जिला प्रशासन जर्जर सड़क, पानी ,बिजली ,ट्रैफिक जाम की समस्या को दुरुस्त करने में लगा है.

### गढ़वा में भ्रष्टाचार और अपराध बढ़े हैं

**गढ़वा।** रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में भ्रष्टाचार और अपराध सर चढ़कर बोल रहा है. आए दिनों अपहरण, बलात्कार, बालू लूट और गरीबों की जमीन लूटने का सिलसिला जारी है. भैया जी तो जेल जाएंगे ही, पर कई पदाधिकारी जो उनके ही इशारे पर कठपुतली बने हुए हैं, भाजपा ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारीयों की भी सूची बना रही है. ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी की भी असली जगह भईया जी के साथ जेल में ही होगी. पूर्व विधायक ने कहा कि भैया जी बोलते हैं कि हमारी सरकार भी आदिवासी एवं दलितों को समर्पित है, लेकिन उनका झूठा चेहरा बेनकाब हुआ है.

### बुरुडीह डैम में नौका परिचालन का उद्घाटन

**घाटशिला।** मुराहिर जलाशय (बुरुडीह डैम) में नौका परिचालन का शनिवार को विधायक रामदास सोरेन, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू व एसडीओ सत्यवीर रजक ने फीता काटकर उद्धघाटन किया. इसके बाद अतिथियों ने नौका विहार का आनंद लिया. विदित हो कि लंबे समय के बाद डैम में नौका परिचालन शुरू हुआ है. नौका परिचालन नहीं होने के कारण पर्यटकों को निराशा हो रही थी. इसके आलावा सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा था. इस बार विभाग द्वारा नौका परिचालन हेतु आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी है.

## प्रेस की स्वतंत्रता पर हमले के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रतिवाद

# तानाशाही बर्दाश्त नहीं : माले

संवाददाता। गिरिडीह

सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ उठने वाली विरोध की आवाज और स्वतंत्र पत्रकारिता पर हमले के खिलाफ चल रहे 9 से 15 अक्तूबर के प्रतिवाद अभियान के क्रम में शनिवार को गिरिडीह झंडा मैदान में भाकपा माले ने एक प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जब केंद्र सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सकी, तो जनता पर ही हमलावर हो गई है. सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ पूरे देश में उबाल है. अधिकांश मीडिया सरकार के बचाव में खड़ी है और अगर कोई सरकार के खिलाफ बोलने-लिखने की कोशिश करता है, तो उसपर भी हमले शुरू हो जाते हैं. न्यूज क्लिक के पत्रकारों पर हुई कार्रवाई इसी की




एक कड़ी है.

कहा गया कि इसके बावजूद सरकार की गलत नीतियों और तानाशाही रवैए के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा. देश के किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, बुद्धिजीवी, निष्पक्ष पत्रकार आदि सब-के-सब केंद्र सरकार से आहत हैं. सब को मिल-जुलकर इस तानाशाही सरकार के खिलाफ संघर्ष में उतरना होगा. मौके पर मेहताब अली मिर्जा, पंकज वर्मा,

### खास बातें

- केन्द्र सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं
- केन्द्र की गलत नीतियों के खिलाफ पूरे देश में उबाल

शंभू तुरी, बालेश्वर तुरी, रीतलाल दास, कैलाश तुरी, बिनोद विश्वकर्मा, कामेश्वर महतो, छोटू कुमार राना, शशिकांत सौरभ व अन्य मौजूद थे.

# राज्य में परिवर्तन की जरुरत है : सुदेश महतो

प्रमुख संवाददाता। रांची

हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में शनिवार को झामुमो, कांग्रेस नेताओं समेत सैकड़ों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा. मौके पर पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान स्थिति में राज्य में परिवर्तन की आवश्यकता है. युवा परिवर्तन का वाहक बनें. राज्य के नव निर्माण के लिए युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी. पार्टी के हर कार्यकर्ता जनता के बीच अहम भूमिका सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार ने पदाधिकारियों की भूमिका को बदल दिया है. उनकी कार्य प्रणाली के साथ-साथ आचरण भी बदल गया है. इनको मूल जिम्मेदारी से हटा कर दूसरे कार्यों में लगा दिया गया है. जिसका सीधा असर आम जनता पर हो रहा है. लोग इससे परेशान हैं.

**ये हुए आजसू में शामिल :** कांग्रेस नेता मनोज कुमार, पिंटू कुमार, मोहम्मद शाहिद, सुनील राणा,



राजेन्द्र राणा, ज्योति देवी, संध्या कुमारी, संजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, चंचला कुमारी, आशा लता, आशा कुमारी, रिंकी कुमारी, मंती देवी, राहुल कुमार, सुलेन्द्र कुमार, फुलेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, मिथिलेश कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार, नीतीश कुमार, विंकेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली. मिलन समारोह में आंदोलनकारी नेता देवशरण भगत, वरीय नेता रोशनलाल चौधरी, सतीश

### खास बातें

- झामुमो, कांग्रेस के नेताओं ने थामा आजसू का दामन
- राज्य के युवा परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं

कुमार, पूर्व विधायक अकील अख्तर, गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

### क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा : बिजेंद्र कुमार

मिलन समारोह में बड़कागांव से आए जेएमएम के पूर्व पंचायत अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार और गढ़वा के सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटन की अगुवाई में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली. विजेंद्र कुमार ने कहा कि कई वर्षों से जेएमएम के साथ काम किया, लेकिन उनके काम करने के तरीके से संतुष्टि नहीं मिली. इसी वजह से आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं. आजसू पार्टी से जुड़ कर क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा. गढ़वा के सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी की नीति-सिद्धांत एवं राज्य के विकास के प्रति पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के दूरदर्शी सोच और काम करने के जज्बे से प्रभावित हो कर आजसू पार्टी की सदस्यता ले रहा हूं.

## गढ़वा | समाज के लोगों को अपने अधिकार के लिए एकजुट होना होगा : डॉ. कुलदीप चौधरी

# 28 को गढ़वा पहुंचेगी निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा

संवाददाता। गढ़वा

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के तत्वावधान में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में 101 दिनों की निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा निकाली जा रही है. इस यात्रा का नेतृत्व पार्टी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी कर रहे हैं. इस यात्रा के माध्यम से निषाद समाज को आरक्षण देने की मांग की जा रही है. अगर आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं, गठबंधन नहीं तो वोट नहीं और वोट नहीं तो दिल्ली की सरकार नहीं के बारे में आवाज उठाई गई.

मौके पर निषाद समाज के सामाजिक संगठन महर्षि वेदव्यास परिषद के



प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा गढ़वा में ऐतिहासिक होगा. बिहार, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के सभी कार्यक्रमों से बेहतर होगा, जो इतिहास रचेगा.

**मुकेश सहनी सभा को करेंगे संबोधित :** 28 अक्टूबर को स्थानीय रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान में मुकेश सहनी हेलीकॉप्टर से सुबह 11 बजे आएंगे और सभा को सम्बोधित करेंगे. डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा निषाद समाज का भविष्य तय करेगी, क्योंकि जब उचित आरक्षण मिलेगा तभी निषाद समाज का मान-सम्मान व अधिकार मिल पायेगा. समाज के लोगों को अपने अधिकार के लिए एकजुट होना होगा, तभी आपको उचित सम्मान मिल पायेगा. आज गिने चुने सरकारी पद पर अधिकारी एवं कर्मचारी हैं. इसके लिए आरक्षण के साथ साथ मेहनत करना होगा और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा.

### खास बातें

- मुकेश साहनी सुबह 11 बजे सभा को संबोधित करेंगे
- संकल्प यात्रा निषाद समाज का भविष्य तय करेगी

### मौके पर ये रहे मौजूद

बैठक में महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदेव चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष सह पूर्व रमना उपप्रमुख रविंद्र कुमार चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता सुमेर चौधरी, विद्वत परिषद के पलामू जिला अध्यक्ष ललन चौधरी, मुखिया सहदेव चौधरी, शिवनाथ चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य चंदेश्वर चौधरी, सुनील चौधरी, सरोज चौधरी, संतु चौधरी, सकेंद्र चौधरी, भारद्वाज निषाद, संजय बिंद, गोपाल चौधरी आदि उपस्थित थे. कई लोगों को महर्षि वेदव्यास परिषद में शामिल कर नई जिम्मेदारी दी गई है.

# संसद व विधायक ने किया धूमकुड़िया भवन का शिलान्यास



संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाटपुर पंचायत अंतर्गत धूमकुड़िया भवन सह बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती ने संयुक्त रूप से किया. इस क्षेत्र में आदिवासी समाज को विकास की राह में गति मिले, इस निमित्त मंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए भवन का निर्माण कराया जाना है. वहीं यह भवन समाज के उत्थान, प्रगति एवं सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रेरित करेगा.

## ब्रीफ खबरें

### मोदी के नेतृत्व में 300 ज्यादा सीटें जीतेंगे

देवघर । निजी कार्यक्रम में शामिल होने बाबानगरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस ने कहा कि 2024 लोस चुनाव में एनडीए 300 सीटें से जीतेगी. पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है. पारस ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं.जी-20 के सफल आयोजन पर अमेरिका सहित अन्य देशों ने भारत की जमकर तारीफ की है. नरेंद्र मोदी जैसा नेता भारत में पिछले 70 सालों से नहीं हुआ है. इस दौरान उन्होंने एलजेपी (पारस) गुट की मजबूती पर चर्चा की.

### एसबीआई ने लगाया कार लोन मेला

**धनबाद ।** भारतीय स्टेट बैंक हीरापुर शाखा की ओर से पुलिस लाइन कैंपस में शनिवार को कार लोन मेला का आयोजन किया गया. मेला का उद्घाटन सार्जेंट मेजर दीपक कुमार द्वारा किया गया. भारतीय स्टेट बैंक हीरापुर शाखा की मुख्य प्रबंधक कुमुद शर्मा ने बताया कि इस मेले में एक ही स्थान पर सभी ब्रांड के कार उपलब्ध कराए गए थे. कई ग्राहकों ने टेस्ट ड्राइव भी लिया. कुछ लोगों ने अपनी मनपसंद कार भी बुक कराया. एसबीआई प्रबंधन ने कहा कि इस तरह का आयोजन आगे भी किया जाएगा. मौके पर ओम प्रकाश राय, प्रकाश कुमार, अवधेश कुमारसमेत अन्य उपस्थित थे.

### बाल अपराध की रोकथाम के लिए हुई बैठक

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड के कुमड़ाशोल पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुखिया चंदनी मुर्मू की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई. बैठक में पंचायत की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई. साथ ही कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के तहत सहयोगी संस्था कला मंदिर की ओर से बाल विवाह, बाल मजदुरी, बाल तस्करी, बाल यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई. बैठक में ग्राम प्रधान सीता नाथ नायेक, रामे सरदार, पालू सोरेन, रोयना सरदार, सेविका उषारानी साव, श्रद्धामनी नायेक, वार्ड सदस्य सुनिता नायेक, प्रिती माधुरी साव, सुनिता सोरेन मौजूद थे.

### बीमार डिप्टी मेयर का हाल जानने पहुंचे रघुवर

**आदित्यपुर ।** नगर निगम के निवर्तमान डिप्टी मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी सिंह के दिल्ली से इलाज करवा कर लोटने के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आदित्यपुर स्थित उनके आवास पर शनिवार शाम पहुंचे. पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की. इस मौके पर आदित्यपुर मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, गणेश महाली, सुनील सिंह, लल्लन तिवारी, अशोक सिंह, देवेश महापात्रा, गणेश कालिंदी, बोरजोराम हंसदा, रंजन सिंह, गुरजीत सिंह, सावन गुप्ता, संजीव सिंह मौजूद थे.

### आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया निरीक्षण

**चांडिल ।** सरायकेला-खरसावां के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने शनिवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चार आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण किया. ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर उन्होंने चल रहे टीकाकरण काम का भी जायजा लिया. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सबसे पहले चांडिल प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र कांदरबेड़ा 1 पहुंची. केंद्र में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका अपने काम पर तैनात थी और केंद्र में नामांकित 34 बच्चों में से 25 बच्चे उपस्थित थे. यहां एक बच्ची अति कुपोषित पायी गई.

### पेंशन योजना को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**घाटशिला ।** आशा ऑडिटोरियम में शनिवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में घाटशिला अनुमंडल के प्रखंडों के मुखिया और पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण में विधवा, दिव्यांग और परित्यक्त महिला व अन्य लाभुकों की जांच कर योग्य लाभुकों का सत्यापन करने के संबंध में भी जानकारी दी गई. प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, डीपीआरओ डॉ रजनीकांत मिश्रा मौजूद थे.

राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन (इंटक) को अलग करने से पदाधिकारियों व सदस्यों में काफी आक्रोश

# जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण कमेटी गठित

संवाददाता । धनबाद

इंटक को अलग कर कोल इंडिया ने जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण कमेटी गठित की है. इंटक सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन (इंटक) को हटाकर कमेटी में बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू को शामिल किया है. इससे इंटक के पदाधिकारियों व सदस्यों में काफी आक्रोश है. इस संबंध में इंटक के प्रेसिडेंट एसक्यू जामा ने कोल इंडिया के चेयरमैन और डीपी को विरोध प्रकट करते हुए पत्र लिखा है. कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन की अध्यक्षता में गठित कमेटी में




बीसीसीएल, एमसीएल, सीसीएल, सीपीडीआईएल, एनसीएल, ईसीएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल, एससीसीएल के डीपी और एमपी एंड आईआर जीएम गौतम बनर्जी को शामिल किया गया है. जबकि केंद्रीय

### सदस्य नाराज

- इंटक प्रेसिडेंट ने कोल इंडिया के चेयरमैन को पत्र लिखा
- इंटक को कमेटी से अलग रखना कहीं से उचित नहीं

ट्रेड यूनियनों की ओर से बीएमएस के सुधीर एच घुरड़े, मजरूल हक अंसारी, एचएमएस से नाथूलाल पांडेय, शिवकांत पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार और सीटू के डीडी रामानंदन को जगह दी गई है. इस संबंध में एमपी एंड आईआर जीएम की ओर से अधिसूचना जारी की गई है. कमेटी के गठन का उद्देश्य वेतन समझौते को सही तरीके से लागू करने के लिए कोल इंडिया के साथ बेहतर समन्वय बनाना है.

### कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश का है उल्लंघन

इंटक सूत्रों के अनुसार कोल इंडिया के मानकीकरण कमेटी में जगह नहीं मिलने से नाराज इंटक के प्रेसिडेंट एसक्यू जामा ने नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने कोल इंडिया व जेबीसीसीआई-11 के चेयरमैन और कोल इंडिया डीपी व जेवीसीसीआई-11 के मेंबर सेक्रेटरी को पत्र लिखकर विरोध जताया है. उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के 10 फरवरी 2023 के आदेश को उल्लंघन करार दिया है. जेबीसीसीआई-11 को 9वीं और 10वीं बैठक में आईएनएमएफ शामिल था. इंटक को कमेटी से अलग रखना कहीं से उचित नहीं है. अगले सप्ताह कलकता हाईकोर्ट में अवमानना की याचिका दाखिल की जाएगी. कोल इंडिया ने इंटक में चल रहे विवाद का हवाला देते हुए उसे कमेटी में शामिल नहीं करने का कारण बताया है. हालांकि पत्र के माध्यम से इंटक प्रेसिडेंट ने कहा है कि इस विवाद को लेकर नई दिल्ली हाई कोर्ट में मामला विचाराधीन है. इस पर फैसला नहीं हुआ है.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- झारखंड की कुल जनसंख्या में कितने प्रतिशत जैन धर्म के लोग हैं – 0.1
- मनोविश्लेषण पद्धति के प्रतिपादक कौन थे – फ्रॉयड
- बौद्ध धर्म से संबंधित देवनिमोरा स्तूप किस प्रदेश में है – गुजरात
- प्रतिबंध एन्जाइम की खोज किसने की थी – स्मिथ व नाथन्स
- नकुलिन और लकुलिन किसके संस्थापक थे – पशुपत
- गोवा के किस ड्राई फूट को जीआई टैग मिला है – काजू
- महाराष्ट्र के वारकरी सम्प्रदाय की स्थापना किसने की – ध्यानेश्वर
- आरबीआई ने किस बैंक पर 5.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया – पेटीएम पेमेंट
- नासिक शिलालेख किस शासक से संबंधित है – गौतमीपुत्र शातकर्णि
- करगम किस प्रदेश का लोकनृत्य है – तमिलनाडु

नौडीहा के झरहा में हुई झड़प के बाद जिला प्रशासन एक्शन में आया

# अब माइंस संचालकों का हथियार होगा जब्त: आईजी

संवाददाता । पलामू

जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के झरहा में बीते गुरुवार को माइंस संचालकों और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी थी. मामले ने तूल पकड़ा तो जिला प्रशासन हरकत में आया और माइंस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी. पलामू जिला प्रशासन माइंस संचालकों का हथियार जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. हथियार का लाइसेंस भी रद्द किया जायेगा. बता दें कि माइंस संचालकों और ग्रामीणों के झड़प के बाद ग्रामीण शुक्रवार को पलामू उपायुक्त से मिलने पहुंचे थे. इस दौरान महिलाओं ने बताया कि माइंस संचालन के कारण उनकी जिन्दगी नर्क बन गयी है. ना तो चलने लायक अच्छी सड़क है और ना ही पेयजल की सुविधा. सड़क पर हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है. एक दिन पहले गांव की मुख्य सड़क से एम्बुलेंस को भी जाने के लिए जगह नहीं दिया गया. नतीजा खैरादोहर की एक महिला की प्रसव पीड़ा से परेशान रही और बाद में डिलेवरी के दौरान मौत हो गयी.

इस मामले में घेराव कर रहे ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर उपायुक्त ने बात की और वैकल्पिक मार्ग का प्रबंध करने का आश्वासन दिया था. इधर ग्रामीणों और माइंस संचालक के बीच हुई झड़प के बाद दोनों ओर से नौडीहा बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. ग्रामीणों की ओर से नवनीत कुमार ने माइस संचालक प्रदीप सिंह, अमलेश यादव, नरेश यादव, गणेश मधेश्वर एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. वहीं माइस संचालक प्रदीप सिंह की ओर से संतन साव, बीरेन्द्र साव, नवनीत कुमार, लीलावती देवी, सुखरात साव एवं अन्य 20 से 22 लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.



### कार्रवाई शुरू

- माइंस संचालकों व ग्रामीणों के बीच झड़प हुई थी
- नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के झरहा का है मामला

### जांच के लिए टीम गठित, कार्रवाई होगी : डीसी



जबकि पलामू डीसी शशि रंजन ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया लिया गया है. जांच के लिए टीम गठित की गई है. इस मामले में नौडीहा सीओ और थाना को आदेश दिया गया है कि जल्द जांच करें, मामले में कड़ी कार्रवाई की जायेगी. पलामू उपायुक्त ने बताया कि जल्द हथियार जब्त कर लाइसेंस रद्द किया जायेगा.

### दोनों ओर से दर्ज मामले की हो रही जांच : एसपी



वहीं नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि दोनों ओर से आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. पिस्टल का लाइसेंस रद्द करने के लिए लिखा जायेगा. उन्होंने दावा किया कि फायरिंग की घटना मौके पर नहीं हुई थी. केवल हथियार निकाल कर ग्रामीणों को डराया गया था. इस मामले में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि नौडीहा थाना में दोनो तरफ से एफआईआर दर्ज की गई है. मामले की जांच की जा रही है.

### पलामू ने इस मामले पर संज्ञान लिया है: आईजी



इधर ग्रामीणों की ओर से विकास पांडे ने कहा कि माइंस संचालक प्रदीप सिंह के द्वारा पिस्टल निकाल कर तान दिया गया था और गोली भी चलायी गयी थी. मिस फायर होने के कारण गोली नहीं चली. अगर गोली चलती तो किसी ग्रामीण की जान भी जा सकती थी. मामले पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि इस मामले में पलामू एसपी ने संज्ञान लेते हुए छतरपुर अनुमंडल के एसडीपीओ से जांच करा रही है. जांच होने के बाद माइंस संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी. बहुत जल्द हथियार जब्त कर लाइसेंस रद्द कर किया जाएगा.

# 9 दिसंबर तक चलेगा सर्वेक्षण

प्रमुख संवाददाता । रांची

घर-घर मतदाता सर्वेक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से शुरू होगा. 9 दिसंबर तक सर्वेक्षण चलेगा. इस दौरान 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा. 28 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 4 नवंबर और 5 नवंबर को प्रत्येक मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा.

वहीं 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 2 दिसंबर को थर्ड जेंडर व सेक्स वर्कर्स के लिए और 3 दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की ओर से आयोजित ईआरओ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी.



**1 जनवरी तक 18 साल पूरा करने वालों का भी नाम वोटर लिस्ट में जुड़ेगा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जो किशोर 1 जनवरी 2024 तक 18 साल की उम्र पूरी करने वाले हैं ,उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है. शिक्षा विभाग के समन्वय से ऐसे स्कूली छात्र-छात्राओं से अग्रिम फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है. ऐसे 6.59 लाख छात्रों के फॉर्म-6 भरवाये जा चुके हैं.

### सिंहभूम चैंबर ने डीसी से की मुलाकात

**जमशेदपुर ।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की और स्थानीय व्यवसायों और नागरिकों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं पर व्यापक चर्चा की. यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद विजय आनंद मूनका और मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी. इस सबंध में अध्यक्ष ने कहा कि सिंहभूम चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की और स्थानीय व्यवसायों और नागरिकों द्वारा अतिक्रमण, यातायात के मुद्दों, बिजली शुल्क, बाजार समिति और उसके विक्रेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों आदि से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की. उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि व्यवसायियों को किसी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा.

# आईजी व एसपी ने किया मानस स्थल का निरीक्षण



संवाददाता । लातेहार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लातेहार प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पलामू के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शहर के अंबाकोठी में मानस स्थल का निरीक्षण किया.

बता दें कि लातेहार में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का 50वां वर्ष मनाया जा रहा है. समिति के द्वारा इसे स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समिति के द्वारा आमंत्रित किया गया है. मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया. अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारियां हासिल की. मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, प्रवक्ता डॉ. विशाल शर्मा, संतोष कुमार अग्रवाल, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, राजू सिंह, मुकेश पांडेय व कौशल पांडेय आदि मौजूद थे.

# कंगालों बस्ती को बचाने के लिए ग्रामीणों ने दिया धरना



संवाददाता । धनबाद

शनिवार को धनबाद के रणधीर बर्मा चौक पर कंगालों बस्ती बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिववसीय धरना दिया गया. इसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त व जनप्रतिनिधियों से 14.95 एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में जाने से रोकने की मांग की. धरना में शामिल सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने मीडिया से बात की. कहा कहा कि पीस कमिटी की बैठक में धनबाद उपायुक्त से बात हुई है. जिसमें कंगालों बस्ती के लोगों को पर्ची दिखाने को कहा गया है. खास कर अनुसूचित जाति के लोगों की उक्त जमीन उन्हें सरकार ने उपलब्ध कराई है. जिसके बाद पर्ची की जांच कर कंगालों बस्ती के लोगों को उचित न्याय दिलाने का काम किया जाएगा. धरना में कंगालों बस्ती के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, नितिन भट, धर्मवीर, कंगालों बस्ती बचाव संघर्ष समिति के संरक्षक राज किशोर गौप, आजाद अहमद, सचिव शंकर तुरी, अमित कुमार, कोषाध्यक्ष सारो देवी, समरेश रॉय, सुखदेव तुरी मौजूद थे.

### दुर्गा पूजा समिति का विवाद पहुंचा थाना

**जमशेदपुर ।** सुंदरनगर दुर्गा पूजा समिति में चल रहा आपसी विवाद शनिवार को थाना पहुंचा. बीडीओ सच्चिदानंद महतो, सुंदरनगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार और जादूगोड़ा थाना प्रभारी इंद्रदेव राम की उपस्थिति इसे सुलझाने का प्रयास किया गया. दोनों पक्षों से पदाधिकारियों ने बातचीत की और आपसी सहमती से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की अपील की. दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे. इस दौरान दोनों पक्ष के लोग थाना परिसर में ही आपस में उलझ गए. काफी देर तक उनके बीच तू-तू मैं-मैं होती रही, जिस कारण थाना में हंगामे का माहौल बन गया. दरअसल, विवाद भोग बनाने एवं भोग के बर्तन को लेकर उत्पन्न हुआ था. जिसके बाद थाना परिसर में ही दोनों गुट के बीच वार्ता हुई. बैठक में दोनों पक्ष के लोगों ने अपनी-अपनी बातों को रखा. काफी समझाने के बाद दोनों के बीच सहमती बनी, जिसके बाद लिखित रूप से दोनों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया.

# जिला पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

संवाददाता । मेदिनीनगर

दुर्गा पूजा को देखते हुए जिला पुलिस ने शहर में मॉक ड्रिल किया. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर सार्जेंट मेजर अनीश मोमित कुजूर के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया. शहर के पुलिस स्टेडियम में मॉक ड्रिल कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया. मॉक ड्रिल में पुलिस के ही कुछ कर्मी हुड़दंगी बनकर हुड़दंग करने लगे. जिसके बाद पुलिस बल वहां पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करने लगी. लेकिन, प्रदर्शन कर रहे लोग पुलिस से वार्ता करने के बदले हिंसक होकर पत्थरबाजी करने लगे. इसके जवाब में पुलिस ने पहले तो पानी की बौछार कर हुडदंगियों को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन, जब प्रदर्शन कर रहे लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज किया. लाठी चार्ज के बाद भी जब स्थिति कंट्रोल में नहीं आई तो पुलिस के द्वारा फायरिंग की गई. सभी मौजूद पुलिसकर्मियों को विस्तार से इस स्थिति से निपटाने की जानकारी दी गई.



दुर्गा पूजा को लेकरमॉक ड्रिल करते जिला पुलिस के जवान.

इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार से सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. पुलिस के जवानों को सभी पूजा पंडाल के अलावा प्रमुख चौक चौराहों पर तैनात किया जाएगा. इसके अलावा पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखे हुए है. एसपी ने आम लोगों से भी अपील की है कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाएं. जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन हर कदम पर आम लोगों को सहयोग करने के लिए तैयार है. इस मॉक ड्रिल में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, अनुदेशक नागेंद्र चौधरी, हवलदार धनंजय कुमार मेहता, सअनि लक्ष्मण यादव, सीताराम सिंह, महादेव उरांव, जगमोहन उरांव, पुअनि अवध किशोर यादव, महिला आरक्षी एवं पुरुष आरक्षी, लाठी पार्टी, टियर गैस पार्टी, आर्म्स पार्टी, वाटर कैनन पार्टी, एंबुलेंस व पीसीआर के जवान मौजूद थे.

### पदाधिकारियों के साथ डीसी-एसपी की बैठक

**गढ़वा ।** दुर्गा पूजा को लेकर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडे ने शनिवार को पदाधिकारियों संग बैठक की. डीसी और एसपी ने बैठक में पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये. डीसी ने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही हो. साथ ही पंडालों में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग इंट्री और निकास द्वार बनाएं. डीसी ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें. पूजा के दौरान भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट एवं किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गाने व स्लोगन नहीं बजाये जाएं यह सुनिश्चित करें. अशांति व गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नज़र रखें. ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार मौजूद थे.

**प्रदर्शन** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क से मादालकोचा जाने वाले रास्ते को कुछ दबंगों ने काट दिया

# दबंगों ने काटी सड़क, ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय से टूटा संपर्क

संवाददाता । जमशेदपुर

टाटा-पटमदा मुख्य सड़क से धुसरा, पालमा होते हुए मादालकोचा और कालाझरना जाने वाले रास्ते को कुछ दबंगों द्वारा काट दिया गया है. इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क को काटकर संकीर्ण बना दिए जाने से चार गांव के लोगों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है. इससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा. इसकी प्रतिलिपि पटमदा बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को सौंपी गई है. भाजपा नेता बिमल बैठा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि धुसरा के ही रहने वाले कुछ असामाजिक तत्वों ने सात अक्टूबर को सड़क के बीच में गड्ढा खोदकर उसे अवरुद्ध कर दिया गया है. मना करने पर भी वे नहीं माने और ग्रामीणों के आने-जाने वाले मुख्य सड़क को जबरन बंद कर दिया.




उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विरोध जताते ग्रामीण.

### ग्रामीण आक्रोशित

- सड़क काटे जाने से चार गांव के लोग प्रभावित हुए हैं
- ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया

जबकि इसी सड़क से मादालकोचा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी रोजाना स्कूल आते जाते है. लेकिन सड़क अवरुद्ध हो जाने से बच्चों का पठन-पाठन भी ठप हो गया है. वहीं मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है. ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उक्त ताकि उक्त रस्ते से आवागमन सुचारू रूप से हो सके. भाजपा नेता ने झामुमो सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में दबंगों का बोलबाला बढ़ गया है. उपायुक्त कार्यालय के बाद इस मामले को लेकर ग्रामीण जुगसलाई विस विधायक मंगल कालिंदी के साकची स्थित कार्यालय पहुंचे और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया. सड़क अवरुद्ध करने वाले लोगों के नाम भी बताए जिसपर विधायक ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया, इसके बाद सभी अपने गांव लौट गए.

# खरीफ फसल की क्षति पर किसानों को मिलेगा मुआवजा

संवाददाता । आदित्यपुर

खरीफ फसल की क्षति होने पर किसानों को मुआवजा मिलेगा. जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने इसकी समीक्षा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है. इस योजना के तहत 30 से 50% खरीफ फसल की क्षति होने पर 3000 रुपए प्रति एकड़ तथा 50% से ज्यादा क्षति होने पर 4000 रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने का प्रावधान है. डीसी सरायकेला खरसावां रवि शंकर शुक्ला ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना खरीफ 2023 की समीक्षा करते हुए उक्त आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया है.

बैठक में डीसी ने इस योजना की प्रखंडवार कार्य प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और योजना में प्रगति लाने निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया.

बैठक में सभी बीएओ, बीटीएम, एटीएम, बीसीओ को कार्यों की समीक्षा करने तथा कार्य योजना निर्धारित कर सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है. बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी प्राकृतिक आपदा में फसल की क्षति होने से इस योजना के तहत किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान है. इसके तहत 30 से 50% क्षति होने पर 3000 रुपए प्रति एकड़ तथा 50% से ज्यादा क्षति होने पर 4000 रुपए प्रति एकड़ मुआवजा का प्रावधान है. बैठक में डीसी के साथ उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला सहकारिता पदाधिकारी अशोक तिवारी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### एनएच पर वाहन खराब होने से लगा जाम

**चांडिल ।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के पाटा डाउन के पास बीच सड़क पर वाहन खराब होने के कारण जाम लग गई. सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है और वाहन रेंगते नजर आये. सबसे बड़ी बात है कि सड़क जाम में आम लोगों के साथ राज्य के मंत्री में फंस रहे. शनिवार की सुबह चांडिल गोलचक्कर के पास पाटा डाउन में सड़क पर ट्रक के खराब होने के बाद लगे जाम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी फंस गए.

### प्रतिबंधित गुटखा के खिलाफ छापेमारी, दो पर लगा जुर्माना

**चाकुलिया ।** चाकुलिया नगर पंचायत के बाजार क्षेत्र में शनिवार को नगर पंचायत प्रशासन की ओर से छापामारी अभियान चलाया गया. दुकानों में अवैध रूप से रखे गए गुटका और तंबाकू के खिलाफ नगर पंचायत प्रशासन द्वारा छापेमारी की गई. इस दौरान दो दुकानों से गुटखा जब्त किए गए. दोनों दुकानदारों से 200-200 जुर्माना वसूला गया. प्रशासन द्वारा उन्हें दोबारा गुटका नहीं बचने की चेतावनी दी गई. टीम ने पुराना बाजार के मोहम्मद मंसूर और कमारीगोड़ा के दीपक दत्ता की दुकान में छापेमारी की.

### सहायिकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**चाकुलिया ।** चाकुलिया प्रखंड कार्यालय में समेकित बाल विकास परियोजना, यूनिसेफ और विक्रमशिला एडुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया. इसमें चयनित किये गए 23 आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं एवं सहायिकाओं को पूर्व शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में विद्यालय पूर्व शिक्षा की आवश्यकता के विषय में बताया गया. सेविका और सहायिकाओं को नन्हे कदम पाठ्यक्रम के संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया.

### एसएसपी ने किया थाना का निरीक्षण

**डुमरिया ।** एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को डुमरिया थाना का निरीक्षण किया. एसएसपी ने थाना प्रभारी संजीवन उरांव से डुमरिया थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली. साथ ही अपराध नियंत्रण और केस निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. एसएसपी किशोर कौशल ने दुर्गापूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया.

### दिसंबर से बीएसएनएल की 4जी सेवा होगी शुरू

**जमशेदपुर ।** बीएसएनएल दिवस के अवसर पर शनिवार को परिसदन में बीएसएनएल द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. पत्रकारों से बात करते हुए बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि दिसंबर 2023 से झारखंड में बीएसएनएल की 4जी सेवा की शुरुआत होगी और 2024 के अगस्त माह तक पूरे राज्य में 4जी की सेवा उपलब्ध होगी. राज्य में केवल ग्रामीण क्षेत्र में 12000 फाइबर ब्राडबैंड कनेक्शन दिए गए. वहीं जमशेदपुर कुल 17000 फाइबर कनेक्शन दिए गए हैं.

### राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन की बैठक

**लातेहार ।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला स्तरीय बैठक हुई. जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद साहु ने अध्यक्षता व संचालन धमेंद्र प्रसाद साहु ने किया. मौके पर संगठन के विस्तार पर विचार विमर्श किया गया. संगठन का सदस्यता अभियान चलाने पर भी विचार किया गया. अध्यक्ष साहु ने कहा कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक हमारे समाज का विकास नहीं होगा. उन्होंने कहा कि देश व समाज के विकास में तेली समाज का अहम योगदान है.

### 16 को आसनसोल नहीं जाएगी टाटा-आस. मेमू

**जमशेदपुर ।** रेलवे ने आद्रा डिवीजन में एक हफ्ते का रोलिंग ब्लॉक लेने का फैसला लिया है. इसको लेकर टाटा-आसनसोल-बराभूम मेमू समेत अन्य ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट करने का फैसला लिया गया है. यह ब्लॉक 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक लिया गया है. ब्लॉक को लेकर ट्रेन नंबर 08174/08652 टाटा-आसनसोल-बराभूम मेमू 16 अक्टूबर को आद्रा स्टेशन तक ही जाएगी. इसके अलावा ट्रेन नंबर 18601 टाटा-हटिया 16, 18 और 20 अक्टूबर को चांडिल-पुरुलिया होकर नहीं चलेगी.

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़ाटांड़ के प्रधानाध्यापक और महेशलूंडि पंचायत के मुखिया से शिकायती पत्र मिला है

# बेंच-डेस्क घोटाले में बुरे फंसे डीएसई, जांच टीम गठित

**संवाददाता । गिरिडीह**

जिले में स्कूलों के लिए बेंच- डेस्क की खरीदारी में डीएसई बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं. अनियमितता की शिकायत के बाद डीसी नमन प्रिय लकड़ा ने जांच के लिए अनुमंडल स्तर पर टीम गठित कर दी है. वहीं मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार को डीसी ने स्थिति स्पष्ट करने को कहा है. डीएसई के अलावा कार्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत देव कुमार कश्यप पर लगे आरोप को लेकर भी जवाब मांगा है. डीसी ने डीएसई को लिखे पत्र में सख्त निर्देश दिया है. कहा है कि बेंच-डेस्क खरीदी मामले में विभिन्न स्रोतों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं. मामले में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़ाटांड़ के प्रधानाध्यापक अमृत साव, महेशलूंडि पंचायत के मुखिया शिवनाथ साहू से शिकायती पत्र मिला है.



**होगी जांच**

- डीएसई पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं
- लिपिक पर राशि मांगने का आरोप है

पत्र में डीएसई पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं. साथ ही लिपिक पर राशि मांगने का आरोप है. डीसी ने मामले में पूरी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है. पूछा है कि बेंच-डेस्क खरीदी में विभाग द्वारा तय मानक का पालन किया गया है? आपके द्वारा क्या प्रक्रिया अपनाई गई? विभागीय निर्देश के अनुपालन में आपने क्या किया. मिल रही शिकायत के अनुसार बैंच डेस्क खरीदी में नियमित पर्यवेक्षण नहीं किया गया. शिकायत के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी.

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलाटांड़ का है मामला

बेंच- डेस्क खरीदी में गड़बड़ी का मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलाटांड़ से सामने आया था. जब डीएसई के निर्देश के बाद भी प्रबंधन समिति ने भुगतान से इनकार कर दिया था. गुणवत्ता का सवाल उठाते हुए भुगतान पर रोक लगा दी गई थी. मुखिया ने भी डीएसई पर गंभीर आरोप लगाए थे. यह मामला तब चर्चित हुआ जब डीएसई का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें गुणवत्ता प्रमाण पत्र मामले में डीएसई प्रधानाध्यापक को धमका रहे थे. उन्होंने कहा था कि विभाग का हेड में हूं, तो गुणवत्ता का प्रमाण पत्र देने वाला एई और जेई कौन होता है. फिलहाल मामले में जांच चल रही है और डीसी को डीएसई के जवाब का इंतजार है.

## आओ जानें सामान्य ज्ञान

- राजमहल में किस मुगल सूबेदार ने अपनी राजधानी बनाई थी – मानसिंह
- कंबला किस राज्य का खेल है – कर्नाटक
- सीड थेरेपी में किसका उपचार होता है – कैंसर
- वेदों में शामिल आगमशास्त्र किस धर्म का है – जैन
- बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बंगला के रचियता कौन हैं – रविंद्र नाथ टैगोर
- किस वर्ष जापानी मस्तिष्क ज्वर प्रकट हुआ था – 1987
- राजवलीपताका की रचना किसने की – पंडित प्रजाभट्ट
- ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत की कितनी रैंक है – 111
- चोरटेन किस धर्म से संबंधित शब्द है – बौद्ध
- अशोक के शिलालेख 13 में झारखंड का क्या नाम है – अटावी

महालया के साथ दुर्गोत्सव शुरू, आज प्रतिपदा के दिन है कलश स्थापन

# 97 स्थानों में दुर्गा पूजा व नौ स्थानों में होगा रावण दहन

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं. इस साल शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रही हैं. शनिवार को महालया के साथ ही दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गयी है. इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह है.

पूजा आयोजन समिति भी अपने-अपने पूजा पंडाल और धार्मिक अनुष्ठानों को सबसे बेहतर बनाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं. अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के प्रथमा से विजया दशमी तक दुर्गोत्सव की धूम रहती है. अधिकांश स्थानों में षष्ठी से दशमी तक दुर्गोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाता है. कारीगारों की ओर से पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है. वहीं मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात काम में जुटे हुए हैं. मूर्ति में विशेष आभा के साथ चमक बढ़ाने के लिए पश्चिम बंगाल से लाई गई विशेष प्रकार की दूध मिट्टी का उपयोग किया जाता है.

**अनुमंडल क्षेत्र में होती है 33 लाइसेंसी और 64 गैर लाइसेंसी पूजा :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में देवी दुर्गा की पूजा अनुष्ठान 97 स्थानों में की जाती है. प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार चांडिल अनुमंडल में 33 स्थानों में लाइसेंसी और 64 स्थानों में गैर लाइसेंसी पूजा कमेटी है, जो दुर्गोत्सव का आयोजन करती हैं. वहीं, अनुमंडल के पांच थाना क्षेत्रों में पूजा के दौरान विजयादशमी के दिन कुल नौ स्थानों में रावण दहन का आयोजन किया जाता है. जानकारी के अनुसार चांडिल थाना क्षेत्र में चार लाइसेंसी और नौ गैर लाइसेंसी पूजा समिति दुर्गोत्सव का आयोजन करती हैं, लेकिन चांडिल थाना क्षेत्र में रावण दहन नहीं किया जाता है. चौका थाना क्षेत्र में चार लाइसेंसी व पांच गैर लाइसेंसी पूजा होती है. यहां एक स्थान पर रावण दहन का आयोजन किया जाता है. कपाली ओपी क्षेत्र में एक स्थान पर लाइसेंसी और पांच स्थानों में गैर लाइसेंसी समिति की ओर से पूजा का आयोजन किया जाता है.



चांडिल बाजार स्थित देवी दुर्गा मंदिर.

**पूजा शुरू**

- प्रथमा से विजयादशमी तक रहती है दुर्गोत्सव की धूम
- मूर्तियों को मूर्त रूप देने में दिन रात लगे हैं कारीगर



फदलोगोड़ा में निर्माणाधीन पूजा पंडाल.

### ईचागढ़ में 37 स्थानों में की जाती है दुर्गा पूजा

नीमडीह थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 14 स्थानों में लाइसेंसी और पांच स्थानों में गैर लाइसेंसी पूजा की जाती है. यहां दो स्थानों पर रावण दहन किया जाता है. इसी प्रकार ईचागढ़ थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 37 स्थानों में देवी दुर्गा की पूजा की जाती है. इनमें आठ स्थानों में लाइसेंसी व 27 स्थानों में गैर लाइसेंसी पूजा समिति है. ईचागढ़ में भी दो स्थानों में रावण दहन का कार्यक्रम होता है. अनुमंडल क्षेत्र के तिरुलडीह थाना क्षेत्र में कुल 13 स्थानों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है.

# तड़पता रहा मरीज, नहीं मिली एंबुलेंस

**संवाददाता । चंदवा**

चंदवा में मरीजों को समय पर 108 एंबुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिलता है. इस वजह से कई बार मरीजों की हालत भी बिगड़ जाती है. ताजा मामला चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आया है. शुक्रवार की शाम को एक युवक को बाइक सवार ने धक्का मार दिया. गंभीर हालत में ग्रामीण उसे लेकर चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे. यहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया.

सिर में लगी गंभीर चोट को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया. मगर रिम्स जाने के लिए उसे एक एंबुलेंस नहीं मिली. वह घंटों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तड़पता रहा. मरीज के परिजन लगातार 108 एंबुलेंस सेवा पर फोन करते रहे. अंत में गाड़ी खराब होने का बहाना बनाकर 108 एंबुलेंस सेवा के कस्टमर केयर ने हाथ खड़ा कर दिया. अंत में थक हारकर मरीज के परिजन प्राइवेट वाहन से उसे लेकर रिम्स गये.



घायल नेम्हस तिर्की पिता ख्रिस्तो तिर्की एकमहुआ पंचायत का रहनेवाला है. वह एकमहुआ मोड़ के पास सड़क किनारे बैठा था. इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया. जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया था. मरीज के परिजनों का कहना है कि उस वक्त अस्पताल परिसर में 108 एम्बुलेंस खड़ी थी. इस संबंध में डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि चालक ही नहीं है. चालक की कमी से आला अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है. एक सप्ताह में चालक की कमी दूर हो जाएगी.

### दुर्गा पूजा में सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

**लातेहार ।** दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की एक बैठक अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो की अध्यक्षता में सदर थाना परिसर में हुई. बैठक में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में सीओ टोप्पो ने कहा कि दुर्गा पूजा में सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी. किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक व भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने निर्धारित रूट से प्रतिमाओं का विसर्जन करने की बात कही. वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी. नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने पूजा पंडालों में सीसीटीवी व फायर एक्यूपमेंट रखने की बात कही.

# दुर्गा पूजा को लेकर डीसी ने की ऑनलाइन बैठक

**संवाददाता । लातेहार**

दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने ऑनलाइन बैठक की. बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी मौजूद रहे. बैठक में उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि दुर्गा पूजा में असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जायेगा. सोशल मीडिया पर नजर रखने एवं संवदेनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया.

वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया. उन्हें अलर्ट मोड में रहने को कहा.

एसपी ने सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक लोगों की सूची तैयार कर उन पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया. सभी पंडालों एवं धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी करने और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने को भी कहा. कलश यात्रा व मूर्ति विसर्जन के मार्गो में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही. छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना तत्काल उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को देने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी पूजा पंडालों व संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का भी निर्देश दिया.

# आईआईटी-आईएसएम के अकाउंट्स बिल्डिंग में लगी आग



**संवाददाता । धनबाद**

देश के अग्रणी तकनीकी संस्थानों में से एक आईआईटी-आईएसएम धनबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के पीछे स्थित एकाउंट्स सेक्शन के कार्यालय में शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे आग लग गयी.

अगलगी में कार्यालय में रखे लाखों के कंप्यूटर और अन्य जरूरी दस्तावेज जल कर राख हो गए. अग्निशमन विभाग के लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया. जिसकी वजह से आग मुख्य एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग तक नहीं पहुंच सकी और बड़ी घटना टल गई. मौके पर पहुंचे संस्थान के निदेशक प्रो. जेके पटनायक ने बताया कि अहले सुबह की घटना की वजह से कार्यालय में कोई नहीं था. नुकसान का आंकलन जांच के बाद ही हो पायेगा. फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चला है.

### दुर्गापूजा में नियमित रूप से होगी जलापूर्ति

**धनबाद ।** दुर्गापूजा को लेकर पेयजल और स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है. दोनों विभाग के अधिकारियों का दावा है कि नियमित रूप से जलापूर्ति की जाएगी और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की भी समुचित व्यवस्था रहेगी. इसके लिए दोनों विभागों ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. इन नंबर पर कोई भी नागरिक फोन कर अपनी परेशानी बता सकता है. अधिकारियों का दावा है शिकायत मिलने पर तत्काल उसका समाधान किया जाएगा. धनबाद नगर निगम क्षेत्र के लिए कनीय अभियंता समीर कुमार 7004027219, माडा क्षेत्र में पेयजल की समस्या के लिए कनीय अभियंता शिव शंकर राय- 6202577681 और पेयजल विभाग के परियोजना पदाधिकारी शार्गीर अहमद, 7909019575 के अलावा टॉल फ्री कॉल सेंटर 9234389777 से संपर्क किया जा सकता है.

# जेएसबीसी उपाध्यक्ष ने की बैठक

**संवाददाता । जमशेदपुर**

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाईस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि वे झारखंड के अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे. राज्य में हर स्तर के बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं के लिए आधारभूत संरचना बढ़े, समृद्धशाली पुस्तकालय हो और महिला अधिवक्ताओं के लिए कॉमन हॉल हो, युवा अधिवक्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़े, इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं. इस दिशा में कई जिला और अनुमंडल बार एसोसिएशन में तेजी से कार्य शुरू हुआ है.

शुक्ल ने शनिवार को कोल्हान के प्रमुख अधिवक्ताओं के साथ चाईबासा बार भवन में बैठक कर गहन विचार विमर्श किया और उनकी समस्याओं को सुना. श्री शुक्ल ने कहा कि जो घोषणा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पछले दिनों की थी उसको राज्य सरकार को मूर्त रूप देना चाहिए, ताकि अधिवक्ताओं की भावनाएं आहत न हों. इस अवसर पर श्री शुक्ल का अधिवक्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया.

बैठक में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो ने कहा कि देश के आठ राज्यों में अधिवक्ताओं ने श्री शुक्ल को अधिवक्ताओं के लिए निरंतर कल्याणकारी कार्य करने के लिए अधिवक्ता रत्न से सम्मानित किया है, जिससे झारखंड के अधिवक्ताओं का मान, सम्मान और स्वाभिमान आज पूरे देश में बढ़ा है. बैठक में चाईबासा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, सरायकेला जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता गोलक नाथ पति व केपी दुबे ने भी अपने विचार रखे. इस अवसर पर कोल्हान के प्रमुख अधिवक्ताओं की अधिवक्ता अनिल कुमार महतो और रामेश्वर प्रसाद ने शुक्ल को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया.



अधिवक्ताओं के साथ बैठक करते राजेश कुमार शुक्ल.

### प्रखंड कार्यालय है पदाधिकारी विहीन

**गुड़ाबांदा ।** गुड़ाबांदा प्रखंड कार्यालय पदाधिकारी विहीन हो गया है. बीडीओ सह प्रभारी सीओ स्मिता नगेशिया का स्थानांतरण खूंटी के कर्रा प्रखंड में हो गया है. उन्होंने अपना योगदान भी नये प्रखंड कार्यालय में दे दिया है. सीडीपीओ, एमओ समेत सभी महत्वपूर्ण पद भी प्रभार के भरोसे चल रहे हैं. ऐसी परिस्थिति में गुड़ाबांदा प्रखंड में विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है. पूर्व बीडीओ स्मिता नगेशिया प्रखंड में पूरी सक्रियता के साथ प्रयासरत थीं. उनके स्थानांतरण के बाद नये बीडीओ और सीओ का पदस्थापन नहीं किया गया है. एसडीओ सत्यवीर रजक के मुताबिक धालभूमगढ़ के सीओ सदानंद महतो को गुड़ाबांदा प्रखंड के बीडीओ और सीओ का प्रभार दिया गया है. इस संबंध में घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि जल्द ही सीओ और बीडीओ का पदस्थापन गुड़ाबांदा प्रखंड में किया जायेगा.

**अभियान** बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने बागबेड़ा के आसपास शुरू किया सफाई अभियान

# बागबेड़ा में ग्रामीणों ने क्षेत्र की सफाई का उठाया बीड़ा

**संवाददाता । जमशेदपुर**

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने बागबेड़ा व आसपास के इलाकों में सफाई अभियान की शुरुआत की है. शनिवार को बागबेड़ा शंख बाबा मैदान से इसका शुभारंभ किया गया. समिति के द्वारा अपने खर्च पर तीन जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है. समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने बताया कि समाज हित में यह अभियान चलाया जा रहा है.

कई बार प्रयास करने के बावजूद जिला प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से सफाई के लिए किसी तरह की कोई पहल नहीं की गई. ऐसे में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बागबेड़ा महानगर विकास समिति के साथ मिलकर खुद ही सफाई करने का बीड़ा उठाया है. उन्होंने बताया कि यह अभियान बागबेड़ा विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा.



अभियान में शामिल स्थानीय लोग व समिति के सदस्य.

**दफ्तरों के चक्कर काट कर ऊब चुके हैं लोग :** लोगों के मुताबिक वे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए कई बार संबंधित अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि के पास जा चुके हैं. जब इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो लोगों ने खुद ही समस्या के समाधान के लिए पहल की. क्षेत्रवासियों द्वारा चलाई जा रही ये मुहिम रंग ला रही है. अधिकारियों और उनके दफ्तरों के चक्कर काट कर अब लोग ऊब चुके हैं और अपनी समस्याओं का समाधान खुद ही करने का मन भी बना चुके हैं. डेंगू-मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सफाई अभियान की शुरुआत की गई है.

### नगर पंचायत प्रशासन चला रहा सफाई अभियान

**चाकुलिया ।** चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर नगर पंचायत प्रशासन सफाई अभियान चला रहा है. इसको लेकर नगर पंचायत के प्रशासक चंदन कुमार ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किया है. विगत दो दिनों से नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का काम जारी है. नगर पंचायत के सफाई कर्मी विभिन्न वार्डों में सफाई करने में जुटे हैं. सफाई कर्मियों द्वारा विभिन्न पूजा पंडालों के आसपास भी साफ-सफाई की जा रही है. सड़कों के किनारे की नालियों को भी साफ किया जा रहा है, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो. जानकारी हो कि दुर्गा पूजा को लेकर नगर पंचायत प्रशासन गंभीर है. इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय में पदाधिकारी और कर्मचारियों की एक बैठक भी हुई थी.

# मखदुमपुर फाटक के पास होगा अब पार्क का निर्माण

**रतन सिंह । जमशेदपुर**

परसुडीह के मुख्य सड़क मखदुमपुर फाटक के समीप फैले कचरे के ढेर को साफ कर जल्द ही वहां पार्क का निर्माण किया जाएगा. पार्क का नामकरण शहीद खुदीराम बोस के नाम पर होगा और उनकी एक प्रतिमा भी यहां स्थापित की जाएगी. यहां स्थानीय लोग मॉर्निंग व इवनिंग वॉक कर सकेंगे. आकर्षक गार्डन के साथ लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों के अलावा झूले इत्यादि भी लगाए जाने की योजना है.

शनिवार को उक्त स्थल का निरीक्षण जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया. उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, समाजसेवी माणिक मल्लिक व स्थानीय मुखिया मौजूद थे. पार्क निर्माण की घोषणा होने के बाद लोगों में भी हर्ष व्याप्त है.



फाटक के पास फैला कचरा.

बता दें कि पूरे परसुडीह का कचरा उक्त स्थल पर फेंक दिए जाने से लोगों को काफी परेशानी होती थी. वहीं, बारिश के दिनों में कचरा रोड में फैल जाता था. इस स्थान को कचरा मुक्त करने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन कचरों के ढेर हटाने के बाद कुछ दिनों के भीतर ही यहां दोबारा कचरे का ढेर लग जाता था.

## ब्रीफ खबरें

### नवप्रोन्नत एएसआई का किया तबादला

**रांची।** नवप्रोन्नत एएसआई का पुलिस मुख्यालय ने तबादला किया है. साक्षर आरक्षी और हवलदार से एएसआई रैंक में प्रोन्नति पाये सात पुलिसकर्मियों को दूसरे जिले में पदस्थापित किया गया है. पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जिसमें छेदी लाल पासवान को रांची, मणिकांत कुमार को देवघर, मणिकांत कुमार को पलामू, शिवशंकर राम को दुमका, बंशीधर दुबे को सिमडेगा, दुलाल बाउरी को चाईबासा और शिवनंदन उरांव को गोड्डा में पदस्थापित किया गया है.

### नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है. राजधनवार अस्पताल रोड में भारी मात्रा में नकली महुआ शराब बनाया जा रहा था. शराब बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री को पुलिस ने बर्बाद कर दिया. एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर कार्रवाई की गई. इस दौरान पैकेट, रैपर, ढक्कन, स्टिकर समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है. मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गडरमा और अन्य क्षेत्रों में महुआ शराब निर्माण करने वाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है.

### मालगाड़ी से कटकर वृद्ध महिला की मौत

**चंदवा।** चंदवा के हिंडाल्को साइडिंग में शनिवार की सुबह करीब दस बजे ट्रेन से कटकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई. महिला की पहचान भूसी देवी के रूप में हुई. वह पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के रहनेवाले सुटुर ठाकुर की पत्नी थी. जानकारी के अनुसार वह टोरी स्टेशन जाने के लिए हिंडाल्को साइडिंग में लगी मालगाड़ी के नीचे से पार कर रही थी. मगर जैसे ही वह ट्रेन के नीचे घुसे मालगाड़ी खुल गई. जिसकी चपेट में आकर महिला के दोनों पैर कट गया.

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरा युवक, पैर कटा

**कतरास।** धनबाद रेल मंडल के फुलारीटांड़ स्टेशन में शनिवार के दिन धनबाद से रांची जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान गिरने से युवक का पैर कट गया. रेल पुलिस ने घायल युवक को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया. जहां उसका इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि विकास राय नामक युवक झालदा जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था. इसी दौरान वह फुलारीटांड स्टेशन में उतर गया. जब ट्रेन चलने लगी तो वह चढ़ने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया.

### बहरागोड़ा जाने के क्रम में गायब हुई महिला

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के बनमाकड़ी पंचायत अंतर्गत स्वर्गछिड़ा की चुमकी प्रधान बहरागोड़ा जाने के क्रम में गायब हो गई है. उसके पति गोकुल प्रधान ने उसके अपहरण की आशंका जताई है. बहरागोड़ा थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी है. महिला की स्कूटी, चप्पल और वैनिटी बैग रास्ते में पड़ा मिला है. घटना के संबंध में महिला के पति गोकुल प्रधान ने बताया कि उसकी पत्नी दुर्गापूजा की खरीदारी करने की बात कहकर घर से निकली थी. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### छात्रा ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**पलामू।** परिजनों से मोबाइल की पूर्ति नहीं होने पर एक 17 वर्षीय छात्रा ने फसल में डालने वाली कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान गढ़वा जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव के हरिहर पाल की सोनी कुमारी के रूप में हुई है. सोनी एक सप्ताह पहले अपने घर पर कीटनाशक खा ली थी. उसका इलाज सतबरवा के नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में चल रहा था. इसी क्रम में शनिवार की दोपहर उसकी मौत हो गई. सोनी 11वीं की छात्रा थी.

### स्कूटी से अवैध शराब जब्त, चालक फरार

**सिंदरी।** सिंदरी और बलियापुर के विभिन्न होटलों में इन दिनों पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले से नदी के रास्ते नौका से अवैध शराब खपाया जा रहा है. शुक्रवार को सिंदरी थाना क्षेत्र के दामोदर नदी घाट पर अवैध शराब लदे स्कूटी को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया. इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी. सूचना के आधार पर पहुंची सिंदरी पुलिस ने इसे अपने कब्जे में ले लिया और उत्पाद विभाग को सूचना दी. लोगों की धरपकड़ में राजू धीवर नदी में कूदकर भागने में सफल रहा.

# 68 माह में 671 नक्सल घटनाएं, जिनमें आम लोग ज्यादा मरे

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में पिछले 68 महीने में 671 नक्सल घटनाएं हुई हैं. इन नक्सल घटनाओं में नक्सलियों से ज्यादा



आम लोग मारे गये. जनवरी 2018 से लेकर अगस्त 2023 तक नक्सलियों ने 125 आम लोगों की हत्या कर दी. वहीं नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे हैं अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 92 नक्सलियों को मार गिराया है. दूसरी ओर इस मुठभेड में 36 जवान भी शहीद हुए हैं.

**2022 की तुलना में साल 2023 में ज्यादा हुई नक्सल घटनाएं :** झारखंड में साल 2022 की तुलना में साल 2023 में नक्सल घटनाएं ज्यादा हुई हैं. साल 2022 में जहां 90 नक्सल घटनाएं हुई, वहीं साल 2023 के अगस्त महीने तक 97 नक्सल घटनाएं हो गयी. जबकि 2018 में 118, 2019 में 134, 2020 में 126 और 2021 में 106 नक्सल घटनाएं हुई हैं. साल 2023 में नक्सलियों ने आगजनी की 24 और आईईडी ब्लास्ट की 19 घटनाओं को अंजाम दिया है. इसके अलावा नक्सलियों ने 33 लोगों से लेवी की मांग की है.

### 337 हथियार और 1555 आईईडी बरामद

पिछले 68 महीने की बात की जाये तो नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये गये 1555 आईईडी बरामद किये गये हैं. जबकि नक्सलियों के पास से 337 हथियार बरामद किये गये हैं. राज्य के अलग-अलग जिलों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2500 नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया है.

### झारखंड के माओवाद प्रभाव वाले जिले

राज्य के 16 जिले माओवाद प्रभाव वाले है. इनमें रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल है.

### गुमला : भाकपा माओवादी नेहरू मुंडा मरवा गांव से गिरफ्तार

**गुमला।** भाकपा माओवादी नेहरू मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. एसपी को गुप्ता सूचना मिली थी कि घोर उग्रवाद प्रभावित मरवा गांव का निवासी और माओवादी समर्थक नेहरू मुंडा सक्रिय है. साथ ही वो कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र ग्रामीणों को भाकपा माओवादी संगठन का समर्थन करने के लिए डरा-धमका रहा है. एसपी के निर्देश पर कुरूमगढ़ थाना थाना के पदाधिकारी और कुरूमगढ़ सैट-13 सशस्त्र बल ने छापेमारी की और मरवा गांव से नेहरू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया. नेहरू मुंडा ने पूर्व में नक्सली घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. उसने पुलिस को बताया है कि वह उग्रवादियों को राशन और पुलिस गतिविधियों की जानकारी देता है.

### आओ जानें

**झारखंड में अभी तक 544 जवान हुए शहीद**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2000 | 03 | 2013 | 28 |
| 2001 | 44 | 2014 | 14 |
| 2002 | 77 | 2015 | 05 |
| 2003 | 19 | 2016 | 08 |
| 2004 | 36 | 2017 | 04 |
| 2005 | 28 | 2018 | 10 |
| 2006 | 48 | 2019 | 13 |
| 2007 | 08 | 2020 | 02 |
| 2008 | 38 | 2021 | 06 |
| 2009 | 71 | 2022 | 02 |
| 2010 | 25 | 2023 (15अगस्त तक) | 03 |
| 2011 | 29 | कुल : | 544 |
| 2012 | 25 | | |

## चतरा पुलिस को टीपीसी के खिलाफ बड़ी सफलता

# सबजोनल कमांडर समेत पांच गिरफ्तार, एके-56 बरामद

संवाददाता। चतरा

टीपीसी उग्रवादी संगठन के खिलाफ चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ अशोक रविदास के नेतृत्व में कार्रवाई की गई. इसमें टंडवा और सिमरिया थाना पुलिस के सहयोग से सिदालू-सतपहरी पहाड़ के जंगल में अभियान चला कर टीपीसी उग्रवादी संगठन के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है.

गिरफ्तार उग्रवादियों में सबजोनल प्रभात उर्फ विरासत गंझू, विशु गंझू के अलावा टीपीसी के सदस्य अरुण प्रजापति, नरेश कुमार और जितेंद्र कुमार शामिल है. गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-56 रायफल, एक सेमी ऑटोमैटिक एसएलआर राइफल, एक यूएस मेड रायफल, एक 315 बोल्ट रायफल, 275 राउंड जिंदा गोली, दो देशी कट्टा, पांच मैगजीन और टीपीसी का पोस्टर बरामद किया है. गिरफ्तार हुए सभी उग्रवादी का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है.

**कोयला कारोबारी और रेलवे ठेकेदार के लिए बना था आतंक का पर्याय :** गिरफ्तार हुए सबजोनल कमांडर प्रभात, विशु समेत सभी पांचों उग्रवादी चतरा जिला में कोयला कारोबारी और रेलवे ठेकेदार के लिए आतंक का पर्याय बन गया था. इन सभी उग्रवादियों के द्वारा बीते 30 मई को टंडवा स्थित रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट में लगे पोकलेन मशीन को जला दिया गया था. इसके अलावा 23 सितंबर को पिपरवार थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह कोल परियोजना में आगजनी की थी.



**सभी उग्रवादियों का रहा आपराधिक इतिहास**

सबजोनल कमांडर प्रभात के खिलाफ लातेहार जिले के बालूमाथ और चतरा जिले के टंडवा, सिमरिया और पिपरवार थाना में कुल 14 मामले दर्ज हैं. सब जोनल कमांडर विशु के खिलाफ रांची जिले के खलारी, बुढ़मू और चतरा जिले के टंडवा और पिपरवार थाने में 11 मामले दर्ज है. अरुण प्रजापति, नरेश भोक्ता और जितेंद्र कुमार के खिलाफ पिपरवार थाना में दो मामले दर्ज हैं.

### लातेहार : बूढ़ा पहाड़ के जंगलों से नौ सिलेंडर बम बरामद

**लातेहार।** सर्च आपरेशन के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर व जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नौ सिलेंडर बम बरामद किये हैं. इन सिलेंडर बम को पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इसे बूढ़ा पहाड़ के लाटू जंगल में छिपा कर रखा गया था. बरामद सिलेंडर बमों में ढाई-ढाई किलो के सात, एक टिफिन बम व एक चेक बोल बम शामिल हैं. मौके पर ही पुलिस के बम निरोधक दस्त ने बमों को डिफ्यूज कर दिया है.



**गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि लाटू के जंगल में माओवादियों ने भारी संख्या में सिलेंडर बम छिपाकर कर रखा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया. इसके बाद झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने लाटू जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया. इस दौरान पुलिस को माओवादियों द्वारा छिपाये गये सिलेंडर सहित अन्य बम बरामद की गयी. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ को माओवादियों को खाली कराया जा चुका है. लेकिन माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गये हथियार व बारूदी सुरंग अभी भी वहां पर है. पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है.

### साइबर ठगों ने खाते से निकाल लिए 18.50 हजार

**चांडिल।** साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले शहरों के साथ अब गांवों में रहने वालों को भी अपना शिकार बनाने लगे हैं. ऐसे ही साइबर क्राइम का शिकार बने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर के रहने वाले सूरज नारायण साहू. सूरज गम्हरिया में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है. साइबर ठगों ने उनकी पत्नी पूजा साहू के मोबाइल पर फोन कर बताया कि उन्हें किसान सम्मान राशि के रूप में 12 हजार रुपये दिए गए हैं. मोबाइल में एप डाउनलोड कर ओटीपी बता दीजिए तो बैंक खाते में रुपये जमा कर दिए जाएंगे. एप डाउनलोड कर ओटीपी बताते ही उनके बैंक खाते से सारे रुपये निकाल लिए गए. ठगों ने सूरज के यूको बैंक के खाते से 17 हजार और उनकी पत्नी के यूको बैंक खाते से डेढ़ हजार निकाल लिए. रुपये निकालने के बाद भी मोबाइल पर ठगों ने बात की और बताया कि शाम तक रुपये वापस कर देंगे.

# होटल में ठहरे लोगों ने की मारपीट, कमरों में लगाई आग

संवाददाता। रांची

होटल में ठहरे लोगों ने मारपीट के बाद तीन कमरों में आग लगा दी. यह अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू दीनदयाल चौक पर स्थित होटल मौर्या की है. जहां तीन कमरों में ठहरे ग्राहकों ने पहले जम कर हंगामा किया. इसके बाद इन लोगों ने गुरुवार की रात तीनों कमरों में आग लगा दी. इस घटना में होटल के 15.50 लाख के सामान जल कर खाक हो गये. इस मामले में होटल के संचालक पप्पू कुमार यादव ने नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. इन नौ लोगों में डुमरी निवासी पिंटू कुमार, जहानाबाद निवासी नेहा देवी, रांची निवासी हर्ष साह, विशाखा कुमारी, अनिवाश कुमार मिश्रा, मनीषा कुमारी, विकास कुमार, नितिन कुमार और बॉबी कुमार शामिल हैं.

**होटल में ठहरे और उनसे मिलने आए लोगों में हुआ विवाद**

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 11 अक्टूबर को होटल के तीन कमरे 405, 408, 409 में कुछ लोग ठहरे थे. इनसे कुछ लोग मिलने आए थे. कुछ देर बाद ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी. हल्ला सुन होटल के कर्मी वहां गये और उन्हें समझाने की कोशिश की. लेकिन वो नहीं माने. पहले सभी ने कमरे में तोड़ फोड़ की. इसके बाद तीनों कमरे में आग लगा दी. इस घटना में तीनों कमरे में रखा सारा फर्नीचर व सामान जल गया. घटना के बाद सभी लोग होटल से फरार हो गये .

# 27 बोरियों में भरे 810 किलो गांजा जब्त

संवाददाता। चांडिल

सरायकेला-खरसावां जिले के पुलिस कप्तान को मिली सूचना के बाद चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान में पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है. इसके साथ ही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है. इसकी जानकारी पुलिस कप्तान डॉ. बिमल कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि रात के वक्त एसडीपीओ के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नागासेरेंग के पास टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर एक ट्रेलर में लोड गांजा को बरामद किया गया. वहीं ट्रेलर को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है. पुलिस कप्तान ने बताया कि छापामारी अभियान के दौरान पुलिस को देखकर चौका की ओर से रांची की ओर जा रहा एक ट्रेलर से तीन लोग उतरकर भागने लगे. पुलिस के जवानों ने इनमें से दो को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि तीसरा व्यक्ति रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो से फरार हो गया.

**ट्रेलर जब्त, दो धराए**



पकड़ाए लोगों में ट्रेलर का खलासी उत्तरप्रदेश के बरेली जिला अंतर्गत शेरगढ़ थाना के गोटिया निवासी 21 वर्षीय वाहिद खां और दूसरा धनबाद के कतरास मोड़ निवासी 27 वर्षीय करण कुमार गुप्ता शामिल है. पूछताछ के क्रम में वाहन पर लदे सामान के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद पुलिस के जवानों ने वाहन की तलाशी ली. इस दौरान 27 प्लास्टिक की बोरियां मिलीं. इसके बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने बोरा में गांजा होने की बात कही. उन्होंने बताया कि इसके बाद सभी प्लास्टिक की 27 बोरियों को खोलकर कर देखने पर उसमें गांजा भरा हुआ मिला. सभी बोरी का वजन 30 किलो है, जिसमें कुल 810 किलो गांजा है.


**स्कॉर्पियो और फरार व्यक्ति की तलाश में जुटी पुलिस :** पुलिस कप्तान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के पास से पुलिस ने दो मोबाइल भी जब्त किया है. इसके साथ ही ट्रेलर को भी विधिवत जब्त कर ईचागढ़ थाना में रखा गया है. दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि पुलिस भागने वाले तीसरे व्यक्ति के साथ उसे ले जाने वाले सफेद रंग की स्कॉर्पियो की तलाश में जुट गई है. जल्द ही स्कॉर्पियो को जब्त करते हुए फरार व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# बंद घर से नकद समेत 19 लाख की चोरी

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बाराद्वारी अमिता अपार्टमेंट निवासी अमित कुमार जैन के घर में चोरों ने हाथ साथ कर दिया. चोरों ने अमित के बंद घर का ताला तोड़ घटना को अंजाम दिया. घटना शुक्रवार रात की है. घटना की जानकारी अमित को तब हुई जब वह रात 10 बजे अपने घर पहुंचे. उन्होंने देखा कि घर में लगा ताला टूटा हुआ है और कमरे में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है.

उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. जांच के दौरान पास ही लगे सीसीटीवी में चोर की तस्वीर कैद हो गई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. चोरों ने अन्य दो फ्लैट में भी चोरी करने का प्रयास किया पर उन फ्लैट से उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगा.



**घर में ताला लगाकर बाहर गए थे**

अमित ने बताया कि वे शनिवार शाम 6.30 बजे काम से साकची बाजार गये थे. रात 10 बजे घर आने पर पाया कि ताला टूटा हुआ है. चोर ने घर से 15 हजार रुपये नकद और 19.25 लाख के जेवर की चोरी की है. चोरों ने फ्लैट में तीन घरों को निशाना बनाया पर उक्त फ्लैट में बैचलर्स रहते हैं, इसलिए उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा. उन्होंने बताया कि उनकी मां मुंबई गई है, जबकि वे घर पर अकेले है. जून माह में ही उन्होंने यह फ्लैट खरीदा था.

### बाइक चोर गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार, 8 बाइक बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है. एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित तिरिल रोड बक्सा गली से चोरी के आठ बाइक के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनमें सद्दाम हुसैन, अमन अली, बंटी कुमार यादव, विशाल यादव और पप्पू कुमार शामिल है. इनके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनी की चोरी की आठ बाइक बरामद किया है. राजकुमार मेहता ने सदर थाना में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. बताया कि इस गिरोह के अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है.

# महिला की हत्या, झाड़ी में फेंका शव, आरोपी की हुई पहचान

संवाददाता। गोड्डा

घर से गायब हुई महिला की लाश झाड़ी से बरामद हुई है. महिला महागामा थाना क्षेत्र के भल्लोकित्ता की रहने वाली है. बताया जाता है कि मृतका तीन दिन पूर्व अपने ससुराल से वापस मायके ग्राम भालूकित्ता आयी थी. दो दिन पूर्व शौच जाने की बात कहकर महिला घर से निकली थी. फिर लौटकर नहीं आई. शनिवार की सुबह नहर के पास झाड़ी से बदबू आने पर जब लोगों ने खोजबीन की तो महिला का शव मिला. जिसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी बाद में पुलिस के पहुंचने के बाद जब पुलिस ने ग्रामीणों से इसकी पहचान करवाई तो ग्राम भल्लूकित्ता के रहने वाले दुर्गा टुडू की बेटी टुडू के रूप में की गई.

इस संबंध में मृतक महिला के पिता दुर्गा टुडू ने बताया कि उसकी बेटी तीन दिन पूर्व बोरियो स्थित ससुराल से वापस मायके आई हुई थी. घटना के दिन शौच जाने की बात कह कर घर से बाहर निकली फिर वापस नहीं लौटी. इस मामले में महगामा एसडीपीओ शिवशंकर तिवारी ने कहा कि प्रथमदृष्टया यह मामला गला दबाकर हत्या करने का प्रतीत होता है. आरंभिक तौर पर की गई जांच के क्रम में एक युवक का नाम सामने आ रहा है. घटनास्थल पर एक चप्पल भी बरामद किया गया है जो संभवत उसी हत्यारे की हो सकती है. इस मामले में फिलहाल पुलिस जांच कर रही है. लाश का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया.

### पति की मौत के बाद ससुराल वाले दे रहे धमकी, लगाई गुहार

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत गाढ़ाबासा निवासी अनिता देवी को पति की मौत के बाद ससुराल वाले धमकी दे रहे हैं. इसको लेकर अनिता देवी शनिवार को एसएसपी कार्यालय में लिखित शिकायत की. अनिता देवी ने बताया कि उसकी शादी सोनारी कुम्हार पाड़ा निवासी भीम सिंह से साल 2016 में हुई थी. जानकारी मिलने पर वह पति के साथ ससुराल वालों से अलग रहने लगी. 3 अगस्त को सूचना मिली कि पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. वह ससुराल पहुंची तो देखा कि पति के शरीर में चोट के निशान हैं. मामले को लेकर सोनारी थाना में सास, ननद, संतोष और पवन के खिलाफ हत्या का आरोप लगाई थी, अब वो लोग केस उठाने की धमकी दे रहे हैं. इसलिए हम एसएसपी कार्यालय में शिकायत किए हैं.

## दुस्साहस — कोलियरी कार्यालय से दूसरे दिन भी लुटेरे रहे हावी, आक्रोशितों ने प्रबंधक को पीटा

# दस लाख के केबल लेकर भागे, बमबाजी में युवक की मौत

संवाददाता। निरसा

धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र स्थित ईसीएल चापापुर कोलियरी में केबल लुटेरों ने दूसरे दिन भी धावा बोला. शुक्रवार रात 40 से 50 की संख्या में लुटेरे आये और गार्ड को बंधक बनाकर करीब दस लाख के केबल लेकर भाग गये. इस दौरान उन्होंने बमबाजी भी की. जिसमें एक युवक की मौत हो गयी. घटना की जानकारी पर जब कोलियरी प्रबंधक कार्यालय पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करने व परिवार को ढांढस देने के बजाय केबल लूट की जानकारी में व्यस्त हो गये. जिसे देख लोगों का गुस्सा भड़क गये. आक्रोशितों ने प्रबंधक को खरी खोटी सुनायी और जमकर पिटाई कर दी.



**गार्ड को बंधक बनाकर केबल लेकर हो गये फरार**

ड्यूटी पर तैनात ईसीएल गार्ड काजल गोराई व नवीन बाउरी ने घटना की बारे में बताया कि रात करीब डेढ़ बजे हथियार से लैस करीब 40 से 50 की संख्या में केबल लुटेरों ने कार्यालय पर धावा बोला. लुटेरों ने गार्ड को बंधक बना लिया और करीब दस लाख के केबल लेकर भाग गये. घटना की जानकारी जब कॉलोनीवासियों को मिली तो सभी बाहर आ गये. तो केबल लुटेरों ने पहले सभी को धमकी दी कि अपने-अपने घरों में रहो, नहीं तो जान से हाथ धो बैठोंगे. इसके बाद भी लोग आगे बढ़े तो लुटेरों ने खुद घिरते देख बम चार्ज कर दिया. इस बमबाजी में ईसीएल कर्मी काशी कोइरी के 22 वर्षीय बेटा संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया. इलाज के लिये दुर्गापुर ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी. केबल लेकर सभी लुटेरे वहां से फरार हो गये.

**कर्मियों ने पुलिस व सीआईएसएफ पर लगाये आरोप**

ईसीएल कर्मियों ने पुलिस प्रशासन व सीआईएसएफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि प्रशासन व सीआईएसएफ सिर्फ नाम की रह गयी है. चाहे कोयला चोरी हो या फिर केबल चोरी सभी में इनकी मिलीभगत रहती है. तभी तो अपराधी बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. कर्मियों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि घटना के बाद लुटेरे क्यों नहीं पकड़े जाते? चोरी के कोयले पर अंकुश क्यों नहीं लगता? जनता मर रही है और इन्हें सिर्फ अपना पॉकेट भरना है.

**एक दिन पूर्व भी ढाई लाख रुपए के केबल की हुई थी लूट**

सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि एक दिन पहले गुरुवार रात भी लुटेरों ने कार्यालय में धावा बोला था और गार्ड को बंधक बनाकर करीब ढाई लाख के केबल लेकर भाग गये थे. एक दिन बाद फिर से लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया. सुरक्षाकर्मियों ने प्रबंधन पर जमकर भड़ास निकाला और कहा कि प्रबंधन सिर्फ लूट खसोट में लगी रहती है. व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं देती. सिर्फ लाठी के सहारे ड्यूटी करने को कहती है.

# सेवाती घाटी में कोयला लदा मोपेड पलटा, चालक की मौत

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र में झारखंड-बंगाल की सीमा पर सेवाती घाटी में कोयला लेकर जा रहा मोपेड गहराई में जा गिरी. जिससे चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. मृतक कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर निवासी देवेन्द्र नायक का पुत्र विश्वजीत नायक (22 वर्षीय) बताया जाता है.

विश्वजीत मोपेड से कोयला लेकर बेचने के लिए सेवाती घाटी के रास्ते बंगाल जा रहा था. ढलान में गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत पत्थरों से टकराकर हो गयी. घटना शुक्रवार दोपहर की है. घटना के बाद खाई में कई घंटे तक वह मृत अवस्था में पड़ा रहा. रात में गड्ढे से उसकी लाश बरामद हुई. पुलिस को बगैर सूचित किये शनिवार सुबह उसका दाह संस्कार कर दिया गया. इस मामले पर पूछे जाने पर कसमार थाना प्रभारी उज्ज्वल कुमार पांडेय ने बताया कि सेवाती घाटी में ऐसी किसी तरह की घटना की सूचना पुलिस को नहीं मिली है. मालूम हो कि बेरमो थाना क्षेत्र के जारंगडीह से लेकर पेटरवार के चांपी व खेतको तक कोयले की ढुलाई होती है.

**खास बातें**

- मृतक की पहचान विश्वजीत नायक के रूप में हुई
- मृतक मोपेड से कोयले बेचने जा रहा था बंगाल



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** सप्तम चंद्रकेतु मंगल का योग है. व्यापार के लिए स्थिति सामान्य रहेगी. जीवनसाथी से विवाद हो सकता है . रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सांनिध्य मिलेगा. मछली को चारा दें.

**वृषभ** अनिद्रा की शिकायत हो सकती है. साथ ही मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. चींटी को चीनी सफेद तिल और चावल मिला कर दें.

**मिथुन** समय उत्तम है. प्रयास अच्छा से किया जाए तो शिक्षा में विशेष लाभ होगा. आपके प्रयास से रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क** किसी से विवाद हो सकता है. पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी. पर गुरु भाग्य का साथ देगा. गुरु गायत्री का जाप करें.

**सिंह** भाई के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. यदि हो सके तो आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. किसी गरीब को अन्न का दान करें.

**कन्या** आय के लिए पूर्व में किया गया प्रयास रंग लाएगा. पर खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. कुत्ते को भोजन दें.

**तुला** कुछ तनाव को छोड़ दिया जाय तो मानसिक और शारिरिक शुख मिलेगा. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है.

**वृश्चिक** आय और धन वृद्धि होगी.पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. अन्न का दान आउट गायत्री मंत्र का जाप करें.

**धनु** समय बहुत ही अनुकूल है. आय का नया मार्ग मिलेगा. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आपके मेहनत और ईमानदारी से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर** पिता से लाभ होगा. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. काला कपड़ा और जूता किसी गरीब को दे.

**कुंभ** भाग्य का साथ मिलेगा. आलस का त्याग करें. शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे. सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. किसी बृद्ध की सेवा से बिगड़ा कार्य बनेगा.

**मीन** कुछ मानसिक तनाव हो सकता है. बेकार के बहस से बचें. मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से अपनों से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें.

## हजारीबाग में डांडिया नाइट 20 को



**हजारीबाग।** सिद्धार्थ अजमेरा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड इवेंट्स कंपनी की ओर से गरबा डांडिया नाइट का आयोजन 20 अक्तूबर को स्टेशन क्लब में किया जा रहा है. कंपनी के ऑफिस में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सिद्धार्थ अजमेरा, जसमीत होरा, आकाश जायसवाल, आयुष जैन, सौरभ आनंद, नीरज अजमेरा, कुणाल कुमार हैप्पी, राहुल कुमार, निखिल गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से डांडिया गरबा पोस्टर की लॉन्चिंग की.

## स्वर्णरेखा नदी तट तर्पण व पिंडदान

**जमशेदपुर।** सर्व पितृ पक्ष अमावस्या पर स्वर्णरेखा नदी तट पर लोगों ने अपने पूर्वजों का तर्पण व पिंडदान किया. पंडित दीपक पांडेय ने बताया कि आज के दिन पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से परिवार पर पूर्वजों का आशीर्वाद बना रहता है. शनिवार को सैकड़ों की संख्या में लोगों ने स्वर्ण रेखा नदी तट पर अपने पूर्वजों व पितरों का तर्पण व पिंडदान किया. उल्लेखनीय है कि इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 29 सितंबर को हुई थी, जो 14 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या के साथ समाप्त हो गया.

## तेली साहु महासंगठन ने की बैठक

**लातेहार।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक जिला स्तरीय बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद साहु व संचालन धर्मेंद्र प्रसाद साहु ने किया. मौके पर संगठन के विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया. संगठन का सदस्यता अभियान चलाने पर भी विचार किया गया. अध्यक्ष ने कहा कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक हमारे समाज का विकास नहीं होगा. उन्होंने कहा कि देश व समाज के विकास में तेली समाज का अहम योगदान है.

### राजधानी में दैनिक शुभम संदेश एवं लगातार डॉट इन ने की शानदार प्रस्तुति

# डांडिया की ताल पर थिरकी रांची, लोगों में दिखा भारी उत्साह







**संवाददाता।रांची**

हिंदी दैनिक शुभम संदेश एवं लगातार डॉट इन के तत्वावधान में शनिवार को डिबडीह के जेके सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगर वासियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. पारंपरिक वेशभूषा में लोग देर रात रात तक थिरकते रहे. क्या बुजुर्ग, क्या युवा सभी में बेजोड़ उत्हाह दिखा. बच्चे भी पीछे नहीं थे. उत्साह से लबरेज बच्चे बुजुर्गों नृत्य करने के लिए ललकार रहे थे. हाथों में डांडिया स्टिक लहराते शहरवासी एक से बढ़कर एक गीतों और उसके ताल पर सामूहिक नृत्य कभी माहौल को भक्तिमय, तो कभी मस्ती के रूप में ढाल रहे थे. मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और रांची के विधायक सीपी सिंह के साथ शुभम संदेश के संपादक सुरजीत सिंह सहित कार्यक्रम के प्रायोजकों ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इसके बाद डांडिया की धुन और ताल पर बच्चों, युवक-युवतियों के साथ ही साथ हर उम्र के महिला-पुरुष ने थिरकते हुए पूजन के लिए जगदंबा का आवाहन किया. कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने इस भव्य आयोजन के लिए दैनिक शुभम संदेश की खूब सराहना की. डिलाइट इवेंट ने कार्यक्रम का आयोजन किया था, जबकि गायक फैसल अमीन, प्रिया मोहितेश्वरी ने गीतों से ऐसा समां बांधा कि लोग थिरकते रहे.

### पर्व-प्रसंग : दसाईं और छऊ नृत्य के साथ पंडाल का उद्घाटन, महिषासुर मर्दिनी का प्रदर्शन

# आदित्यपुर में निकली शोभा यात्रा

**संवाददाता। आदित्यपुर**

छऊ नृत्य की महिषासुर मर्दिनी प्रसंग, पारंपरिक दसाई नृत्य और वीर बजरंगी की अद्भुत लीलाओं के बीच प्रवीण सेवा संस्थान का पंडाल का पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उद्घाटन किया. इस अवसर पर कॉलोनी के अंदर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई. बता दें कि आदित्यपुर ही नहीं पूरे झारखंड में यह पंडाल नंबर वन पर रहता है. मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, एके श्रीवास्तव, बिल्डर कौशल सिंह आदि अतिथि के तौर पर मौजूद थे.

समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने की. समारोह में मुख्य अतिथि रघुवर दास ने कहा कि जमशेदपुर ही नहीं, पूरे झारखंड में ऐसा दूसरा पंडाल नहीं है. गोल्डन जुबली वर्ष पर यहां जो कार्यक्रम आयोजित हुआ है, वह सचमुच अलौकिक है. पूजा समिति की यह खासियत है कि हर वर्ष नया थीम प्रस्तुत कर समाज को एक संदेश देने का काम करती है. यह पंडाल सचमुच में पुरातत्व विभाग के लिए चुनौती है. देश के पर्व त्योहार, उत्सव पूर्वजों की धरोहर है, जो हमें एक नई ऊर्जा देती है. इसलिए हमें धूमधाम से मनाना चाहिए. भारत की संस्कृति हमें विश्व गुरु कहलाने का गौरव प्रदान करती है. देशवासियों को जनवरी 2024 में अयोध्या में भगवान राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा. वह सनातन धर्मावलंबियों का पवित्र स्थल है. सनातन धर्म सभी धर्मों का आदर करता है. हमें आज यह संकल्प लेना है कि देश तोड़क शक्तियों को उखाड़ फेंकना है. तभी हमारा देश समृद्धशाली बनेगा. उद्घाटन समारोह को सभी अतिथियों ने संबोधित किया. बता दें कि प्रवीण सेवा संस्थान ने तकरीबन 80 लाख रुपए की लागत से दक्षिण भारत का खंडहरनुमा और गुफाओं को प्रदर्शित करता पंडाल का निर्माण कराया है, जो पूरे राज्य के पूजा पंडालों में अलौकिक है.



## जुगसलाई दुर्गा बाड़ी ट्रस्ट ने निकाली प्रभातफेरी

**जमशेदपुर।** महालया के शुभ अवसर पर जुगसलाई दुर्गा बाड़ी की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई. इस दौरान गाजे-बाजे के साथ भारी संख्या में महिला और पुरुष पारंपरिक परिधान में इस प्रभातफेरी में शामिल हुए. जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी विश्वनाथ ने बताया कि जुगसलाई दुर्गा बाड़ी में सन 1936 से मां की पूजा-अर्चना होती आ रही है. 2019 तक मिट्टी की प्रतिमा लाकर पूजा कर विसर्जित किया जाता था, पर अब कमेटी के लोगों ने 2021 मां दुर्गा का प्राण-प्रतिष्ठा कर दिया. लगातार पिछले कई वर्षों से मंदिर कमेटी द्वारा महालया के शुभ अवसर पर प्रभातफेरी कर मां के आगमन पर खुशियां मनाई जाती है. इस वर्ष में ढ़ोल नगाड़ों के साथ वीरेंद्र कृष्ण भद्र के द्वारा गाये गए चंडी पाठ के साथ महिला-पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक परिधान में पूरे जुगसलाई क्षेत्र का भ्रमण कर देवी की आराधना किये. मां के आगमन के पूर्व महालया के दिन ढोल नगाड़ों के साथ पूरे जुगसलाई क्षेत्र का भ्रमण कर मां का स्वागत किया जाता है. पिछले कई दिनों से जो तैयारी चल रही है, उसे और तेज किया जाता है. साथ ही पूरे देशवासियों के लिए मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की गई.



### आओ जानें

## छिन्नमस्तका मंदिर

**आराध्या-** दश महाविद्याओं में से एक महाविद्या.

**स्थान-** यह प्रसिद्ध मंदिर रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के रजरप्पा में दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर अवस्थित है.

**शक्तिपीठ-** इस तीर्थस्थल की प्रसिद्धि शक्तिपीठ के रूप में है, तांत्रिकों के लिए तंत्र-साधना हेतु इसे सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है.

**विशेषता-** मंदिर में धड़ से अलग सिर वाली मूर्ति स्थापित है, जिसक कारण इसे छिन्नमस्तका कहा जाता है. इस देवी मां को छिन्नमस्तिका और छिन्नमस्ता भी कहा जाता है. देवी के दायें और बायें डाकिनी और शाकिनी विराजमान हैं. देवी के पैरों के नीचे रती और कामदेव विपरीत रती में हैं, जो कामनाओं के दमन का प्रतीक है. 1947 से पहले तक यह मंदिर पूरी तरह घने जंगलों से घिरा था.

**कैसे पहुंचें-** छिन्नमस्तिका मंदिर से निकट एयरपोर्ट रांची में लगभग 70 किमी की दूरी पर स्थित है. रांची पहुंचने के बादकैब किराए पर लेकर या बसा पकड़ कर रजरप्पा पहुंचा जा सकता है. ट्रेन से रजरप्पा पहुंचने का सबसे अच्छा तरीका रामगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए सीधी ट्रेन है, जो मंदिर से लगभग 28 किमी की दूरी पर स्थित है। स्टेशन से, आप रजरप्पा के लिए बस या टैक्सी किराए पर ले सकते हैं.

## जमशेदपुर में 123 अज्ञात शवों का पिंडदान और सामूहिक श्राद्ध कर्म

**संवाददाता।जमशेदपुर**

जमशेदपुर की सामाजिक संस्था "अंत्योदय" ने शनिवार को 123 अज्ञात शवों का पिंडदान कराया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई थाना प्रभारी कुणाल कुमार मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान 700 लोगों को श्राद्ध भोज भी कराया गया. वहीं मुख्य अतिथि कुणाल कुमार ने निःस्वार्थ भाव से काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया.

जानकारी देते हुए संस्था के प्रवीन सेठी ने बताया कि साल 2022 में गणेश चतुर्थी के दिन संस्था की नींव रखी गई थी, तब से लेकर अब तक 123 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है. संस्था द्वारा लावारिस शवों का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया जाता है. उन्होंने पार्वती श्मशान घाट प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि असमर्थ लोग संस्था के मोबाइल नंबर 9204886232, 7004813335 पर फोन कर मदद ले सकते हैं.

## कलशयात्रा के साथ नवाह्न पारायण यज्ञ शुरू

**आशीष टैगोर।लातेहार**



लातेहार में शनिवार को श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ का 50वां अधिवेशन कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया. शहर के बीचोबीच अंबाकोठी स्थित महायज्ञ स्थल से एक भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गयी. महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने ध्वज दिखा कर इसे रवाना किया. कलश यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची और इसके बाद पुनः मेन रोड, थाना चौक व बाइपास चौक होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची. यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा गया. वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित अनिल मिश्रा ने किया. जबकि मौके पर बतौर मुख्य यजमान पवन कुमार महलका सप्तनीक थे. इसके बाद कलश यात्रा मानस पथ होते हुए महायज्ञ परिसर पहुंची. कलश यात्रा में तकरीबन एक हजार कुंवारी कन्या व महिलाओं ने कलश उठाया था. कलशधारी महिला एवं कुंवारी कन्याएं एक ही परिधान में मनोहारी दृश्य में नजर आ थीं. बाहर से आये कलाकारों ने श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी निकाली. झांकियों को आकर्षक रथ में सवार किया गया था. बच्चों में काफी उत्साह देखा गया. बच्चे जय श्रीराम का नारा लगा रहे थे. कलश यात्रा में सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आये हैं और रामजी की निकली सवारी आदि मनमोहक गीत बजाये जा रहे थे. मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, राजधनी यादव, महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, सुनील कुमार शौंडिक, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, राजेश सिंह, राजीव रंजन पांडेय, मदन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मुकेश पांडेय, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, उज्जवल पांडेय, संतोष पासवान आदि शामिल थे.

### मुख्यमंत्री को दुर्गा पूजा पंडालों में भ्रमण का आमंत्रण

## सीएम से मिला पूजा समितियों का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता।रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीएम हाउस में मुलाकात की. मुलाकात करने वालों में रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति और औद्योगिक जगन्नाथपुर क्षेत्र दुर्गा पूजा समिति के सदस्य शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सीएम को सपरिवार पूजा पंडालों में भ्रमण कर मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए आमंत्रित किया. साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें दुर्गा पूजा की तैयारी के बारे में जानकारी दी. मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा समितियों को प्रशासन से पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया. मुख्यमंत्री से मिलने वालों में रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अजीत सहाय, चंचल चटर्जी, जयसिंह यादव, कृष्ण मोहन सिंह, राजन बर्मन, अशोक यादव, कमलेश यादव, उज्जवल तिवारी, विनोद सिंह, संजय सिन्हा गोपू, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुनचुन राय, अशोक चौधरी, सुनील यादव, बंटी यादव, टीके मुखर्जी, वीरेंद्र प्रसाद, रमेश गुप्ता, राजेंद्र सिंह, राजेश ठाकुर, राकेश सिंह, औद्योगिक जगन्नाथपुर क्षेत्र दुर्गा पूजा समिति के वेद प्रकाश सिंह शामिल थे.

### समारोह | महाराजा अग्रसेन का जयंती महोत्सव सह अग्रवाल सभा का वार्षिकोत्सव आज

# राजधानी में निकाली गयी अग्रसेन की शोभायात्रा

**संवाददाता।रांची**

अग्रवाल सभा रांची के तत्वावधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी का भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई ,जो रांची नगर के प्रमुख मार्गो अपर बाजार, बंशीधर अडूकिया रोड, साबू रिक्शा रोड, कोतवाली, शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट मार्केट रोड, चूड़ीवाला रोड, कार्ट सराय रोड होते हुए पुनः अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। अपराह्न 3 बजे महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की भव्य एवं मनमोहक आकर्षक झांकी निकाली गई। इससे पूर्व अग्रसेन जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं.



**खास बातें**

- शोभायात्रा में हुआ महाराजा अग्रसेन की झांकी का प्रदर्शन
- पारंपरिक वेशभूषा में शामिल थे अग्रवाल समाज के लोग

शोभा यात्रा रांची के प्रमुख मार्गो से गुजरी जगह-जगह सामाजिक संगठनों रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, माहेश्वरी सभा, ब्राह्मण सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, डॉ. लालचंद बगड़िया संस्थान सहित अन्य संस्थाओं के लोगों ने पुष्प की बारिश कर आरती की एवं प्रसाद वितरण किया। पूरा नगर अग्रसेन जी की जयकारा से गूंज मान रहा। शोभा यात्रा में शामिल भजन गायको ने सुमधुर मनमोहक भजनों से पूरे माहौल को श्री अग्रसेनमय बना दिया। पूरे मार्ग में भक्तगण जयकारा के साथ झूमते रहे, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अग्र बंधुओं एवं महिलाएं अग्रध्वज एवं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा ने किया।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया, भागचंद पोद्दार, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, सुरेश चंद्र अग्रवाल, राजकुमार केडिया, ललित कुमार पोद्दार, राजेंद्र केडिया, प्रमोद अग्रवाल, अशोक नारसरिया, पवन पोद्दार, विनोद कुमार जैन, अजय डीडवानिया, विजय कुमार खोवाल, कमल खेतावत, अनिल अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, रतनलाल बंका, विनोद टिबड़ेवाल, सुनील पोद्दार, नरेश बंका, निर्मल बुधिया, सुरेश चौधरी , हनुमान बेडिया, रमन बोडा, राजकुमार मित्तल, कमल शर्मा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पवन कनाई, विश्वनाथ जाजोदिया, रोहित पोद्दार, रमाशंकर बगड़िया, चंडी प्रसाद डालमिया, ललित पोद्दार, छाया अग्रवाल, रीना सुरेखा, मीना अग्रवाल, शोभा नारसरिया, रतन अग्रवाल, श्यामसुंदर बजाज, किशन अग्रवाल, अजय खेतानसहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर में नवाह्न पारायण पाठ आज से

**रांची।** चुटिया के प्राचीन श्रीराम मंदिर में 15 अक्टूबर को 351 कन्याओं द्वारा रामचरितमानस का नवाह्न पारायण तथा नव दुर्गा पूजन महायज्ञ प्रारंभ होगा, जो नवरात्र पर्यंत जारी रहेगा.इस अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रमोद शास्त्री के सांनिध्य में 351बच्चियों के व्दारा सस्वर रामायण पाठ होगा जो दस दिनों तक चलेगा. दशमी के दिन प्रातः नौ बजे शोभायात्रा निकलकर चुटिया नगर भ्रमण करेगी तथा महा भंडारा का आयोजन होगा. इसके पूर्व आचार्य जनार्दन पाण्डेय के सांनिध्य में कलश स्थापना तथा नव दुर्गा पूजन शुरू होगा. संध्या में वृंदावन से पधारी कथावाचक साध्वी किंकरी देवी द्वारा प्रवचन तथा कथा वाचन किया जाएगा. आयोजन को सफल बनाने में कैलाश केशरी, रवि सिंह, विजय साहु, अमित केशरी, अमित साहु, उमंग आदि अपना योगदान दे रहे हैं.

## पुण्यतिथि पर किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

**संवाददाता।रांची**



किशोर कुमार फैंस क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को संध्या सिटी पैलेस में हिंदी सिनेमा जगत के महान पार्श्वगायक एवं अभिनेता किशोर कुमार की 36 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी. इस अवसर पर किशोर कुमार की तस्वीर पर पुष्पार्पण करते हुए सुबीर चक्रवर्ती एवं विजय राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर अभिजीत भट्टाचार्य, जगदीश सिंह जग्गू ,राधा सिंह, रूपा गुहा, अशोक विश्वास, डॉ पम्पा सेन विश्वास आदि पुष्प अर्पित किये. इसके बाद किशोर कुमार को उन्हीं के गाये गीतों द्वारा संगीतांजलि दी गयी. संगीतांजलि देनेवाले कलाकारों में बांग्लादेश से आये प्रसिद्ध गायक सुमन शाहिद और कोलकाता से आये अनजाना चक्रवर्ती के साथ स्थानीय कलाकारों में मिस्टू गुहा , सुहृद सरकार, अजय गुप्ता, दीपक टाटीया, अमित भट्टाचार्य, नैना राय, शुभांगी भट्टाचार्य, सौरभ राय ,सौमेन मुखर्जी, ऋतु गुप्ता, इमरान, सपना चटर्जी ,शुभाशीष चटर्जी, वीणा श्री शामिल थे. संचालन मिस्टू गुहा ने किया.

# जब जनगणना हो सकती है तो जातिगत गणना क्यों नहीं




झारखंड में राजनीतिक दलों के ज्यादातर नेता चाहते हैं कि बिहार की तर्ज पर यहां भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए. ताकि पता चल सके कि यहां किस जाति के कितने लोग हैं और उनकी आर्थिक स्थिति कैसी है. जातिगत जनगणना के पीछे उनका तर्क यह है कि सरकार की योजनाएं किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाली जनसंख्या की स्थिति को देख कर बनाई जाती है. ऐसे में यह पता चल पाएगा कि सरकार को कैसी योजनाएं तैयार करनी हैं. अगर किसी जाति विशेष की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है तो सरकारी स्तर पर उनके लिए भी योजनाएं बनाई जाएगी ताकि उनका विकास हो सके. हालांकि सरकार अब भी समुदाय विशेष के लिए योजनाएं बनाती हैं, पर वह एक अनुमान पर आधारित होती है. सही आकंड़े मिलने से योजनाओं को धरातल पर उतारने में ज्यादा आसानी होगी. जातिगत मामलों में अभी तक सब अनुमान से चल रहा है. पर गणना होने पर बिहार की तरह झारखंड में भी अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 55 फीसदी से ज्यादा हो सकती है. आदिवासियों की संख्या में भी 2011 की जनगणना की तुलना में वृद्धि की संभावना है. दलित आबादी भी 1 से 2 फीसदी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं. इतना ही नहीं अगड़े वर्ग की आबादी 3 से 5 फीसदी के बीच सिमट सकती है. अगर अनुमान और दावों का कुछ प्रतिशत इधर-उधर भी हुआ, तो झारखंड में पिछड़ी जाति अपर हैंड हो जाएगी. जातीय जनगणना को लेकर झारखंड में सियासी हलचल भी तेज हो गई है. शुभम संदेश की टीम ने राजनीतिक दलों के पूर्व और वर्तमान सांसद,विधायकों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.

## राजनीतिक दलों के अधिकतर नेता चाहते हैं

# झारखंड में भी हो जातिगत जनगणना

### सही आंकड़े मिल पाएंगे कि राज्य में किस जाति के कितने लोग हैं

### जातिगत मामले में अभी तक दावे और अनुमान के हिसाब से हो रहा है काम

### सरकार को भी योजना बनाने में होगी सहूलियत



**हजारीबाग**

## सिर्फ लाभ के लिए न हो जातीय जनगणना : मनीष जायसवाल



हजारीबाग के सदर विधायक मनीष जायसवाल का कहना है कि राजनीतिक लाभ के लिए जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए. अगर सही मायने में लोगों को लाभ देना हो, तभी जातीय जनगणना होनी चाहिए. अगर राजनीति लाभ के लिए यह जनगणना होगी, तो समाज में इसका बेहतर संदेश नहीं जाएगा. इससे वैमनस्यता का भाव उत्पन्न होने का खतरा होगा.

## लोगों के कल्याण के लिए जरूरी : उमाशंकर अकेला



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि जातीय जनगणना कराना बेहद जरूरी है. इससे यह भी पता चल जाएगा कि किस जाति के कितने लोग हैं और फिर सही मायने में पिछड़ों को लाभ देने की योजना बनाई जा सकेगी. बिहार जिस तरह जातीय जनगणना के पक्ष में है, उसी प्रकार खासकर पूर्वी भारत में जातीय जनगणना कराने की जरूरत है.

## बिल्कुल होनी चाहिए जातीय गणना : अंबा



बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कहा कि जातीय जनगणना बिल्कुल होनी चाहिए. इससे पिछड़ों का विकास होगा. यह लोगों की मांग है. जनप्रतिनिधि होने के नाते वह जनभावना का कद्र करती हैं और जनहित में जो काम है, उसका वह समर्थन करती हैं. अगर जातीय जनगणना नहीं होगी, तो पिछड़ा वर्ग पिछड़ता ही चला जाएगा. उसे आरक्षण का लाभ कैसे मिलेगा.

## जातीय जनगणना से सबको न्याय मिलेगा : बीपी मेहता



हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए. इससे सभी लोगों को न्याय मिलेगा. लोग जान पाएंगे कि उनकी आबादी कितनी है. उसके अनुसार सरकारी लाभ की योजना तैयार की जा सकेगी. जातीय जनगणना लोगों के हित में है. इस दिशा में सरकार को कदम बढ़ाना चाहिए. साथ ही सभी को जनगणना के लिए समर्थन करना चाहिए.

## जातीय जनगणना की वकालत करते हैं : सौरभ



हजारीबाग के पूर्व सदर विधायक सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से वह जातीय जनगणना की वकालत करते हैं. इससे लोगों को लाभ मिलेगा. इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए. सही तरीके से इसे लागू करने की जरूरत है. जातीय जनगणना के बाद सरकारी योजनाओं से उन लोगों को लाभ मिलेगा, जो अब तक किसी कारणवश वंचित रह गए हैं.

**बोकारो**

## जातीय जनगणना होनी जाहिए : कुमार जयमंगल



बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना निश्चित तौर पर जरूरी है. देश या राज्य में हर वर्ग में समानता एवं प्राथमिकता को लेकर जनगणना होनी ही चाहिए. उन्होंने बताया कि जातिगत जनगणना के आधार पर ही तो सरकारें सभी तरह की स्कीम और कल्याणकारी योजनाएं लाती है. बहुत दिनों से इसे रोककर रखा गया है, इसलिए बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए. सभी को इसका समर्थन करना चाहिए. साथ ही सरकार को इस दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए.

## हर हाल में हो जातिगत जनगणना: योगेंद्र प्रसाद



पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में जातिगत जनगणना हर हाल में होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हम सभी इसके पक्षधर हैं. सदन में भी कई बार इसकी मांग हमलोग उठा चुके हैं. इसके अलावा अन्य कई प्लेटफॉर्म में भी ये आवाज हमलोगों ने उठाई है. जातिगत जनगणना से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी बदलाव आएगा और लोगों को इससे फायदा मिलेगा. निश्चित तौर पर यह मील का पत्थर साबित होगा.इसलिए सरकार को इस दिशा में सोचने की जरुरत है.

**जमशेदपुर**

## राज्य में जातिगत जनगणना जरूरी है : सालखन मुर्मू



पूर्व सांसद सालखान मुर्मू का कहना है कि राज्य में जाति जनगणना होनी चाहिए. सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं जनगणना के आधार पर ही बनती हैं. इसलिए जाति जनगणना जरूरी है, ताकि यह पता चल पाए कि किस जाति की वास्तविक स्थिति क्या है? हमारा देश विभिन्न जातियों में विभक्त है. अभी तक सरकार द्वारा जातिगत आधारित जनगणना नहीं कराई गई है. इसलिए जरूरी है कि जातिगत जनगणना बहुत आवश्यक है.

## 1931 के बाद नहीं हुई जातिगत गणना : शैलेंद्र



पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो का कहना है कि अंग्रेजों द्वारा 1931 में जातिगत जनगणना कराई गई थी. उसके बाद देश में जातिगत जनगणना नहीं कराई गई, लेकिन अब जातिगत जनगणना कराना समय की मांग है. जातियों का सही आंकड़ा सरकार के पास होने पर सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए योजनाओं का निर्धारण करने में सहूलियत होगी. साथ ही सही लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल पाएगा.

## जातिगत गणना झारखंड में भी हो : सूर्य सिंह बेसरा



पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी सूर्य सिंह बेसरा का कहना है कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए, ताकि राज्य में सभी जातियों की वास्तविक स्थिति का पता चल पाए. राज्य में आदिवासी जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, मुस्लिम और सवर्ण जाति का प्रतिशत क्या है, यह तो जातिगत जनगणना से ही पता चल पाएगा. उसके आधार पर उन जातियों के विकास की योजनाएं लागू करने में आसानी होगी.

## पूरे देश में हो जातिगत जनगणना : आनंद दुबे



पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे का कहना है कि झारखंड के साथ ही पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए. जातिगत जनगणना की आवश्यकता इसलिए है कि वर्षों से एक अनुमान के आधार पर ही पिछड़ी जातियों के विकास के लिए योजनाएं बनाई जाती हैं, जबकि सच्चाई यह है कि इतने वर्षों में जाति के प्रतिशत में काफी बदलाव हुआ है. ऐसे में जातिगत जनगणना के बाद भी जातियों का सही आंकड़ा मिल पाएगा.

**चाईबासा**

## बिहार में जातिगत जनगणना सराहनीय कदम : चित्रसेन सिंकु



पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए. ताकि किस जाति के कितने लोग हैं , इसका आंकड़ा बन सके. बिहार में जिस तरह से जातिगत जनगणना हुई है. वह सराहनीय कदम है, इससे जाति का विभाजन नहीं होगा. लेकिन जिस जाति के लोग ज्यादा हैं उसकी पहचान हो जाएगी. हालांकि इसको वोट के नजर से देखना नहीं चाहिए विकास की नजर से देखना चाहिए. जिस जाति के लोग अभी भी वंचित हैं. न्यूनतम स्तर से जो जाति कमजोर है. उसका विकास से उस जाति के लोगों को ऊपर उठाने का काम करना चाहिए.

## बिहार की तरह यहां भी हो : चरण जामुदा




पूर्व सांसद दुर्गा चरण जामुदा ने कहा कि झारखंड में भी जाति की जनगणना होनी चाहिए. इसमें किसी भी तरह की राजनीतिक नहीं होनी चाहिए. राजनीतिक या गणना से नुकसान भी हो सकता है. बिहार सरकार ने जिस तरह से जाति की जनगणना की है और जो आंकड़ा प्रस्तुत किए हैं वह सराहनीय कदम है. यह कम समय में बेहतर गणना की गई है. इससे साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों में वहां विकास अधिक होगा और योजनाएं भी बनेगी. अब जिस जाति के अधिक लोग हैं उससे अब राजनेता भी डरने लगेंगे. ताकि उसका वोट बैंक अधिक होगा.

## गंभीरता से विचार होना चाहिए : महेंद्र



झारखंड पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी महेंद्र जमुदा ने कहा कि झारखंड में जातिगत जनगणना को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं. लेकिन इसको गंभीरता से विचार करने के पश्चात ही इस पर अंतिम मोहर लगाने की जरूरत है. बिहार एक बड़ा राज्य है और झारखंड छोटा राज्य है. इसलिए इसपर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है. यहां की आबादी बिहार से कम है और यहां सबसे अधिक आदिवासियों की संख्या है.

**धनबाद**



## जातीय जनगणना से मुझे मतलब नहीं : मन्नान

जातीय जनगणना के मुद्दे पर धनबाद के पूर्व विधायक मनान मल्लिक ने कहा कि झारखंड की जातीय जनगणना से मुझे कोई मतलब नहीं है. जनगणना होगी तो ठीक है, नहीं भी होगी तो भी ठीक है. इससे किसका फायदा होगा, किसका नुकसान, यह जनगणना कराने वाले जाने. सबकी राजनीति अपनी अपनी जगह है, इस पर और मुझे कुछ नहीं कहना है.



## झारखंड में यह तो होनी ही चाहिए: अरूप चटर्जी

निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि राज्य में जातीय जनगणना कराने में क्या हर्ज है, यह तो होनी ही चाहिए. हमलोग इस मुद्दे पर पार्टी डेलिगेशन के साथ केंद्रीय गृह मंत्री से मिल चुके हैं. हमलोग तो चाहते हैं कि पूरे देश में यह पहल होनी चाहिए. लेकिन केंद्र का रुख अलग है. ऐसे राज्य तो अपने स्तर पर जातीय जनगणना करा ही सकता है. राज्य के मुख्यमंत्री को इस पर आगे बढ़ाना चाहिए.



## जातीय जनगणना पर कुछ नहीं कहना : अपर्णा


निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने जातीय जनगणना से जुड़ा सवाल सुनते ही चुप्पी साध ली. कई बार पूछने पर उन्होंने सिर्फ इतना कहा मुझे इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहना है.

**गिरिडीह**




## जल्द जातीय जनगणना होनी चाहिए : सुदिव्य कुमार सोनू

जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जितनी जल्दी हो सके झारखंड में जातीय जनगणना होनी चाहिए . जातीय जनगणना होने से सभी जातियों को उसकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व मिल सकेगा . सभी जातियों को इससे लाभ मिलेगा .



## पता चल सकेगा किसकी कितनी आबादी : लक्ष्मण

बीजेपी के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार ने कहा कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए . इससे पता चल सकेगा कि किस जाति की कितनी आबादी है. कई जाति के लोग अपनी आबादी के अलग_अलग दावे करते हैं . जातीय जनगणना होने पर इस पर भी विराम लगेगा .जातिगत जनगणना होने पर आरक्षण में भी कई जातियों को लाभ मिलेगा. उन्होंने जल्द से जल्द जातीय जनगणना करवाने की मांग की है.



## साजिश के तहत की जा रही है मांग : लक्ष्मण

पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी ने कहा कि जातीय जनगणना एक साजिश के तहत कराए जाने की मांग हो रही है . भाजपा जातीय गणना के पक्ष में नहीं है . हमारी पार्टी देश के सभी हिंदुओं को एक मंच पर लाना चाहती है . हिंदू किसी भी जाति से हैं, उन्हें एक करना बहुत ही जरूरी है. इसके विपरीत कुछ दल हिंदुओं को कमजोर करने के लिए जातिगत गणना करवाना चाहती है.उनकी यह मंशा ठीक नहीं है.

**साहिबगंज**

## जनगणना जितनी जल्दी हो कराई जाए : स्टीपन



जेएमएम केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य एवं बोरियो विधानसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा के सांसद प्रतिनिधि स्टीपन मुर्मू ने कहा कि जितनी जल्दी हो सके झारखंड में जातीय जनगणना होनी चाहिए. जातीय जनगणना होने से सभी जातियों को उसकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व मिल सकेगा. सभी जातियों को इससे लाभ मिलेगा. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि झारखंड में बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी जल्द से जल्द जातीय जनगणना कराई जाएगी. जातिगत जनगणना से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी बदलाव आएगा और लोगों को इससे फायदा मिलेगा. निश्चित तौर पर यह मील का पत्थर साबित होगा.

## पता चलेगा किस जाति के कितने लोग हैं : ताला मरांडी



बोरियो विधानसभा के पूर्व विधायक ताला मरांडी का कहना है कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए.इससे पता चल सकेगा कि किस जाति की कितनी आबादी है.कई जाति के लोग अपनी आबादी के अलगअलग दावे करते हैं . जातीय जनगणना होने पर इस पर भी विराम लगेगा. जातिगत जनगणना होने पर आरक्षण में भी कई जातियों को लाभ मिलेगा. उन्होंने झारखंड सरकार से जल्द से जल्द जातीय जनगणना कराने की मांग की है .भाजपा जातीय गणना के पक्ष में हैं.

**चक्रधरपुर**

## जातीय जनगणना झारखंड में भी होनी चाहिए : गीता कोड़ा



सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए. इस बारे में हमारे नेता राहुल गांधी ने अपनी बात रखी है. उन्होंने इस बात को प्रमुखता से उठाया है और कांग्रेस पार्टी के सभी वरीय नेताओं ने इसका समर्थन किया है. जातीय जनगणना सभी के हित के लिए है. जातीय जनगणना का कांग्रेस पार्टी पूरा समर्थन करती है. जातीय जनगणना बेहद जरूरी है.सरकार को चाहिए कि जतनी जल्दी हो जातीय जनगणना कराए. इससे सरकार को योजना बनाने में फायदा होगा. साथ ही लोगों के साथ भी न्याय हो पाएगा. सरकार को इस दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए.

## जातीय जनगणना होना जरूरी : बहादुर उरांव



चक्रधरपुर के पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा कि बिहार में हुई जातीय जनगणना के आधार पर झारखंड में भी जातीय जनगणना होना जरूरी है. इससे सही तरीके से जनगणना हो पाएगी. पूर्व में हुए जनगणना की तुलना में आदिवासियों की जनसंख्या में वृद्धि हुई है. जातीय जनगणना के बाद ही स्पष्टता आ पाएगी. इसे लेकर सभी राजनीतिक दल के नेताओं को विचार करने की आवश्यकता है. साथ ही लोगों को भी इसका खुलकर समर्थन करना चाहिए ताकि यह शीघ्र अमल में आ सके.

**गोमो**

## जातीय जनगणना की मांग उठती रही है : सदानंद महतो



तोपचांची- गोमो निवासी सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना कराने की मांग पहले भी उठती रही है,लेकिन पिछले कुछ दिनों से जाति जनगणना को लेकर कई राजनीतिक पार्टियों ने इसकी वकालत भी की है.झारखंड में किस जाति की आबादी कितनी है, अभी राज्य सरकार को ही नहीं मालूम है.आज कुछ जाति की आबादी दो प्रतिशत है, लेकिन आरक्षण 10% का मिल रहा है सरकार को जिसकी जितनी आबादी है उसे उतनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए. इससे राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा सरकार में भागीदारी के साथ-साथ शैक्षणिक लाभ सुनिश्चित हो सकेगा. सभी को इसका समर्थन करना चाहिए. साथ ही सरकार को चाहिए कि इस दिश में शीघ्र आगे कदम बढ़ाए ताकि जातीय जनगणना का मार्ग प्रशस्त्र हो सके.इससे योजना बनाने में भी सरकार को फायदा होगा.जिसका लाभ सभी लोगों को मिल पाएगा.



### 63% ओबीसी, कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए

## बिहार की रिपोर्ट पर एक नजर

बिहार में जारी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है. बिहार की नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आयी है.वहीं पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है. बिहार सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं. इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है. 214 जातियों को अलावा 215वें नंबर पर अन्य जातियों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है. आंकड़ों की मानें, राज्य की आबादी 13,07,25,310 है. वहीं कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2,83,44,107 है. इसमें पुरुषों की कुल संख्या छह करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख है. राज्य में प्रति 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं. बिहार में इस समय इस रिपोर्ट की खाफी चर्चा है. इस गणना के बाद लोगों की सही स्थिति का अंदाजा लग सका है. इसके पहले सिर्फ अटकलें लगाई जाती थी. जातिगत गणना के सामने आने से बिहार में योजनाओं को बनाने में सुविधा होगी और लोगो को इसका समुचित विकास हो पाएगा.

### बिहार में 81.99 प्रतिशत हिंदू हैं

बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं. इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7% है. शेष ईसाई सिख बौद्ध जैन या अन्य धर्म मानने वालों की संख्या 1% से भी कम है. राज्य के 2146 लोगों ने अपना कोई धर्म नहीं बताया. बिहार में जब भारतीय जनता पार्टी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी सरकार में थी, तभी बिहार विधानसभा और विधान परिषद ने राज्य में जाति आधारित गणना कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था. कोरोना की स्थिति संभालने के बाद 1 जून 2022 को सर्वदलिय बैठक में जाति आधारित गणना को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव पारित किया गया.

### जानिए, किस वर्ग की कितनी आबादी

- सामान्य वर्ग – 15.52%
- पिछड़ा वर्ग– 27.12%
- ओबीसी – 36.1%
- अनूसूचित जाति– 19.65%
- अनूसचित जनजाति – 1.68%

### जानिए, किस जाति की कितनी आबादी

- यादव – 14.26%
- रविदास– 5.25%
- दुसाध–5.31%
- कोइरी– 4.21%
- ब्राह्मण– 3.67%
- राजपूत– 3.45%
- मुसहर– 3.08%
- भूमिहार– 2.89%
- कुरमी– 2.87%
- तेली– 2.81%
- बनिया–2.31%
- कानू–2.21%
- चंद्रवंशी–1.64%
- कुम्हार–1.40%
- सोनार–0.68%

**आदित्यपुर**

## दिसंबर से राज्य में शुरू होगी जातीय जनगणना : चम्पई



परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि बिहार की तरह झारखंड सरकार भी शीघ्र जातीय जनगणना कराने जा रही है. अगली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगेगी. संभवतः दिसंबर से राज्य में जातीय जनगणना शुरू हो जाएगी. मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि बिहार किसी भी आंदोलन का अगुआ रहा है. वहां जातीय जनगणना से यह बात साबित हो चुकी है कि अब भी दबे कुचले पिछड़े, आदिवासियों को अभी उनकी आबादी के अनुसार आरक्षण देकर उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की आवश्यकता है, इसलिए झारखंड सरकार भी यह कार्य मार्च 2024 के पूर्व करा लेना चाहती है. उन्होंने कहा कि वैसे देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पूरे देश में जातीय जनगणना कराएगी और आबादी के अनुसार सभी वर्गों का आरक्षण तय करेगी.

**चाकुलिया**

## सब कुछ रिजर्व है तो जातीय जनगणना क्यों : डॉ. दिनेश



बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दिनेश षाड़ंगी कहते हैं कि झारखंड में जातीय जनगणना की कोई आवश्यकता नहीं है. यहां सब कुछ रिजर्व है, तो फिर इसकी जरूरत क्या है. बिहार में राजनीति पर जाति हावी है. बिहार में जो लोग जातीय गणना की वकालत कर रहे हैं वे डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुस्तक "द कास्ट सिस्टम" को पढ़ें. डॉ. लोहिया ने जाति नहीं जमात की बात की थी. आरक्षण भी वन टाइम होना जरूरी है. डॉ. राम मनोहर लोहिया की परिकल्पना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है. सबका साथ और सबका विकास को साकार किया है. इसलिए जब भी जरुरत पड़ेगी सरकार इस दिशा में जरुर पहल करेगी.

## झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी नहीं : समीर महंती



बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार महंती ने बिहार में हुई जातीय जनगणना को लेकर कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना की जरूरत नहीं है. जातीय जनगणना से जातिवाद को बढ़ावा मिलेगा, जो आज के समाज के लिए उचित नहीं है. जातीय भेदभाव बढ़ेगा. बिहार में जाति प्रथा हावी रही है. वहां जातीय संघर्ष होता है. जातीय हिंसा भी होती है. झारखंड जैसे राज्य में जातीय जनगणना की कोई आवश्यकता नहीं है.

**लातेहार**

## जातीय जनगणना समय की मांग : बैद्यनाथ राम



झामुमो के लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि आज के परिवेक्ष्य में जातीय जनगणना प्रासगिंक है. जाति जनगणना से विभिन्न वर्ग और समुदायों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति की सटीक जानकारी सामने आएगी. इससे सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत करने में सहूलियत होगी. सरकार इस आधार पर अपनी नीति और योजनाएं तय कर सकेंगी. जातीय जनगणना होने से राज्य में रहने वाले दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों की सही संख्या का पता चल पाएगा. इससे उन्हें आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने में आसानी होगी. झारखंड में भी बिहार के तर्ज पर जातीय जनगणना की आवश्कता महसूस की जा रही है.

## जातीय जनगणना के पक्ष में है कांग्रेस: रामचंद्र सिंह



मनिका विधायक रामचंद्र सिह ने कहा कि कांग्रेस देश में जातीय जनगणना व ओबीसी को आरक्षण देने का पक्षधर है. जातीय जनगणना देश के लिए एक्स-रे की तरह है. इससे देश में रहने वाले विभिन्न जातियों की जनसंख्या का पता चल सकेगा. भाजपा जातीय जनगणना कराने से पीछे भाग रही है. कांग्रेस जब सत्ता में थी, जातीय जनगणना कराई थी. जिसमें ये डेटा है कि देश में किस जाति के कितने लोग हैं. लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार उस डाटा को सार्वजनिक नहीं करना चाह रही है.सरकार को यह लोगों के आनी चाहिए. ताकि पत चल सके कि किस जाति की कितनी आबादी है.

## सिर्फ दो जाति है अमीर व गरीब: हरिकृष्ण सिंह



पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि देश में सिर्फ दो जातियां हैं. एक है अमीर और दूसरा है गरीब. जातीय जनगणना होने से देश का ताना बाना बिगड़ने का खतरा है. देश जाति व संप्रदायों में बंट जायेगा और यह देश के विकास में बाधक बनेगा. 1951 में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भी जातीय जनगणना के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था.हां जातीय संघर्ष होता रहा है. जातीय हिंसा भी होती रही है. इसलिए सरकार को इस दिशा में बहुत सोच समझ कर कदम उठा चाहिए.

### जातीय सर्वे करा सकते हैं राज्य



### पाठक जातीय जनगणना पर अपनी राय दें

बिहार में जातीय जनगणना कराए जाने के बाद अब झारखंड में भी जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है. झारखंड में झामुमो सहित की राजनीतिक पार्टियों ने जातीय जनगणना की वकालत की. जातीय जनगणना को लेकर झारखंड में सियासत में भी हलचल है. झारखंड में जातीय जनगणना कराना जरूरी है या नहीं, इस पर राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के साथ ही आम लोग, विभिन्न समाज के अगुवा भी अपनी राय भेज सकते हैं.

**नोट** पाठक 50 से 75 शब्दों में अपनी राय नाम, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ वाट्स एप नंबर 8102917469 पर भेजें. आपकी राय 16 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित की जाएगी.

डिजाइनिंग : विकास कुमार

## ब्रीफ खबरें

### पूजा के दौरान प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**कोडरमा।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर शनिवार को जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया और लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गई. वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है. दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती की जाएगी.

### हाईवा एसोसिएशन का अनिश्चितकालीन धरना

**कोडरमा।** कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाले ऐसपोंड के ट्रांसपोर्टिंग से स्थानीय हाइवा मालिकों को वंचित किए जाने के विरोध में हाइवा एसोसिएशन के बैनर तले हाइवा मालिकों ने केटीपीएस के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं. हाइवा मालिकों का कहना है कि हमलोग विगत कई वर्षों से ऐस ट्रांसपोर्टिंग का काम कर रहे थे लेकिन, प्रबंधन द्वारा अचानक 25 सितंबर को बिना सूचना दिए स्थानीय हाइवा के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दिया गया.

### अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जयनगर भाकपा माले के संगठन अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक जयनगर पार्टी कार्यालय में किसान महासभा जिला संयोजक मुन्ना यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता उपस्थित थे. इस बैठक में किसान महासभा का 11 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया. कमेटी की बैठक में असगर अंसारी, चांद अख्तर इस्लाम अंसारी, मरकच्चो प्रखंड से अशोक यादव, सरजू यादव, जुगल यादव, डोमचांच प्रखंड से कृष्णकांत मेहता, राजेंद्र साव, कोडरमा प्रखंड से सरजू साव को शामिल किया गया.

### महिला आरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कोडरमा स्कूल सहोदया कंपलेक्स द्वारा इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का विषय था महिला आरक्षण - महिला सशक्तिकरण, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, जीएस पब्लिक स्कूल, मेरिडियन एकादमी, शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय, मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर आदि के बच्चों ने भाग लिया.

### एसवीएम में सम्मान समारोह आयोजित

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर में शनिवार को दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अजय कुमार श्रीवास्तव, लालिमा, विद्यालय प्रबंधन कार्यालय समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर और विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया. मौके पर विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने कहा कि आज के बाजारवाद की संस्कृति में बच्चे पल बढ़ रहे हैं.

---

नक्सलियों के अंतिम गढ़ कोल्हान में निर्णायक लड़ाई जारी, चल रहा है चौतरफा संयुक्त अभियान

# जख्मी साथी को छोड़ भागे नक्सली, पुलिस ने भेजा रांची

**सुकेश कुमार। चाईबासा**



झारखंड में नक्सलियों के अंतिम गढ़ कोल्हान में निर्णायक लड़ाई जारी है. झारखंड में नक्सलियों के खात्मे को लेकर सुरक्षा बलों द्वारा चौतरफा संयुक्त अभियान झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के साथ चलाया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस जावनों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में नक्सलियों ने अपने ही जख्मी साथी को छोड़कर भाग निकले. पुलिस जावनों ने जख्मी नक्सली को इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची भेजा. मालूम हो कि नक्सली राज्य में अपने आखिरी गढ़ एवं शरण स्थली कोल्हान, चाईबासा क्षेत्र में क्रियाशील हैं. नक्सलियों के शीर्ष नेता मिशिर बेसरा (पोलित ब्यूरो मेंबर), अनल (केन्द्रीय कमिटी सदस्य), असीम मंडल (केन्द्रीय कमिटी सदस्य), अन्य शीर्ष नक्सली नेताओं एवं दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान जंगली क्षेत्र, चाईबासा में अपना ठिकाना बनाकर विध्वंशक कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं. सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों पर लगातार करारा प्रहार जारी है. इसी क्रम में 13 अक्टूबर को कोल्हान के हुसीपी जंगली क्षेत्र में पहले से घात लगाये नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को टारगेट करते हुए अंधाधुंध गोली-बारी के साथ लैंड माइंस ब्लास्ट किया गया. सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली भीषण जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर भाग निकले. इस दौरान नक्सली मुठभेड़ में जख्मी अपने साथियों को भी छोड़कर भाग निकले. शनिवार को सुरक्षाबलों ने सघन तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान हुसीपी के घनघोर एवं दुर्गम जंगली क्षेत्र में एक नक्सली मरणासन्न की स्थिति में मिला. सुरक्षा बलों ने जख्मी नक्सली की जान बचाने की नीयत से इलाज के लिए हुसीपी लेकर आये.

---

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

झारखंड में बहने वाली किस नदी को ' बंगाल का शोक ' कहा जाता है ?
**दामोदर नदी**

झारखंड में एलुमिनियम उद्योग की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?
**1937**

झारखंड के किस जिले में ' राजमहल कौशल अभयारण्य ' स्थित है ?
**साहेबगंज**

झारखंड के किस जिले में ' बिरसा भगवान जैविक उद्यान ' स्थित है ?
**रांची**

झारखंड में मराठों का आक्रमण सर्वप्रथम कब शुरू हुआ ?
**1741**

झारखंड राज्य के किस जिले में सोनपुरा रियासत स्थित है ?
**पलामू**

झारखंड राज्य में निवास करने वाले किस जनजाति के लोग पंचायत को पचेरा कहकर संबोधित करते हैं ?
**उरांव**

---

फंड के अभाव में गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज इलाज से वंचित

# तिल-तिल कर मरने को मजबूर

**संवाददाता। हजारीबाग**




सिविल सर्जन से मुलाकात करते रंजन चौधरी.

### सिस्टम कुंद
- 44 स्वीकृत लाभुकों का चार माह से भुगतान लंबित
- सिविल सर्जन से मिले विधायक के मीडिया प्रतिनिधि
- स्वास्थ्य मंत्री को ट्वीट कर संज्ञान लेने की लगाई गुहार

फंड के अभाव में जिले में गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है. पिछले करीब चार महीने कुल 44 स्वीकृत लाभुकों का भुगतान लंबित है. जिसके कारण झारखंड के बाहर के सूचीबद्ध अस्पतालों में किड़नी, कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है. ऐसे मरीज तिल-तिल कर मरने को मजबूर हैं.

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे ही जरूरतमंद मरीज जिनका इस योजना से एक माह पूर्व स्वीकृति पत्र मिलने के बाद कोलकाता के सूचीबद्ध अस्पताल में इलाज नहीं हो पाया. सूचना पर सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मुलाकात की. उन्होंने महीनों से भुगतान लंबित होने का कारण जाना. तब यह बात सामने आई कि फंड में राशि उपलब्ध नहीं होने से यह स्थिति हुई है. विधायक मीडिया प्रतिनिधि को सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया कि आवंटन के लिए पत्राचार किया गया है. जैसे ही आवंटन आएगा, स्वीकृत लाभुकों के नाम से संबंधित अस्पताल को राशि भेज दी जाएगी.

रंजन चौधरी ने इस मामले को लेकर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ट्वीट कर जानकारी देते हुए तत्काल संज्ञान लेने की गुहार लगाई है. इस योजना की सहायता राशि में वृद्धि और कई असाध्य रोगों को सूचीबद्ध तो किया है, लेकिन फंड के अभाव में योजना के तहत स्वीकृत मरीजों को ससमय लाभ नहीं मिल रहा है.



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को किया गया ट्वीट.

**गुमराह कर रही सरकार : रंजन चौधरी :** विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार ने इस महती योजना को लेकर लोगों को गुमराह करने का काम किया है. रंबताया जा रहा है कि अब पांच लाख से कम राशि के लाभुकों का इलाज आयुष्मान भारत योजना से होगा. लेकिन, देश के कई नामचीन अस्पताल आयुष्मान से इलाज करने से मना करते हैं. ऐसे में इस महती योजना का संपूर्ण लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल सकेगा. उन्होंने पूर्व की भांति पांच लाख रुपए तक का भी भुगतान जरूरतमंद मरीजों के हित में मुख्यमंत्री गंभीर रोग उपचार योजना से ही करने की मांग झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग से की है.

## लापरवाही से मौत के मामले में रांची से पहुंची जांच टीम

**रोहित कुमार। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार को समय से 108 एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर खुशबु कुमारी और आरती देवी की मौत हो गई थी. मामले में रांची से 108 एंबुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी जीकेबी ईएमआई ग्रीन हेल्थ सर्विस की टीम एमजीएम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच की. इस दौरान टीम ने मामले में आवाज उठाने वाले भाजपा नेता विमल बैठा से भी मुलाकत की. वहीं पीड़ित परिवारों को भी बुलाया. टीम ने जांच की और विमल बैठा को आश्वस्त किया की अब ऐंबुलेंस की गलती से किसी की मौत नहीं होगी. टीम जांच कर वापस लौट गई. टीम में कंपनी के मैनेजर दिलीप महतो और असिस्टेंट मैनेजर प्रकाश राय के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे. बता दें कि शुक्रवार को भुइंयाडीह कल्याणनगर निवासी 18 वर्षीय खुशबू भगत ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था. घटना के बाद तबीयत बिगड़ने पर उसे परिजनों ने एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था. स्थिति बिगड़ने पर एमजीएम अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया. एंबुलेंस के लिए परिजनों ने सुबह ही 108 नंबर पर डायल किया. परिजन दोपहर 12 बजे तक 108 नंबर पर डायल करते रहे पर अंत में खुशबू ने दम तोड़ दिया. वहीं पटमदा निवासी 46 वर्षीय आरती देवी को परिजनों ने गुरुवार को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था. स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल से रिम्स ले जाने की सलाह दी गई. एंबुलेंस के लिए परिजनों ने 108 नंबर पर डायल किया. पहले तो जवाब मिला कि जल्द ही एंबुलेंस अस्पताल पहुंचेगी पर काफी देर होने पर परिजनों ने फिर से 108 नंबर पर डायल किया पर इस बार फोन उठाने वाले ने बात ही नहीं की.

---

### रामपुर में आज आरसीपीएल-11 का शुभारंभ

**चौपारण।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामपुर में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले रामपुर सर्किल प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार से होगा. दूधिया रौशनी में खेले जाने वाले सर्किल क्रिकेट मुकाबले की तैयारी पूरी ली गई है. बतौर मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड के मुखिया व समिति सदस्यों के साथ कई राजनीतिक व सामाजिक लोग उपस्थित होंगे. आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है. इसमें अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव बलभद्र राम, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष शंकर पंडित, आरसीपील प्रबंधक अशोक राणा, आयोजक प्रबधक शशिकांत शर्मा, मीडिया प्रभारी रणवीर चौधरी, कार्यक्रम प्रबंधक राजेश चंद्रवंशी, स्वागतकर्ता कबिंद्र शर्मा, मेडिकल प्रभारी मनोज पाठक और अंपायर सरयू राणा को जिम्मेवारी सौंपी गई है.

## ओरिया में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**संवददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने ओरिया मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया. उन्होंने नमो झंडा फहराकर और किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. टूर्नामेंट में सदर प्रखंड के 70 पुरुष और 12 महिला टीम हिस्सा ले रहे हैं. टूर्नामेंट का पहला दोस्ताना मैच महिला टीम पौता बनाम जमुआरी के बीच खेला गया. इसमें जमुआरी की टीम 3-0 गोल से विजयी हुई. निर्णायक की भूमिका में सिकंदर यादव, नरेश मुर्मू, दिलीप कुमार, कृष्णा हेंब्रोम, राजेन्द्र यादव, मनोज राम, नकुल दास, आनंद प्रजापति, सुभंगनी कुमारी एवं सुजाता कुमारी सराहनीय भूमिका निभा रही हैं. दरअसल, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रतिभा को उचित मंच देना है. इसी उद्देश्य से 2016 से जिले के सभी प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है.

---

20 को होगा बार एसो. का मतदान, मैदान में 16 पदों के लिए 69 उम्मीदवार

## स्क्रूटनी में पास हुए सभी उम्मीदवार

**संवाददाता। हजारीबाग**



अपने पक्ष में समर्थन मांगते अधिवक्ता उम्मीदवार.

हजारीबाग बार एसोसिएशन चुनाव में शनिवार को स्क्रूटनी हो गई. स्क्रूटनी में सभी 16 पदों के लिए मैदान में डटे 69 उम्मीदवार पास हो गए. यह जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनीष चंद्रा ने बताया कि रविवार को अल्फाबेटिकल आधार पर लिस्ट जारी किया जाएगा. सोमवार को मतदान के लिए सीरियल क्रमांक का वितरण होगा. चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया और स्क्रूटनी कार्यक्रम समाप्त होते ही चुनाव में खड़े होने वाले उम्मीदवारों का चेहरा भी साफ हो गया है. सबसे दिलचस्प मुकाबला अध्यक्ष पद के लिए होगा. बार चुनाव सत्र 2023 -25 के लिए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में तीन वरीय अधिवक्ता भाग्य आजमा रहे हैं. इनमें निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार राजू, निवर्तमान उपाध्यक्ष भैया संजय कुमार और गत चुनाव के मुख्य प्रतिद्वंदी रहे जवाहर प्रसाद के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा.

---

प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं एसएचडब्ल्यूपी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## आईटी हब बन रहा है भारत : डीईओ

**संवाददाता। गढ़वा**



स्कूल स्तर के पदाधिकारी को प्रशिक्षण देते हुए डाइट के प्राचार्य.

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रेहला, डायट गढ़वा में आयोजित एक दिवसीय प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं एसएचडब्ल्यूपी से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन गढ़वा के जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, प्रशिक्षण संस्थान रेहला डायट के प्राचार्य कैसर राजा, प्रभारी प्राचार्य अलाउद्दीन, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी/ प्रखंड साधनसेवी एवं संकुल साधनसेवी मौजूद रहे. जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक माहौल जिस तीव्र गति से दुनिया में बढ़ रहा है, उसके हिसाब से हमें भी चलना होगा. भारत आईटी का हब बन रहा. युवाओं को आइटी की जानकारी होनी जरूरी है. प्रशिक्षण संस्थान रेहला डायट के प्राचार्य कैसर राजा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है, जिसके माध्यम से हम समाज में एक नई किरण की उत्पत्ति कर सकते हैं. पुरातन काल से भारत वर्ष अपने नैतिक शिक्षा, अपनी कूटनीति के लिए विश्व प्रसिद्ध है. हमें भी अपनी योग्यता के आधार पर विद्यालयों में कुछ परिवर्तन लाकर बच्चों के गुणात्मक विकास के लिए पहल करने की जरूरत है. प्रभारी प्राचार्य अलाउद्दीन ने कहा कि प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं एसएचडब्लूपी से संबंधित विशेष जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी को दिखाते हुए सरल एवं सहज तरीकों से दी गई. इसके साथ ही साथ गढ़वा जिले में 3 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले एसईएएस (स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे-2023) से संबंधित वर्ग 3, वर्ग 6 एवं वर्ग 9 के छात्र-छात्राओं का विषय वार उपलब्धि स्तर का सर्वेक्षण किया जाएगा.

### मटवारी गांधी मैदान में ड्रीम सिटी डिजनीलैंड मेला शुरू

**हजारीबाग।** मटवारी गांधी मैदान में शनिवार से ड्रीम सिटी डिज्नीलैंड मेला शुरू हो गया. जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया. यह मेला एक महीने से अधिक दिनों तक यहां चलेगा. इस मेले में आम जनता के स्वास्थ्य और मनोरंजन के कई साधन मौजूद हैं. हस्तशिल्प वस्तुओं और भारत के विभिन्न हिस्सों के कारीगरों से निर्मित कई प्रकार के वस्तु एक ही स्थल पर खरीद सकेंगे. वहीं बच्चों और परिवार जनों के साथ कई प्रकार के झूले, भूत महल, ठेले खोमचे के टेस्ट का आनंद और मनोरंजन उठा सकेंगे. डिजनीलैंड मेले के प्रवेश द्वार को सिमेंटेड ईंट के थीम पर लंदन ब्रिज का लुक दिया गया है और मेले के झूले को रंग-बिरंगे विद्युतीय सज्जा से सजाया गया है. विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान आधुनिक और डिजिटल युग में जहां मनोरंजन के साधन सीमित हो रहे हैं, वहीं डिज्नीलैंड मेला पारंपरिक कलर को बरकरार रखने का काम कर रहा है.

## सतगावां पुलिस ने 47 दिनों बाद किया चोरी का खुलासा



**संवाददाता। कोडरमा**

सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 अगस्त को कांड संख्या 59/2023 प्रखंड मुख्यालय स्थित नव निर्मित तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की आवास में हुई चोरी की घटना को पुलिस ने 47 दिनों के बाद खुलासा करते हुए इसमें शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने घर के ही जमीन के अंदर बोरे में रखे पंखे सहित अन्य सामग्री को बरामद कर लिया है. पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिक भी शामिल है. गौरतलब है कि मामले में सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव के आदेशानुसार ब्लॉक के नाजीर विकाश कुमार द्वारा एफआईआर किया गया था, जिसमें कहा गया था कि नवनिर्मित तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के सरकारी आवास को ब्लॉक के आवश्यक कार्य को लेकर जब ताला खोलने के लिए गए तो देखा गया की मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा आवास में लगे एक समरसेबल मोटर, 8पीस पंखा, 73 एलईडी बल्ब, 17 ट्यूबलाइट, 3 झरना नल, एक सेट नल, 6 ऐनक, 12 एग्जॉस्ट फैन की चोरी कर ली गई थी.

### पंचायत के विकास में प्रखंड प्रशासन का सहयोग जरूरी

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रमुख अंजु देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ गौतम कुमार मौजूद थे. बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख अंजू देवी ने कहा कि सभी पंचायत समिति सदस्यों के सहयोग से प्रखंड के हर पंचायत का विकास करना है. उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन का भी इसमें सहयोग जरूरी है. बैठक के दौरान राशन कार्ड,स्वास्थ्य विभाग, जमीन मोटेसन, शिक्षा विभाग,पेयजल व्यवस्था आदि पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन विभागों के पदाधिकारी अपने कार्यशैली में बदलाव लाएं और जनता की समस्याओं का समाधान करें यह उनका कर्तव्य बनता है. मौके पर राज नारायण सिंह, अशोक सिंह, राजकुमार यादव, मिसवाउद्दीन खान, बलराम यादव, बाजो दास फैयाज उद्दीन खान, सुरेंद्र राणा, मनोज दास अनिल यादव, सुमन कुमारी आदि मौजूद थे.

---

**मिसाल** पानी की समस्या होने पर पास के स्कूल से पानी लाकर खेतों की करते थे सिंचाई

# समेकित कृषि प्रणाली अपनाकर खुशहाल किसान बने सुखदेव

**संवाददाता। जमशेदपुर**



सुखदेव महाराज द्वारा की गई खेती.

### खास बातें
- मछली पालन से जुड़ कर की आर्थिक स्थिति मजबूत
- कुसुम योजना का लाभ लेकर अब करते हैं सिंचाई

घाटशिला प्रखंड अंतर्गत सालबनी के रहने वाले सुखदेव महाराज की पहचान आज प्रगतिशील कृषक के रूप में है. लगभग तीन एकड़ में खेती करने के साथ ही वे गाय पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन और मछली पालन से जुड़ कर उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को समृद्ध किया है. सुखदेव महाराज अब युवाओं और किसानों को आर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं. सुखदेव बताते हैं कि शुरुआत में पानी की समस्या होने के कारण पास के ही मिडिल स्कूल परिसर से पानी लाकर खेतों की सिंचाई किया करते थे. पहली बार किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिला तो उन्होंने कुआं खुदवाया जिससे उनकी पानी की समस्या समाप्त हुई. आगे जब खेती का जब दायरा बढ़ा तो बोरिंग तथा कुसुम योजना का लाभ लेते हुए सोलर पैनल और सोलर पंप लगाकर अब सिंचाई करते हैं.

सुखदेव महाराज ने पारंपरिक खेती को नहीं अपनाकर सब्जी की खेती की तरफ कदम बढ़ाया. वे अब परवल, भिंडी, आलू, बैगन, कोहड़ा, मिर्च, लौकी व अन्य सब्जियां उगाते हैं. जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी होती है. इन सब में मुख्य रूप से परवल की खेती ज्यादा करते हैं, जो अप्रैल से लेकर अक्टूबर माह तक की जाती है. प्रति महीने लगभग 800 किलोग्राम परवल का उत्पादन करते हैं, इस क्षमता में उत्पादन करना सिर्फ इसलिए संभव हो पा रहा क्योंकि तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रिप टेक्नोलॉजी से सिंचाई करते हैं. इस तकनीक से ना सिर्फ उत्पादन बढ़ा है बल्कि अब लगभग पहले के मुकाबले 80 गुना पानी की बचत हो रही है.

कृषि विभाग से सुखदेव महाराज को नेट हाउस तकनीक का भी लाभ मिला है. जिसका उपयोग वे पिछले पांच साल से कर रहे हैं. नेट हाउस के अंदर पौधा तैयार किया जाता है और तैयार पौधों को वे पोटका, पटमदा, डुमरिया, मुसाबनी तथा हजारीबाग, बोकारो, चाईबासा जैसे क्षेत्रों में आपूर्ति भी करते हैं. अब तक उन्होंने लगभग 300 किसानों को ड्रिप तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण दिया है.

## पीएम आवास जल्द पूरा करें : डीसी

**संवाददाता। गढ़वा**



डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की. इस दौरान डीसी ने निर्वाचन, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, पंचायती राज, मनरेगा, आधार सीडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, लखपति महिला योजना, कल्याण समेत अन्य योजनाओं की पदाधिकारियों से जानकारी ली. उन्होंने पदाधिकारियों को योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया. मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं, एरिया मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, स्कीम कंप्लीशन की बारी-बारी से समीक्षा की.

प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा कर उपायुक्त ने लंबित निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया. बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने उक्त योजना के तहत लगाए गए वृक्ष की अच्छे से देखभाल करने का निर्देश दिया. डीसी ने 16 अक्टूबर को चावल दिवस के दिन अधिक से अधिक लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कराने का निर्देश दिया. निर्वाचन कार्य की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में कई ऐसे मतदाता हैं, जिनका वोटर आईडी कार्ड में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 8 भरकर कलर फोटोग्राफ करेक्शन कराने को लेकर निर्देश दिया गया. बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह व अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व विधायक पर जमीन कब्जा का लगाया आरोप

**नवादा ।** नवादा जिले के हिसुआ की जदयू नेत्री, वार्ड पार्षद व नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन शोभा देवी ने हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह पर फर्जी कागज बनवाकर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है. जदयू नेता का कहना है कि अति पिछड़ी जाति के होने के कारण हमारे साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है. इसके साथ ही जदयू नेत्री शोभा देवी का कहना है कि जब सारे अधिकारियों को मैंने हालात से अवगत कराया तो फिर कब्जा किए गए जमीन पर बाउंड्री होने के बाद भी प्रशासन द्वारा 107 का नोटिस वहां क्यों चिपकाया गया.

### हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**बेगूसराय ।** बेगूसराय पुलिस ने मटिहानी थाना क्षेत्र के शंकरपुर बखड्डा बाबा स्थान के समीप एक अपराधी को लोडेड देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है. एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह मटिहानी थाना की पुलिस शंकरपुर बखड्डा बाबा स्थान के समीप गश्ती कर रहे थे. उसी समय बाइक पर सवार युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर तेजी से भागने लगा. संदेह के आधार पर पुलिस गश्ती टीम के द्वारा सशस्त्र बल के सहयोग से उसे पकड़ा गया. पूछताछ में उसने अपना नाम रामबाबू शर्मा घर उलाव बताया है.

### पिंडदान कर लौट रहे व्यक्ति की मौत

**बक्सर ।** पिता का पिंडदान करने के बाद गंगाजल का लोटा लेकर शहर के ऐतिहासिक किला मैदान में कृष्ण लीला देख रहे 72 वर्षीय पुत्र की मौत हो गई. बताया जाता है कि बुजुर्ग भीड़ के बीच काफी देर तक बैठकर कृष्ण लीला देख रहे थे. इस दौरान उनके शरीर पर किसी प्रकार की कोई हलचल होता ना देख लोगों को शक हुआ. आस-पास बैठे लोगों ने उन्हें हिलाया तो वे बेसुध गिर पड़े. मौके पर ही बुजुर्ग की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई. घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रामलीला समिति को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई.

# नवादा : जांच में निकले 18 फर्जी शिक्षक, बर्खास्त

संवाददाता । नवादा



नवादा में 18 फर्जी शिक्षकों को शनिवार को बर्खास्त कर दिया गया है. जिस पर जालसाजी की प्राथमिक की भी दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं. जिले में फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल शिक्षकों पर कार्रवाई तेज हो गई है. विभाग की ओर से शिक्षकों के सर्टिफिकेट जांच में इसका खुलासा हुआ है. एक माह के अंदर सर्टिफिकेट जांच में कुल 23 शिक्षक और शिक्षिकाओं के प्रमाण-पत्र जाली पाए गए हैं. इनमें पांच शिक्षकों को पहले और 18 शिक्षकों के अब प्रमाण-पत्र फर्जी पाए गए हैं.

इस कड़ी में झारखंड के अधिविध परिषद रांची के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल 18 शिक्षक और शिक्षिकाओं को सेवा मुक्त करने का आदेश डीईओ ने डीपीओ स्थापना को दिया है. इन शिक्षकों के सर्टिफिकेट को विभाग की ओर से जांच के लिए अधिविध परिषद रांची भेजा गया था. परिषद की ओर से जांच में कुल 18 शिक्षक और शिक्षिकाओं के सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए हैं.

इस संबंध में डीईओ ने बताया कि राजकीय बुनियादी विद्यालय, बगोदर की तत्कालीन हेड मास्टर सुधा कुमारी को प्रमाण-पत्र जांच के लिए डीईओ कार्यालय की ओर से अधिकृत किया गया था. इसमें रजिस्ट्री के माध्यम से कुल 21 शिक्षक और शिक्षिकाओं के संयुक्त सचिव झारखंड अधिविध परिषद रांची के सत्यापित रिपोर्ट मिले हैं, जिसमें 18 शिक्षक और शिक्षिकाओं का प्रमाण-पत्र फर्जी पाया गया है.

### थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

डीईओ ने कहा है कि इससे पहले भी झारखंड अधिविद परिषद रांची से जांच के दौरान पांच शिक्षकों के फर्जी प्रमाण-पत्र पाए गए थे. डीईओ ने डीपीओ स्थापना को संबंधित शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त करते हुए संबंधित थाने में फर्जी शिक्षक और शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है. इस संबंध में डीईओ ने कार्रवाई से संबंधित जानकारी 20 अक्टूबर तक मांगी है. इन शिक्षकों के वेतन भुगतान होने पर डीपीओ स्थापना की जवाबदेही होगी. जिन शिक्षक और शिक्षिकाओं के प्रमाण-पत्र फर्जी गए हैं, उनमें श्वेता कुमारी, रविकांत कुमार, प्रीतम कुमारी, राकेश कुमार पंडित, सोनी कुमारी, रुनी कुमारी, राजू, कुसुम कुमारी, पूनम कुमारी, मंजू, विनय, चंचल कुमारी, प्रीति कुमारी, संदीप, रागिनी, रविकांत और रिंपी के नाम शामिल हैं.

### तत्काल प्रभाव से मुक्त करने का निर्देश

इन शिक्षकों और शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त करने का निर्देश दिया गया है. वहीं, जिला शिक्षा विभाग की कार्रवाई से फर्जी शिक्षकों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जल्दी केस दर्ज कर ली जाएगी.

## आओ जानें

### बिहार में पुरुषों की साक्षरता दर ज्यादा



- बिहार की साक्षरता % कितना है – 63.82%
- बिहार की पुरुष साक्षरता % कितना है –73.39%
- बिहार की महिला साक्षरता % कितना है –53.33%
- साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान –28 वां स्थान
- सबसे अधिक साक्षरता वाला जिला कौनसा है –रोहतास
- सबसे कम साक्षरता वाला जिला कौनसा है – पूर्णिया
- सबसे अधिक पुरुष साक्षरता वाला जिला – रोहतास
- सबसे अधिक महिला साक्षरता वाला जिला – रोहतास
- सबसे कम पुरुष साक्षरता वाला जिला – पूर्णिया
- सबसे कम महिला साक्षरता वाला जिला – सहरसा

### राज भवन मार्च के लिए निकले कुशवाहा को पुलिस ने रोका

# उपेंद्र कुशवाहा समर्थकों के साथ बीच सड़क पर बैठे, की नारेबाजी

संवाददाता । पटना

### नीतीश कुमार के विरोध में लगाए नारे



जातीय गणना के आंकड़े प्रकाशित होने के बाद उपेन्द्र कुशवाहा ने जाति जनगणना के आंकड़ों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. वह अपने समर्थकों के साथ राजभवन मार्च के लिए गांधी मैदान से निकले लेकिन उन सब को पटना पुलिस ने डाक बंगला चौराहा पर रोक दिया. पटना पुलिस ने विधि व्यवस्था का हवाला देते हुए उपेंद्र कुशवाहा के काफिले को डाक बंगला चौराहे से आगे नहीं बढ़ने दिया. उसके बाद कुशवाहा अपने समर्थकों और वरीय नेताओं के साथ बीच चौराहे पर ही बैठ गए और महागठबंधन सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे.

कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोध करते हुए कहा कि जातीय गणना में सभी जाति का आंकड़ा जानबूझकर गलत बताया गया है. चुनावी लाभ पाने के लिए नीतीश कुमार ने कुशवाहा समाज समेत कई जातियों का गलत आंकड़ा पेश किया है. जातियों की संख्या के साथ छेड़खानी की गई है. उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वे टीम ने घर में ही बैठकर जाति जनगणना का आंकड़ा पेश किया है, इसलिए हमारी मांग है कि फिर से सर्वे कराया जाए और जातीय गणना के आंकड़े को सही ढंग से पेश किया जाए.

उन्होंने कहा कि मेरा दावा है कि आंकड़ा गलत है. उन्होंने कहा कि किसी से पूछ कर संपत्ति का आंकड़ा कैसे जुटाया जा सकता है. परिवार में कितने सदस्य हैं यह बात गांव का लोग बता देगा. कोई परिवार किस जाति का है यह भी गांव वाला बता देगा लेकिन उनकी कितनी संपत्ति है? उसके कहां-कहां क्या-क्या व्यवसाय और कहां-कहा उसके अन्य घर मकान हैं. यह कोई दूसरा व्यक्ति कैसे बता सकता है? और जब इस तरह का आंकड़ा नहीं जुटाया ही नहीं गया तो यह आंकड़ा सही कैसे हो गया.

सरकार के द्वारा दिया गया आंकड़ा सही नहीं है यह मेरा दावा है. मौके पर उन्होंने कहाकि इसी की सुधार के लिए राज्य सरकार से हमारी मांग है कि सरकार पर ध्यान दे. हम महामहिम राज्यपाल महोदय से जाकर मिलेंगे और कहेंगे कि आप इसमें हस्तक्षेप कीजिए.

### दुर्गा पूजा में शिक्षकों की ट्रेनिंग दुर्भाग्यपूर्ण : गिरिराज सिंह

**पटना ।** नवरात्र के दौरान शिक्षकों की ट्रेनिंग के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव समेत कई भाजपा नेताओं ने शनिवार को पटना स्थित राजभवन पहुंचकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा. भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से शिक्षकों की छुट्टी प्रशिक्षण के नाम पर रद्द किए जाने को लेकर शिकायत की और सकारात्मक पहल करने की मांग की गई. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बिहार सरकार की मंशा पर सवाल उठाए. राज्यपाल से मुलाकात के बाद सिंह ने कहा कि बिहार में तुगलकी सरकार हिंदुओं के साथ भेदभाव कर रही है. मंदिर तोड़ दिए जाते हैं, उदाहरण के रूप में बेगूसराय का मामला ज्वलंत उदाहरण है. इस मामले में चार दर्जन हिंदुओं को सरकार ने केस में फंसा कर जेल भेज दिया है.

# शराब पीते 14 लोग गिरफ्तार, जेल

संवाददाता । सहरसा



जिले में शराबबंदी कानून का उल्लंघन रुकने का नाम नहीं ले रहा है. राज्य सरकार जिस जीविका कर्मियों के माध्यम से शराब बंदी को सफल बनाने में जुटी है. अब उसके कर्मी भी शराब के नशे में पकड़े जाने लगे हैं. उत्पाद विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान एक शराब कारोबारी एवं 14 शराबी को पकड़ा गया. जिसमें दो जीविका कर्मी भी हैं. उत्पाद अधीक्षक राज किशोर सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से नाडल रेड के क्रम में एक चुलाई शराब बेचने वाले सिमरी बख्तियारपुर के बरेवा टोला वार्ड 15 के लक्ष्मण चौधरी को गिरफ्तार किया गया है. वहीं 14 शराबी को गिरफ्तार किया गया है. जिनमें पतरघट प्रखंड में पदस्थापित जीविका के बीपीएम सूरज कुमार एवं बीआरजी जीविका कमल किशोर को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है है. जबकि शराब के नशे में दूसरी बार सन्नी कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है. कारोबारी लक्ष्मण चौधरी को पांच लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है. छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत कुमार,जीवछ कुमार, पंकज कुमार, ललित राम सहित बड़ी संख्या में उत्पाद बल शामिल थे.

### शिकंजा कसा

- पकड़े गए नशेड़ियों में दो जीविका कर्मी भी शामिल
- जेल जानें वालों में सूरज कुमार व कमल शामिल

### ईओयू की छापेमारी में खुलासा

# 7 साल में ही डिप्टी जीएम ने आय से 101% संपत्ति कमाई

संवाददाता । पटना

आर्थिक अपराध इकाई ने शुक्रवार सुबह को बिहार स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड के उप महाप्रबंधक शिशिर कुमार वर्मा के बेतिया स्थित पैतृक आवास, पटना स्थित आवास और दारोगा राय पाठ स्थित कार्यालय पर छापेमारी की. जिसमें शिशिर कुमार वर्मा ने बीते 7 सालों में अकुत संपत्ति अर्जित की है. इनके द्वारा अपने और अपनी पत्नी के नाम पर छह जमीन खरीदी गई हैं, जो पटना, बेतिया और नोएडा में है. कुल 11 बैंक खाते पाए गए हैं, जिसमें करीब 400000 जमा है. शिशिर कुमार ने अभी तक का वेतन 45 लाख मिले हैं लेकिन उनके द्वारा 7072000 की संपत्ति बनाई गई है. जिसमें करीब 45 लाख 70 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति आए से अधिक पाई गई है, जो लगभग 101% आय से अधिक है.

### कंटेनर की ठोकर से युवक की हुई मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के दीपउ कट के समीप एक कंटेनर की ठोकर से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया. मृतक की पहचान कोटवा थाने के लक्ष्मनवा गाव का विकास कुमार के रूप में हुई है. वही उसका सहयोगी उसका ग्रामीण सनोज कुमार जख्मी है, जिसे स्थानीय एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से कंटेनर को पुलिस ने जब्त कर लिया है.

## कारोबार

### डी-मार्ट का शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली ।** खुदरा श्रंखला डी-मार्ट की मालिक और इसका परिचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 9.09 प्रतिशत घटकर 623.35 करोड़ रुपये रहा. कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 685.71 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में परिचालन से उसका राजस्व 18.66 प्रतिशत बढ़कर 12,624.37 करोड़ हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 10,638.33 करोड़ रुपये था.

### ईएसआईसी ने 19.42 लाख नये सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार अगस्त में 19.42 लाख नये ग्राहक जोड़े. श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ईएसआईसी के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के अनुसार अगस्त, 2023 में 19.42 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं. आंकड़ों के अनुसार अगस्त, 2023 में लगभग 24,849 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है. इस महीने जोड़े गए कुल 19.42 लाख कर्मचारियों में 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के 9.22 लाख कर्मचारी हैं. यह आंकड़ा कुल कर्मचारियों का 47.48 प्रतिशत है.

### सनटेक रियल्टी की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** सनटेक रियल्टी की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 395 करोड़ रुपये रही. कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी. पिछले साल समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 337 करोड़ रुपये रही थी. सनटेक रियल्टी ने शेयर बाजार को बताया, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बिक्री बुकिंग 17 प्रतिशत बढ़कर 782 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान छमाही में 670 करोड़ रुपये थी. कंपनी की 5.25 करोड़ वर्गफुट क्षेत्र में 32 परियोजनाएं हैं.

### बीते एक हफ्ते में ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम 7 प्रतिशत से ज्यादा महंगे हो गये

# ब्रेंट क्रूड ऑयल के बढ़े दाम, कीमत 90 डॉलर पार

एजेंसी । नई दिल्ली



दुनिया में इन दिनों रूस, यूक्रेन और इजरायल में युद्ध जारी है. कहीं आतंकवाद के नाम पर तो कहीं क्षेत्राधिकार के नाम पर जंग हो रही है. भले ही इस जंग में कुछ देश शामिल हैं, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है. दरअसल बीते एक हफ्ते से ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम बढ़े हैं. तेल की कीमत 90 डॉलर के पार चले गए हैं. बीते एक हफ्ते में ब्रेंट क्रूड ऑयल का दाम 7 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हो गया है. वहीं डब्ल्यूटीआई की कीमत में करीब 6 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल चुकी है. ईरान के मंत्री ने तो एक हफ्ते पहले ही कह दिया था कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार जाएंगी. मतलब साफ है कि मिडिल ईस्ट का वॉर आम लोगों का तेल निकाल सकता है. खासकर भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2 रुपये, 3 रुपये या 5 रुपये प्रति लीटर नहीं उससे ज्यादा का इजाफा देखने को मिल सकता है.

शुक्रवार को तेल की कीमतों में लगभग 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई. ब्रेंट में फरवरी के बाद हफ्ते में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिला है. वास्तव में निवेशकों को मन में डर था कि मिडिल ईस्ट में वॉर बढ़ सकता है.

इज़राइल ने गाजा पट्टी के अंदर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं. दक्षिणी इजराइल में उग्रवादी फ़िलिस्तीनी ग्रुप के घातक उत्पात के एक सप्ताह बाद इजराइल की घोषणा ने हमास लड़ाकों को जड़ से ख़त्म करने के लिए हवाई युद्ध से जमीनी अभियान शुरू कर दिया है. ब्रेंट वायदा 4.89 डॉलर यानी 5.7 फीसदी के इजाफे के साथ 90.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था. यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 4.78 डॉलर यानी 5.8 फीसदी बढ़कर $87.69 प्रति बैरल हो गया. ब्रेंट में बीते एक हफ्ते में 7.5 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है. जोकि फरवरी के बाद से सबसे बड़ी तेजी है. सप्ताह के दौरान अमेरिकी तेल डब्ल्यूटीआई में 5.9 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है.

वहीं मिडिल ईस्ट में संघर्ष का ग्लोबल ऑयल और गैस सप्लाई पर पर बहुत कम प्रभाव पड़ा है, और इजराइल एक बड़ा प्रोड्यूसर नहीं है. हालांकि, निवेशक और मार्केट एनालिस्ट यह आकलन कर रहे हैं कि यह कैसे बढ़ सकता है और दुनिया के टॉप ऑयल प्रोड्यूसर क्षेत्र में आस-पास के देशों से सप्लाई के लिए इसका क्या मतलब हो सकता है. ईरान के तेल मंत्री जवाद ओवजी ने शुक्रवार को कहा कि मिडिल ईस्ट की मौजूदा स्थिति के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की उम्मीद है.

वहीं इजराइल-हमास संघर्ष के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि फिलहाल कच्चे तेल की सप्लाई चेन में किसी बाधा की आशंका नहीं है. यह पूछने पर कि क्या संघर्ष का असर तेल सप्लाई पर पड़ सकता है, पुरी ने कहा कि अभी तक, आपूर्ति चेंस के बाधित होने की कोई आशंका नहीं है. पुरी ने कहा कि कई कारणों से मुझे भरोसा है कि हम इसका प्रबंधन कर लेंगे.

### कीमतों में इजाफा भी हो सकता है: हरदीप

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने त्योहारों के दौरान फ्यूल की कीमतों पर कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान जब दुनिया भर में ईंधन की कीमतें बढ़ीं, हमारे देश में इनमें पांच फीसदी की गिरावट आई. उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें किसी एक कारक पर निर्भर नहीं होतीं, और सरकार इन चीजों पर अटकल नहीं लगाती है. हरदीप सिंह पुरी के इस बयान से साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल सस्ता नहीं होने वाला है. यहां तक कि उन्होंने साफ संकेत दिया कि जरुरत पड़ने पर कीमतों में इजाफा भी जा सकता है. जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार गई तो पेट्रोल की कीमत में 7 रुपये का इजाफा देखने को मिल सकता है.

### बढ़ेंगी कीमतें

- तेल की कीमत 90 डॉलर के पार चले गए हैं
- अमेरिकी तेल में 5.9% तेजी देखने को मिली

# पश्चिम बंगाल में विकास का अध्ययन करेगा एडीबी

एजेंसी । कोलकाता

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) पश्चिम बंगाल में आर्थिक गलियारों के विकास के लिए एक अध्ययन करेगा. एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसके लिए उसने राज्य सरकार के एक समझौता किया है. बयान के मुताबिक एडीबी तकनीकी विशेषज्ञता और वित्त पोषण के साथ परियोजनाओं में मदद करने के लिए उत्सुक है.

सरकार ने शुक्रवार को बयान में कहा कि अध्ययन का उद्देश्य शहरी, औद्योगिक, लॉजिस्टिक, कौशल, ऊर्जा और सामाजिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए अंदल-पानागढ़, खड़गपुर-गोलतोरे-सालबोनी और सिलीगुड़ी, दानकुनी और कल्याणी जैसे विकास केंद्रों में आर्थिक वृद्धि की रणनीति बनाना है.

बयान के अनुसार एडीबी ने कई ऐतिहासिक परियोजनाओं पर काम किया है, जिनमें पूर्वी तट आर्थिक गलियारा और बांग्लादेश गलियारा का अध्ययन शामिल हैं. मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने औद्योगिक और आर्थिक गलियारा परियोजना पर प्रमुख उद्योगों के साथ बैठक की.




नई दिल्ली में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने शनिवार को प्रगति मैदान में लैक्मे फैशन वीक में रैंप वॉक करतीं नजर आईं.

### बातचीत — वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किए ट्रेड के आंकड़े, व्यापार घाटे में कमी आई

# भारत का व्यापार घटा, सितंबर में 19.37 बिलियन डॉलर रहा

एजेंसी । मुंबई



वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी किए ट्रेड के आंकड़ों के अनुसार भारत के व्यापार घाटे में कमी आई है. यह 5 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है. सरकार की ओर से इंपोर्ट को कम करने के प्रयासों के मद्देनजर भारत का मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापार घाटा सितंबर में गिरकर 19.37 बिलियन डॉलर रहा है, जो कि पांच महीने में सबसे कम है. अगस्त में ट्रेड डेफिसिट 24.2 बिलियन डॉलर रहा था, जबकि इसके पहले जुलाई में ये 20.7 बिलियन डॉलर था. अगस्त में ट्रेड डेफिसिट 10 महीने में सबसे ज्यादा रेकॉर्ड हुआ था. मई में ये 22.1 बिलियन डॉलर था.

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं. देश का एक्सपोर्ट इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा. पिछले साल इसी महीने में एक्सपोर्ट 35.39 अरब डॉलर था. शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में इंपोर्ट भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा. पिछले साल इसी महीने में यह 63.37 अरब डॉलर था. इससे व्यापार घाटा सितंबर 2023 में 19.37 अरब डॉलर रहा.

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान एक्सपोर्ट 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा. वहीं इन छह महीनों में इंपोर्ट 12.23 प्रतिशत गिरकर 326.98 अरब डॉलर रहा. अगस्त में सालाना आधार पर इंपोर्ट और एक्सपोर्ट दोनों में गिरावट दर्ज की गई थी. अगस्त एक्सपोर्ट में 6.9% और इंपोर्ट में 5.2% की गिरावट रही थी. गोल्ड इंपोर्ट में इस साल इजाफा देखा जा रहा है और पिछले साल इसमें गिरावट देखी गई थी. सोने के इंपोर्ट पर लगी ड्यूटी के चलते इंपोर्ट में गिरावट देखी गई थी.

### मिली राहत

- अगस्त में ट्रेड डेफिसिट 24.2 बिलियन डॉलर था
- जुलाई में ट्रेड डेफिसिट 20.7 बिलियन डॉलर था

> भगवान के कई रूप होते हैं, जो उसे अलग-अलग रूप में आकर अपने भक्तों को प्रेरित करते हैं. यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस रूप में उसे देख रहे हैं. वह आपको उसी रूप में दिखायी देगा, जिस रूप में आपने उसे स्मरण किया है.
>
> – रामकृष्ण परमहंस

# दो वर मुझे माता भवानी, नित करूं आराधना



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**टन**-टन-ढन-ढन...टन-टन-ढन-ढन...शंख की मधुर ध्वनि के साथ चारों ओर घरिघंट घनघना रहे हैं. जगदंबे, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि श्रद्धालु गण तुम्हारी आरती कर रहे हैं. मेरे मानस पटल पर तुम्हारी छवि प्रकट हो रही है. बहुमूल्य वस्त्रों एवं आभूषणों से सुसज्जित तप्त कंचन सी दशभुजी काया भयंकर सिंह की पीठ पर सवार. श्रद्धालु पुजारी अपने एक हाथ में पंचवर्तिका और दूसरे हाथ में छोटी घंटी टुनटुनाते कर रहे आरती और मंद मुस्कान के साथ बड़े ही कौतुक पूरित स्नेह की अमृत-वर्षा करती हुई अपने उस श्रद्धालु को निहारती मां तुम. मैं तुम्हारे चरणों में स्वयं को समर्पित कर चुका हूं और तुम मूक भाषा में मुझे सांत्वना देती हो-चिंता की कोई बात नहीं. तुम्हारा अहित नहीं होगा. जीवन के महासागर में लहरों का उठना और गिरना तो प्रकृति का नियम है. यदि संकट आता है तो उसे परीक्षा समझ कर उसका सामना करो. कर्म को कभी न छोड़ो. परिणाम की चिंता मत करो, वह मेरे हाथ में है. कर्म के अनुरूप फल भी मिल जाएगा. हे सिंहवाहिनी, तुम्हारी यही सांत्वना मेरे लिए प्राण वायु है. मेरे मन में तुम्हारे चरणों का सहारा पाने की कामना बलवती रहती है, जो इस प्रकार शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त हो रही है-

तुम रचना करती जग की तुम पालन करनेवाली.<br>
करती फिर संहार तुम्हारी महिमा परम निराली.<br>
सुनता रहा मैं दर से तुम्हारे गया न कोई खाली.<br>
आ पहुंचा मैं द्वार तुम्हारे बन कर एक सवाली.<br>
जगदंबा तेरे चरणों का<br>
मुझे जो सहारा मिले.<br>
तेज नदिया की धार और टूटी पतवार.<br>
जैसे डूबती हुई नइया को<br>
अचानक किनारा मिले<br>
जय अंबे, जय-जय मां जगदंबे<br>
नहीं रह जाए कोई मेरी चाह अधूरी<br>
विघ्न-बाधाएं मिटें सारी आस हो पूरी<br>
मिले पग-पग पर वाह, सुगम जीवन की राह<br>
मुझे बढ़ने को आगे हमेशा<br>
अनोखा इशारा मिले.<br>
जय अंबे, जय जय मां जगदंबे.

हे जगदंबे, मुझे पक्का विश्वास है कि मुझे तुम्हारे पावन चरणों का सहारा मिलेगा ही. क्या बताऊं? सच तो यह है कि मैं किसी योग्य नहीं हूं. मेरे पास न तो ज्ञान है और न ही व्यवहार. कर्म-कौशल भी मुझसे कोसों दूर है. तुम्हारी पूजा-अर्चना भी करना नहीं जानता. न जाने चौबीस घंटे में कितने अपराध जाने अनजाने कर बैठता हूं. फिर भी विश्वास है कि तुम मेरे सारे अपराधों को क्षमा करोगी, क्योंकि पुत्र कुपुत्र भले ही हो जाए, माता कुमाता नहीं हो सकती. हे खड्गधारिणी, दुर्ग दैत्य विनाशिनी अंबिके, एक कामना और है. मेरे जैसे जितने भी तुम्हारे श्रद्धालु भक्त हैं, उन पर अपनी कृपा दृष्टि अवश्य डालती रहना. यदि तेरे लिए मुझे और कुछ दे पाना संभव नहीं हो तो अपनी भक्ति ही दे देना. पहले धनबाद और अब दिल्ली की कवयित्री **शालिनी खन्ना** के हरिगीतिका छंद में आबद्ध इन शब्दों में मेरी यही विनती है.



दो वर मुझे माता भवानी,<br>
नित करूं आराधना.<br>
मां अम्बिके जगदम्बिके उंगली हमेशा थामना..<br>
तू है बड़ी बलशील मां अन्याय को जग से मिटा.<br>
सुन लो यही विनती बड़ी इतनी करूं बस कामना.<br>
मैं दीन हूं दुखियार हूं, आकर कभी तो दुख मिटा.<br>
आए बड़े नवरात्र के दिन कर रहे सब अर्चना.<br>
जग भज रहा पल-पल तुझे हर पाप से मुक्ति दिला<br>
हो शुद्ध मन की कामना, होकर प्रबल शुभ भावना.<br>
हैं पथ कटीले थक चुकी मैं शक्ति दो माता मुझे.<br>
ज्योतिर्मयी वरदान दो कष्टों से हो ना सामना.<br>
ना आ सके शत्रु कभी ना आपदा में अब घिरूं.<br>
आयी तुम्हारे दर लिए बस मैं यही इक प्रार्थना.<br>
अब है तुम्हारा आसरा मां बैरियों का वध करो.<br>
सुख शांति की धारा बहे स्वीकार कर ये याचना.<br>
दो वर मुझे माता भवानी नित करूं आराधना .<br>
माँ अम्बिके जगदम्बिके उंगली हमेशा थामना ..

शालिनी जी विदुषी कवयित्री हैं. कई छंदों पर अधिकार रखती हैं. ये गत्यात्मक ज्योतिष विशेषज्ञा हैं. इनसे मैं कविताओं के माध्यम तब से संपर्क में हूं, जब ये धनबाद में रहती थीं और किसी कारणवश ये साउथ दिल्लीवासिनी हो गयी हैं. हे जगदंबे, जिनके पास छंद है, ज्ञान है, भक्ति है, वह तुम्हारी स्तुति किये बिना कैसे रह सकता है और वह भी नवरात्र में. जमशेदपुर की कवयित्री **माधवी उपाध्याय** मनहरण छंद में इस प्रकार तुम्हारी महिमा गा रही हैं-



शरद ऋतु सुहाई, लिए नवरात्रि आई,<br>
नव राग,नव स्वर, गीत को संवार लो.<br>
भक्ति छायी चहुंओर, खुशियां मारे हिलोर ,<br>
माता आई द्वार पर, हृदय उतार लो.<br>
ललका चुनर मोहे, पैजनिया पांव सोहे,<br>
ओढ़हुल फूल जल, चरण पखार लो..<br>
करती कल्याण नित, भरती नव प्राण नित,<br>
भक्ति-भाव ध्यान धर, आरती उतार लो..<br>
माता अष्ट भुजाधारी, हाथों में खड्ग भारी,<br>
काम क्रोध मद आदि, असुर संहार दो..<br>
सिंह पे सवार मात, आशीष वरद हाथ,<br>
आदिशक्ति कष्ट सब, जग के निवार दो..<br>
श्वेत कमल वासिनी, धवल हंस वाहिनी<br>
शब्द भाव सुलेखनी ,ज्ञान का भंडार दो..<br>
श्वास-श्वास हो विश्वास,अनबुझी- सी हो प्यास ,<br>
माधवी पुकार सुन, गोद-मोद वार दो..

हे जगदंबे, मेरे जीवन में चाहे जितने भी संकट आयें, लेकिन मुझे शत प्रतिशत विश्वास है कि तुम्हारी कृपा दृष्टि मुझ पर सदा ही अमृत वर्षा करती रहती है. यही कारण है कि विद्वत समाज का मुझे भरपूर स्नेह प्राप्त है. उन्हीं विद्वज्जनों में से एक हैं **डॉ. हरेराम त्रिपाठी चेतन.** छियासी शारदीय नवरात्रों में तुम्हारी पूजा-अर्चना पूरी करने के बाद भी लेखन में युवा जैसा ही उत्साह रखते हैं. ज्ञान गुण सागर हैं, छंद शास्त्र के आगर हैं. ये भी संपूर्ण समर्पण भाव से तुम्हारे चरणों में अपनी हरिगीतिका छंद में आबद्ध यह रचना समर्पित कर रहे हैं-



पीता रहा मैं अश्रु आजीवन सकरुणे! पर शिवे.<br>
अब करुण कोमल दृष्टि से कर स्निग्ध द्युति वर्षण शिवे.<br>
चरम पर इस सृष्टि के तव नाम कहलाता 'इदम'.<br>
अतिशय प्रलय के पूर्व मां, पाती हो संबोधन 'अहम्'.<br>
वामा, मनोन्मनि चिन्मयी निस्पंद की सक्रिय क्रिया,<br>
चिति वाक, संविद पथ पडध्व, विमर्श तू पशुपति प्रिया.<br>
अम्बे अकारण करुण हिय आया शरण अघ-तन लिए.<br>
अब करुण कोमल दृष्टि से कर स्निग्ध द्युति वर्षण शिवे.<br>
नित्या, निरंजनि, निर्मला, निरुपालवा हो निस्तुला.<br>
अयि मृणप्रिया मत्ता, मता मनस्विनी मंगला काली कला.<br>
सर्वारुणा, सद्यः प्रसादिनी सामरस्य पारायणी!<br>
शृंगार रस-सीमा, सु-शुक्ला, सकल वर्ण विलासिनी!<br>
है सौख्यहीन, असत्य शंसित, पाप-पंकिल मन लिए .<br>
अब करुण कोमल दृष्टि से कर स्निग्ध द्युति वर्षण शिवे.<br>
कान्ति, काव्यालाप-लुब्धा, कोमलाङ्गी प्रियकरी.<br>
कामदा, कुलकत्रि, कमनीया, सुकेशि, कृशोदरी.<br>
कीर्ति, कुन्ता, कर्मसाक्षिणि, सुन्दरी कुल मुन्दरी !<br>
कामेश्वरी! कलि कल्पतरु, परमेशि करुणा निर्झरी.<br>
तरुण वर-आदित्य अभिमुख चित्त पाटल कल किए.<br>
अब करुण कोमल दृष्टि से कर स्निग्ध द्युति वर्षण शिवे.

हे मातेश्वरी, तुम समस्त चराचर जगत की शक्ति हो. तुम्हारे चरणों से दूर होने की इच्छा तो नहीं हो रही है, फिर भी कर्म करने के लिए मुझे आज्ञा दो. समस्त प्राणियों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखो. भारतवर्ष का कल्याण हो, झारखंड का मंगल हो.






# संग्रहालय में संरक्षित है महाराणा प्रताप की वीर गाथा

**राजस्थान** में प्रसिद्ध तीर्थ श्रीनाथ द्वारा से लगभग 15-16 किलोमीटर दूर हल्दीघाटी का वह ऐतिहासिक मैदान है, जिसकी फिजाओं में मातृभूमि के महान भक्त और महापुरुष महाराणा प्रताप की वीर गाथाएं तैर रही हैं. श्रीनाथ द्वारा में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अपने साहित्यकार मित्रों के साथ हल्दीघाटी जाने की योजना बन गयी और हम चल पड़े. हमारी टीम में कवि डा यमुना तिवारी व्यथित, बक्सर के कवि डॉ. रामेश्वर मिश्र बिहान, मुजफ्फरपुर की कवयित्री डॉ. उषा श्रीवास्तव और अपनी धर्म पत्नी डॉ. तारामणि पाण्डेय शामिल थे. वहां जाने पर कई बातों की जानकारियां मिलीं.



यायावर की डायरी

डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

हल्दीघाटी में डॉ. मोहन श्रीमाली ने महाराणा प्रताप की स्मृतियों और उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए एक अद्भुत म्यूजियम का निर्माण कराया है और एतदर्थ वे तीन बार भारत के राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित हो चुके हैं. म्यूजियम में महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित वे तमाम जानकारियां उपलब्ध हैं, जिन्हें देखकर दर्शक सहज ही रोमांचित हो उठते हैं. म्यूजियम के भीतर एक सुंदर वातानुकूलित प्रेक्षागृह है, जहां महाराणा प्रताप और अकबर की सेना के बीच हुई लड़ाई का मार्मिक वृतचित्र दर्शकों को दिखाया जाता है और दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं. म्यूजियम परिसर के भीतर एक पुस्तकालय, एक हैंडलूम की दुकान और एक शिव मंदिर है. परिसर में महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी युद्ध से संबंधित अनेक विशाल आदम कद संगमरमर की मूर्तियां पर्यटकों का मन मोह लेती हैं. राजस्थान के जन जीवन से जुड़ी अनेक झांकियां परिसर में देखने को मिलीं. महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी युद्ध से संबंधित कुछ ऐतिहासिक तथ्यों और जानकारियों को पाठकों से शेयर करना चाहता हूं. हल्दीघाटी में म्यूजियम एवं अन्य प्रमाणों के आधार पर मिली जानकारियों के अनुसार महाराणा प्रताप एक ही झटके में घोड़े समेत दुश्मन सैनिक को काट डालते थे. जब इब्राहिम लिंकन भारत दौरे पर आ रहे थे. तब उन्होने अपनी मां से पूछा कि हिंदुस्तान से आपके लिए कौन सा उपहार लाऊंगा ? तब मां का जवाब मिला- "उस महान देश की वीर भूमि हल्दीघाटी से एक मुट्ठी धूल लेकर आना, जहां का राजा अपनी प्रजा के प्रति इतना वफ़ादार था कि उसने आधे हिंदुस्तान के बदले अपनी मातृभूमि को चुना." लेकिन बदकिस्मती से उनका वह दौरा रद्द हो गया था. 'बुक ऑफ़ प्रेसिडेंट यूएसए' किताब में आप यह बात पढ़ सकते हैं. महाराणा प्रताप के भाले का वजन 80 किलोग्राम था और कवच का वजन भी 80 किलोग्राम ही था. कवच, भाला, ढाल और हाथ में तलवार का वजन मिलाएं तो कुल वजन 207 किलो था. आज भी महाराणा प्रताप की तलवार कवच आदि सामान उदयपुर राज घराने के संग्रहालय में सुरक्षित हैं.

अकबर ने कहा था कि अगर राणा प्रताप मेरे सामने झुकते हैं तो आधा हिंदुस्तान के वारिस वे होंगे, पर बादशाहत अकबर की ही रहेगी. लेकिन महाराणा प्रताप ने किसी की भी अधीनता स्वीकार करने से मना कर दिया था. हल्दी घाटी की लड़ाई में मेवाड़ से 20000 सैनिक थे और अकबर की ओर से 85000 सैनिक युद्ध में सम्मिलित हुए थे. हल्दी घाटी का युद्ध 18 जून 1576 को हुआ था.

# सरकारी बैंक और निजी बैंक



**प्राचीन** काल से हमारे देश में धन का संचय राजाओं और महाराजाओं के अलावा वणिकों के द्वारा किया जाता था. अलग अलग शासन काल में भी धन व्यवसायियों के पास ही रहता था.



चौराहा

प्रमोद कुमार झा

आप सबों ने पढ़ा होगा कि राजाओं को भी अधिक धन की आवश्यकता होती थी तो नगर सेठों से उधार लेते थे. अंग्रेज़ शासन काल में बहुत सारे इंग्लैंड के बैंकों ने भारत में अपनी शाखा खोली और व्यापार करने लगे. बीसवीं सदी के प्रारंभ में भारतीयों द्वारा इलाहाबाद बैंक की स्थापना की गयी. हाल में इस बैंक का विलय इंडियन बैंक में कर दिया गया. आज़ादी के बाद दर्जनों की संख्या में प्राइवेट बैंक खुले. प्रारंभ में इसका उद्देश्य लोगों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना था, पर धीरे धीरे इसके मालिकों और बोर्ड के अधिकारियों की बुरी नीयत के कारण बैंक दिवालिया होते गए और गरीब छोटे जमाकर्ताओं के खून पसीने की कमाई डूबने लगी. बहुत सारे पुराने रजवाड़ों, ज़मींदारों और बड़े व्यवसायियों ने मिली भगत कर आम भारतीयों को जमकर लूटा.


प्रायः इन्ही सारे कारणों से सन1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था. उस समय के लोगों को याद होगा कि देश के आम लोगों में कितनी प्रसन्नता थी उस समय. पूरे देश के गांव-गांव में राष्ट्रीय कृत बैंक की शाखाएं खुली और साहूकारों के मनमाने व्याज की दर से मुक्ति मिली. खेती, ट्रैक्टर और अन्य खेती के औजार, गाय, भैंस, बकरी ख़रीदने के लिए भी कर्ज मिलने लगे. फिर आया ग्रामीण बैंकों का दौर. इसकी प्रशासन व्यवस्था भी किसी राष्ट्रीकृत बैंक और नाबार्ड के संरक्षण में हुआ. ध्यातव्य है मध्य भारत और दक्षिण भारत में जहां ग्रामीण बैंक के बनिस्बत सहकारी बैंक अधिक लोकप्रिय रहे, वहां व्यभिचार भी ज्यादा हुआ और किसानों ने कर्ज के बोझ तले आत्महत्याएं भी कीं. हिंदी के प्रतिष्ठित उपन्यासकार संजीव ने तो पीड़ित परिवारों से बातचीत के बाद एक कालजयी उपन्यास 'फांस' भी लिखा. अब तक भारतीय भाषाओं में इन सूदखोरी की दुर्व्यवस्था पर सैकड़ों कहानियां लिखी गयी हैं!

फिर आया उदारीकरण का दौर. सैकड़ों की संख्या में 'नॉन बैंकिंग' फाइनेंस कंपनियां आईं. देश की गरीब, अनपढ़ करोड़ों की आबादी को लुभावने व्याज का लाली पाप दिखा कर दसों हज़ारों करोड़ लूट ले गईं. सहारा की कहानी अभी खत्म नहीं हुई है. सभी जानते हैं. ऐसे सैकड़ों कम्पनियां लोगों को कंगाल बना कर चली गयीं! फिर हाल के दिनों में नए पनपने वाले 'यस बैंक' का घोटाला सामने आया! हमारे देश के शासकों, अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने अवश्य ही कुछ अच्छा सोचकर अधिकांश राष्ट्रीयकृत बैंकों को 'प्राइवेट' में तब्दील करने का निर्णय लिया होगा! हां, पर एक गरीब भारतीय नागरिक चिंतित है!

# गधा उदास क्यों सेठ को प्यास क्यों



**कहने** को जंगल के जानवरों ने पूरे बहुमत से गधे को राजा बनाया था, मगर धीरे धीरे पोल खुल गई. अब सिर्फ गधे ही गधे को जंगल का राज मानते थे. बाकी सब समझ चुके थे कि बेअक्ल गधा सिर्फ अच्छी अच्छी पोशाक पहनकर सजने और सुबह शाम रेंकना के अलावा कुछ नहीं करता. गधा सिर्फ मोहरा है, पूरे शासन पर सेठ दुलीचंद का कब्जा है. दुलीचंद के कारिंदे जानवरों को मारकर उनकी खाल, हड्डियों और नाखून बेच रहे थे. जिस पेड़ को चाहते काट ले जाते. जानवर जब राजा गधे से इसकी शिकायत करते तो वह कारिंदे का ही पक्ष लेता. कहता- पेड़ कट जाने दो. यहां से ट्रेन चलाएंगे और जंगल का विकास होगा. इसी तरह वह मारे गए जानवरों को शहीद बताता और समझाता, यह पूरे जंगल के लिए कितने गर्व की बात है कि हमारे जानवरों के बाल-खाल और सिर्फ हड्डियां ही नहीं, बल्कि नाखून तक विश्व कल्याण के काम आ रहे हैं. चुनाव सिर पर थे. पूरे जंगल का माहौल अब गधे के खिलाफ था. कैलोबेलो कंपनी के न्यूज चैनलों के ओपिनियन पोल्स की यह रिपोर्ट जब प्रसारण से पहले सेठ दुलीचंद के पास पहुंची तो वह कुर्सी से ऐसे उछला, जैसे किसी बिच्छू ने काट लिया हो. उसने तत्काल जंगल के इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट के अफसरों को बुलाया, जिन्हें वह प्यार से ईडी कहता था. भले ही ये सब जंगल के कर्मचारी थे, मगर गधे ने उन्हें सेठ दुलीचंद की सेवा में लगा रखा था. इसलिए वे उसी का हुक्म मानते थे. गधे को चुनाव में चुनौती न मिले, इसलिए दुलीचंद ने जंगल के सारे शेरों को तो पहले ही ईडी से पकड़वा दिया था. अब उसने नया आदेश दिया कि जंगल में यह खबर फैला दी जाए कि जो भी गधे के खिलाफ नामांकन भरेगा, उसकी खाल निकालकर भूसा भर दिया जाएगा. इसके बाद भी कोई नामांकन करने जाए तो पहले ही पकड़कर पिंजरे में डाल दो. तय दिन चुनाव हुआ. गधा अकेला ही मैदान में था, मगर लोकतंत्र की लाज रखने को फिर भी मतदान कराया गया. नतीजा चौंकाने वाला आया. गधा चुनाव हार गया और नोटा जीत गया. उसी दिन यह कहावत बनी कि गधा उदासा क्यों और सेठ प्यासा क्यों? तब पूरा जंगल एक साथ बोला - क्योंकि नोटा जो था.



नश्तर

सुधीर राघव

# रागात्मक रिश्ता बनाती हैं नीरजा की कलाकृतियां



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार







**कला** की अभिव्यक्ति मनोवैज्ञानिक, प्रतीकात्मक तथा जटिल होती जा रही है. समकालीन कलाकारों के लिए किसी भी विषय में भारतीय समाज की जटिलताएं, कुण्ठाएं आदि अछूती नहीं है. अगर संघर्षरत कलाकार की कृतियों पर नजर डालें तो ये विसंगतियां पूरी जटिलता के साथ उनके चित्रों में दिखलाई पड़ती है. समकालीन कलाकार व्यक्ति तथा समाज की भावनाओं को आत्मसात कर गहन खोज में लगा हुआ है. प्रत्येक कला का प्रेरणा स्रोत भी हमारे सामाजिक परिवेश से ही जुड़ा होता है, तभी तो नीरजा कुजूर जैसे कलाकार अपनी कृतियों को रचने के लिए अपने जन्म स्थान से जुडी जन समूह के विषय परिवेश के अनछुए पहलुओं को उठाते हुए अपने माध्यम में आकार देने की कामयाब कोशिशें करती रही हैं. अपने समाज की सांस्कृतिक परंपराओं से प्रेरित होकर अपनी कलाकृतियों के माध्यम से समाज की बेबसी, पीड़ा, आक्रोश तथा विद्रोह को आकार देने की कोशिश करती हैं- नीरजा कुजूर.

कलाकार द्वारा बनायी गयी कलाकृतियां, उनके जीवन में आनन्द प्रदान करती है, यही नीरजा कुजूर के साथ भी है. इनका मानना है कि कला हमें डिजिटल थकान से राहत और सुकून देती है. इनका मानना है कि कला में मानसिक पीड़ा हरने की ताकत है. नीरजा कुजूर की कलाकृतियों को देखकर ऐसा लगता है मानो प्रकृति एक कैनवस पर सिमट कर रह गई है. हर स्पेस में कंपोजिशन हावी रहता है, लगता है जैसे वह फ्रेम से निकलकर पूरे वातावरण में रंग बिखेर रहा है. इनकी कलाकृतियों में सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति है और यही कारण है कि इनके चित्रों की संप्रेषणीयता में कोई रुकावट नहीं है. ये खासकर प्राकृतिक दृश्यों और ग्रामीण परिवेश पर केन्द्रित होकर कार्य करते हैं. ये अपनी एक विशेष शैली को प्रतिष्ठित और प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं. अमूर्त शैली में सृजित इनके चित्र प्रकृति और मानव जीवन के अंधेरे पलों की गाथा कहते नजर आते हैं. इनके चित्रों के विषयों में नारी की संवेदना भी एक प्रमुख विषय है. यूं तो पेंटिंग में इनकी रुचि बचपन से थी, लेकिन कॉलेज के दिनों में कला की ओर इनका रुझान बढ़ा. इन्होंने किसी कला महाविद्यालय से कला का प्रशिक्षण नहीं लिया है, बल्कि इसे अपने अनुभव से एक नया आयाम देने की कोशिश की है. इनकी पेंटिंग के रंग हमारे अनुभूति बोध को सीधे-सीधे प्रभावित करते हैं. ये अपनी पेंटिंग में गहरे रंगों का इस्तेमाल करती हैं. ये पेंटिंग को न केवल अर्थवत्ता प्रदान करती है, बल्कि उसमें अर्थों के लिए नये-नये आयाम खोलती है, दूसरी ओर रंगों की ऐसी प्रस्तुति दर्शकों की नजरों से एक रागात्मक रिश्ता बना कर आंख मिचौली जैसा रोचक खेल खेलती हैं.

नीरजा कुजूर झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्होंने चित्रकला के साथ-साथ फोटोग्राफी के माध्यम से भी नई परिभाषा गढ़ने की हिम्मत जुटायी है. नीरजा कुजूर की फोटोग्राफी भी अपने आपमें पूरी दस्तां बयां करती है. इन्होंने फोटोग्राफी की कहीं से विधिवत शिक्षा नहीं ली है, फिर भी इनकी फोटोग्राफी में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है. इनकी रचनात्मक फोटोग्राफी चीजों को देखने के लिए एक नये नजरिये की मांग करती है, जहां आखें दिल और दिमाग के तालमेल के साथ किसी विषय वस्तु और इसके ज्यामितीय रूप में सबसे अच्छी अभिव्यक्ति को खोजती हैं.

# आखर



# शक्ति की उपासना



डॉ. कमल कुमार बोस

शक्ति के प्रति श्रद्धा भाव, आस्था-भाव रखकर ही गृहस्थी की गाड़ी चलती है. भारतीय संस्कृति की प्राण धारा शक्ति के प्रति गहरी आस्था को पुष्ट करती है. कभी यह शक्ति प्रकृति के रूप में आदृत होती है, कभी सृष्टि के संचालक रहस्यमयी शक्ति के रूप में पूजित होती है, तो कभी इष्ट देवी-देवताओं के पूजन अर्चन के रूप में प्रकाशित होती है. अनंत महिमामयी, शक्तिशाली, विविध खंड रूप वाली प्रकृति से जुड़े पर्व-त्योहार हमारे जातीय जीवन के प्राण हैं. युग जीवन ने परिवर्तन के अनेक चरण पार किए, सभ्यता एवं राजनीति के इलाके में अनेक पट-परिवर्तन हुए, पर भक्ति की शक्ति की अनुभूति कभी कम ना हुई, आस्था का यह प्रवाह कभी ना रुका. विभिन्न पूजाओं के माध्यम से देवी शक्ति की आराधना में निश्चित रूप से पशुता का दम्भ नहीं होता, घृणा की कटुता नहीं होती बल्कि यह तो हमारी अध्यात्म की चेतना बनाकर हमारे मन प्राण को अनुप्रमाणित करती है, हमारे मन वैभव को हमारी समस्त चेतना और साधना को पवित्र बनाती है. शक्ति पूजा हमारे तन-मन की शक्ति को द्विगुणित करती है. हमारी आस्था को गहन बनाती है. हमारी जिजीविषा को तीव्र करती है. विजय-भूख मन में जागती है. विजय का शंखनाद कर सके इस योग्य हमें बनाती है. हमारे लिए शक्ति पूजा नहीं आशा एवं नई जागृति का संचार कर नवजीवन का महामंत्र देती है. हमारी मान्यता है कि दुर्गा केवल शक्ति की प्रतीक नहीं मातृ शक्ति की प्रतीक है, नारी शक्ति की प्रतीक है- "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता". नवरात्र का अनुष्ठान मातृ शक्ति के स्मरण का अनुष्ठान है हमारे चित्त शुद्धि का अनुष्ठान है, हमें संस्कारित करता है यह आयोजन. हिंदी साहित्य में शक्ति की महिमा के अनेक प्रसंग उद्घाषित हुए हैं. "राम की शक्ति पूजा" निराला की अप्रतिम रचना है. "तमसो मां ज्योतिर्गमय" की भाव भावना को पोषित करने वाली कविता है. अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मार्ग प्रशस्त करती है यह कविता. राम और रावण के संघर्ष के माध्यम से दो विरोधी शक्तियों की टकराहट को अभिव्यक्ति मिली है. यह टकराहट युगीन सच है, आसुरी और देवी शक्तियों के बीच का द्वंद्व - इस कविता में पौराणिकता एवं आधुनिकता के स्वर घुल-मिल गए हैं.

कविता की शुरुआत "रवि हुआ अस्त" से हुई है. कवि यह कहना चाहता है कि सूर्यवंशी राम किसी वंश परंपरा की ताकत से जीत नहीं सकेंगे. यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों की अर्जित ताकत भी इस युद्ध में राम की मदद नहीं करने वाली हैं. राम रावण का यह युद्ध साधारण नहीं असाधारण है. रामत्व और रावणत्व के बीच का यह युद्ध है - युद्ध की यह तस्वीर हर युग की तकदीर है. "अन्याय जिधर है उधर शक्ति" यह सच चिंतनीय है एवं निंदनीय भी. अन्यायी अत्याचारी शक्ति एवं क्षमता का सदा दुरुपयोग करते हैं. तब तब आसुरी वृत्ति के आतंक का उन्मूलन करने हेतु देवी शक्ति के रूप में राम अवतरित होते हैं. रावण से अधिक भयावह है उसकी शक्ति, प्रवृत्ति. हर युग में अच्छाई, सच्चाई एवं मानवता के विरुद्ध शक्तियां खड़ी हो जाती हैं. महाकवि निराला के अभिशप्त जीवन को भी विरोधी शक्तियों का सामना करना ही पड़ा. राम की सीता की तरह कविवर निराला की सर्जनात्मकता का भी अपहरण हुआ था जिससे मुक्ति पाने के लिए निराला को राम की तरह संघर्ष करना पड़ा था. राम ने आत्मावेषन की क्रिया के द्वारा योग के माध्यम से मन को उन्नत किया है. शक्ति की मौलिक कल्पना में मानव कल्याण की बड़ी भावना निहित है. शक्ति का मौलिक एवं संपूर्ण स्वरूप प्रकृति में व्याप्त है. दुर्गा रूप में संपूर्ण प्रकृति की शक्ति है -क्षितिज, जल, पावक, गगन, समीर सभी पर विजय प्राप्त कर राम शक्तिशाली, साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में प्रणम्य है. राम का यह स्वरूप रूढ़ियों की वर्जना एवं लोक कल्याण की दृढ़ कामना, लोक-न्याय की मजबूत स्थापना से निर्मित है. इस कथात्मक कविता में कथा एक और आधुनिकता से युक्त है - साथ ही अर्थ की अनेक जमीन को छूती है. युगीन-चेतना एवं आत्म संघर्ष का बहुत ही प्रभावशाली चित्र मनोवैज्ञानिक धरातल पर प्रस्तुत किया गया है. यह कविता एक ऐसा दर्पण है, जिसमें हर युग के राम और रावण का भीषण युद्ध दिखाई पड़ता है. राम जैसा व्यक्तित्व भी अपनी असमर्थता को स्वीकार कर रावण की अपरिमित शक्ति की सराहना करता है. बुरे दिन में जामवंत द्वारा दी गई नसीहत अति मूल्यवान है - "दृढ़ आराधन का उत्तर दो आराधन से" यह सलाह राम के मन को स्पर्श करती है - अपनी साधना में मनोयोग से तल्लीन हो जाते हैं पर दुर्भाग्य उनका साथ नहीं छोड़ता.

साधना के अंतिम चरण में शक्ति पुनः उनके साथ घाट पर आती है - पूजा का अंतिम फूल उठा लिया जाता है. राम चिंतनीय दशा से आक्रांत हो जाते हैं, पर चिंतन और विवेक का साथ डगमगाते राम को संभाल देता है. अपनी एक आंख देवी पर चढ़ाने को तत्पर राम जैसे ही वाण उठाते हैं - देवी आविर्भूत हो जाती है - राम का हाथ पकड़ लेती है तथा विजय का वरदान देकर अंर्तध्यान हो जाती है. ....... "होगी जय, होगी जय हे पुरुषोत्तम" नवीन कह महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन. विजय की यह प्रत्याशा हर व्यक्ति को संघर्षशील बनाती है - उसमें आत्मविश्वास बढ़ाती है. यह कविता निराला की जीवन गाथा है - साथ ही उनकी आशावादिता एवं सफलता की द्योतक भी है. निराला ने राम को मानवीय धरातल पर उतार कर उनके माध्यम से अपने युग को प्रस्तुत किया है. राम की सारी गतिविधियां एवं कार्य व्यापार हमारी तरह हैं. कविता का मुख्य विषय है सीता की मुक्ति और मुक्ति के लिए शक्ति की अनिवार्यता. शक्ति के बिना शिव भी शव हैं. राम भी करते हैं शक्ति की आराधना ताकि हो पूरी उनकी विजय की कामना. राम को अंतर्द्वंद्वों से युक्त दिखाया गया है और उन्हें अलौकिकता से लौकिक धरातल पर स्थापित किया गया है. जय और भय की आशंका को दूर करते हुए शक्ति की मौलिक कल्पना कर शक्ति को अर्जित करने की पृष्ठभूमि तैयार की गई है. आधुनिक भावबोध से राम जुड़ते दिखाई पड़ते हैं.

# जय जय गिरिबर राज किसोरी



डॉ. हाराधन कोईरी

रामचरितमानस के बालकांड के अन्तर्गत सीता द्वारा गौरी पूजन का प्रसंग सर्वाधिक लोकप्रिय है. शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया है. आज शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा है. इस दिन माता गौरी का पूजन किया जाता है. दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री उनका प्रथम स्वरूप है. पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण पार्वती कहलाती है. इनका वाहन वृषभ है, इसलिए ये देवी वृषारुढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं. इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल है.

महाकवि तुलसी का गिरिजा पूजन के पीछे बहुत बड़ा ध्येय है. तत्कालीन भारत में हिन्दू धर्मावलंबी आपस में वैष्णव, शैव और शाक्त को लेकर उलझे हुए थे. तीनों के बीच श्रेष्ठता का द्वंद्व छिड़ा हुआ था. ऐसी परिस्थिति में धार्मिक समरसता की महत्ती आवश्यकता थी. इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए तुलसी ने ऐसा विधान किया है. अपनी लोकमंगलकारी भावना के अनुरूप विश्रृंखलित हिन्दू जनमानस को संगठित करने का प्रयास किया है. इस संदर्भ में आचार्य चतुरेन शास्त्री लिखते हैं –" हिन्दू धर्म का अंतिम स्थायी संगठन तुलसी ने ही किया है." तुलसी आज भी सर्वाधिक पठनीय कवि हैं. उनका रामचरितमानस काव्य ग्रंथ और धर्म ग्रंथ दोनों है. उनके जैसा जीवन द्रष्टा कवि विश्व साहित्य में दुलर्भ है.

रामचरितमानस में कथा आती है - सीता सखियों संग गौरी पूजन करने के लिए पुष्प वाटिका में जाती हैं. उसी समय राम-लक्ष्मण पुष्प वाटिका में भ्रमण कर रहे होते हैं--

" तेहि अवसर सीता तहँ आई
गिरिजा पूजन जननि पठाई ||"

तभी उनकी एक सखी राम और लक्ष्मण के सौंदर्य को देखकर मुग्ध हो जाती हैं. वह चतुर सखी धीरज धरकर सीता का हाथ पकड़कर कहती हैं कि गौरी का ध्यान फिर से कर लेना, इस समय राजकुमारों को क्यों नहीं देख लेते हैं? तब सीता सकुचा कर नेत्र खोले और रघुकुल के दोनों कुमारों को अपने सामने देखा. नख से शिख तक राम की शोभा देखा और अपने पिता का प्रण को याद किया. प्रण को याद कर साथ-ही अपने स्वामी को पहचान कर मन ही मन मिलन की उत्सुकता लिए माता गौरी का वंदन करने लगीं. वे कहती हैं-- हे! हिमालय की पुत्री पार्वती आपकी जय, जय हो. हे! शिव के मुख की चन्द्र चकोरी, आपकी जय हो. हे! गणेश और कार्तिकेय की माता आपकी जय हो. हे जगतमाता! हे! कान्तियुक्त शरीरवाली, आपकी जय. इस संदर्भ में तुलसी की चौपाई देखिए---

"जय जय गिरिबर राज किसोरी।
जय महेस मुख चंद चकोरी। ।
जय गजबदन षडानन माता ।
जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।"

सीता मां पार्वती की प्रशंसा कर रही हैं, ताकि वह शीघ्र प्रसन्न हो जाए और उन्हें इच्छित फल पाने का आशीर्वाद दे दें. सीता पार्वती की विनती करती हुई कह रही हैं कि माता आपका न आदि है, न मध्य है और न ही अन्त है. आपका प्रभाव असीम है, वेद भी आपके प्रभाव को नहीं जानता. आप सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार करने वाली हैं. आप विश्व को मोहित करने वाली और स्वतंत्र रुप से विहार करने वाली हैं -

"नहिं तव आदि अंत अवसाना।
अमित प्रभाउ बेदु नाहिं जाना।।
भव भव बिभव पराभव कारानि।
बिस्व बिमोहिनि स्वबस बिहारिनि।।"

सीता कहती हैं कि माते! आप पति को इष्टदेव मानने वाली श्रेष्ठ नारियों में आपकी गणना सर्वप्रथम होती है. आपकी महिमा को तो हजार हजार सरस्वती और शेषनाग भी वर्णन करके पूरा नहीं कर पाएगा. मनुष्य आपकी सेवा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त करता है. हे! देवी नित्य आपके चरण की सेवा करके देवता, मनुष्य, मुनि आदि आनन्दित रहते हैं. देवी भगवती आप मेरी मनोकामना को जानती हैं, क्योंकि आप सबके हृदय में निवास करती हैं. इसलिए आपसे क्या कहूं? कहकर सीता ने पार्वती का चरण पकड़ लीं. तब पार्वती सीता की भक्ति और विनय को देखकर वह मुस्कराती हुई कहती हैं- हे! सीते सुनो तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी. देवर्षि नारद का कहा हुआ वचन सत्य होगा. गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि पार्वती को अनुकूल जानकर सीता के हृदय में जो हर्ष हुआ उसका वर्णन नहीं किया जा सकता है. सीता का बाम अंग फरकने लगा. वह हर्षित होकर राजभवन को लौट गयीं. यथा -

" जानि गौरि अनुकूल सिय हरषु न जाइ कहि।
मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे।।"

इस कथा-प्रसंग के माध्यम से तुलसीदास ने भगवती गिरिजा की शक्ति और सामर्थ्य का परिचय कराया है. जिस प्रकार वैष्णवों के लिए भागवत पुराण श्रेष्ठ है. शैवों के लिए शिव पुराण श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार शाक्तों के लिए देवीभागवत पुराण. देवीभागवत पुराण को शाक्तभागवत भी कहा जाता है. देवीभागवत पुराण का संबंध सारस्वत कल्प से है. इस पुराण के आधार पर भगवती दुर्गा के द्वारा सृष्टि निर्माण की कथा कही गयी है. मनुष्य अपने जीवन में भगवती की उपासना करके कैसे सुख शांति और समृद्धि को प्राप्त कर देवी का कृपा पात्र बन सकता है, उसका विशद वर्णन किया गया है. रामचरितमानस में गिरिजा के रूप, गुण और प्रभाव का जो वर्णन आया है उसमें देवी भागवत पुराण का प्रभाव देखा जा सकता है.

दुर्गा के नौ स्वरूप मनुष्य की दुर्गति को नाश करने वाली है. मनुष्य सच्चे मन से देवी की उपासना करेगें तो उनकी हर मनोकामना पूरी होगी क्योंकि भक्ति में अपार शक्ति है. भक्ति की शक्ति का गान करते हुए तुलसीदास लिखते हैं--

" भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी।
बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी।।"

रामचरितमानस में सीता के द्वारा गौरी पूजन कराना केवल परम्परा का निर्वाह करना नहीं है, अपितु तुलसीदास की समन्वयवादी भावना का परिचायक है.

## नमस्तस्यै



डॉ अशोक प्रियदर्शी

कृपाकारिणी, विजयशालिनी
सर्वमंगला मोक्षदायिनी
प्रलय काल में पूर्ण सृष्टि ग्रस लेती है जो
ऐसी 'काली'
सुख किंवा मंगल स्वीकृत कर
भक्तों को जो देने वाली
जिनके कर में है कपाल
ग्रीवा में है मुंडों की माला
जो मिलतीं दु:साध्य साधनों से
जैसे अष्टांग योग, कर्मोपासन
ऐसी जो जगदंबा दुर्गा
जो भक्तों के, अन्यों के भी.
सब अपराध क्षमा कर देती
सबका शिव ही जो करती हैं
जो स्वाहा का रूप धारकर
यज्ञभाग का ग्रहण, देव-पोषण करती है
ऐसी जो जगदंबा उनको नमस्कार है.
देवी चामुण्डा की जय हो

प्राणिमात्र की सकल वेदना हरने वाली
सबके भीतर रहने वाली
कालरात्रि को नमस्कार है, उनकी जय हो
मधु-कैटभ को मारा
औ ब्रह्मा जी को वरदान दिया
सो नमन हमारा
आत्मज्ञान दो, मोह-विजय दो, इनका यश दो
काम-क्रोध को नष्ट करो हे
महिषासुरमर्दिनि भक्त सुखदे
है नमन तुम्हें, रूप दो, जय दो, यश दो
काम-क्रोध है शत्रु इन्हें मारो हे माते
रक्तबीज का, चण्ड-मुण्ड का
शुम्भ निशुम्भ, धूम्रलोचन का
मर्दन करने वाली तुमको नमन,
रूप दो, जय दो यश दो
काम क्रोध है शत्रु इन्हें मारो हे माते
सबके द्वारा वंदित तेरे युगल चरण है
तू सबको सम्पूर्ण भाग्य, सौभाग्य-प्रदाता, माता.

## होगी कृपा अनूप



हिमकर श्याम

एक हाथ में है कमल, दूजे में त्रिशूल।
शैलपुत्री के रूप में, करे कष्ट उन्मूल।।

है शुभ फलदायी बहुत, ब्रह्मचारिणी रूप।
मन से करें उपासना, होगी कृपा अनूप।।

स्वर्ण वर्ण दस हाथ है, शशिघंटा दुतिमान।
शिक्षा, ज्ञान प्रदायिनी, करती हैं कल्याण।।

अष्ट भुजा माँ भगवती, मंद मधुर मुस्कान।
कूष्मांडा ने ही किया, सकल जगत निर्माण।।

सेनापति बन कर लड़ी, देव असुर संग्राम।
माता सनत कुमार की, स्कंदमात है नाम।।

महिषासुर संहारिणी, असुरों का कर नाश।
दुख हरती कात्यायनी, ऐसा है विश्वास।।

स्वयं शक्ति संधान से, कालरात्रि अवतार।
रौद्र रूप धर कर दिया, रक्त -बीज संहार।।

दया-रूप मां गौरि है, हर लेती है पाप।
श्रद्धा भाव से पूजिए, मिट जाए संताप।।

अष्ट-सिद्धि नव निधि मिले, नमन करे संसार।
सिद्धि- दात्रि करती सदा, सिद्ध शक्ति संचार।।




## मां दुर्गा



सारिका भूषण

मां, तुम एक मन्नत हो
जो मिन्नतों से मिलती
मां, तुम एक दिव्यज्योत हो
जो अभ्यर्थनाओं से जलती
न भाव, अभाव, न जाति भेदभाव
हर भक्त पाए तेरी ममता की छांव
आरती की थाल है
और पुष्पों भरी अंजलि
दिल में हर्ष अपार है
और खुशियां देती पुष्पांजलि
इस कलियुग में राह दिखाओ
उन्हें जो भटक गए
शरण दो उनको मां
जो आज तुझसे लिपट गए.


## शंख, चक्र, ढाल से जोत बिखराइए



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

मां के नवरात आए,
खुशियां सौगात लाए,
आह्वान करके मां को,
घर पे बुलाइए.
उतर पहाड़ आई,
शेर पे सवार आई,
चंदन के आसन पे,
मैया को बैठाइए.
कर के श्रृंगार पूरा,
नथ,बिंदी लाल चूड़ा,
कंठ मोतियन माला,
चुनरी चढ़ाइए.
कलश में गंगा - जल,
नैन प्रेम से सजल,
स्वागत में आरती का,
थाल भी सजाइए.
शुभ-लाभ हाथ लिए,
सरस्वती साथ लिए,
लक्ष्मी जगन्नाथ लिए,
जगदंबे आइए.
ममता की मूरत है,
मनोहारी सूरत है,
शंख, चक्र,ढाल से मां,
जोत बिखराइए.
आस पूरी करो माता,
तू ही जग की विधाता,
हर ओर छाई है जो,
विपदा हटाइए.
किरपा की भीख दो मां,
बल, बुद्धि, सीख दो मां,
घिरा है जो बेटियों का
अंधेरा मिटाइए.

## मां शैलपुत्री



मीनू सिन्हा मीनल

प्रथम शैलपुत्री है माता ।
दक्ष प्रजापति से है नाता ।।
दुहिता इनकी सती भवानी ।
जय मां हे दुर्गे कल्याणी ।।
जप तप से शंकर को पाया ।
पत्नी रूपा काया छाया ।।
पितुगृह जानी उत्सव भारी ।
हर्षित मगन विकल बेचारी ।।
नीति सभी शिव ने समुझाई ।
विह्वल, बेकल अति अकुलाई ।।
कहना स्वामी का नहिं माना ।
बिना बुलाये जाना ठाना ।।
विक्षुब्धा गिरिजा अपमानित ।
हैमवती अग्नि में समर्पित ।।
तांडव करते क्रुद्ध महेश्वर ।
त्राहि-त्राहि रक्षा जगदीश्वर ।।
गौघृत करते भक्तन अर्पण ।
फिर अपना हो पूर्ण समर्पण ।।
आशीर्वाद आरोग्य मिलता ।
जीवन प्रसून पल-पल खिलता ।।
मूलाधार मगन मन योगी ।
संन्यासी हो आये भोगी ।।
आओ, सब मिल माँ के द्वारे ।
मनवाँ करता जय-जयकारे ।।



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 03 | 03 | 00 | 06 | +1.821 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 03 | 03 | 00 | 06 | +1.604 |
| 3 | दक्षिण अफ्रीका | 02 | 04 | 00 | 04 | +2.360 |
| 4 | पाकिस्तान | 03 | 02 | 01 | 04 | -0.137 |
| 5 | इंग्लैंड | 02 | 01 | 01 | 02 | +0.553 |
| 6 | बांग्लादेश | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.699 |
| 7 | श्रीलंका | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.161 |
| 8 | नीदरलैंड | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.800 |
| 9 | ऑस्ट्रेलिया | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.846 |
| 10 | अफगानिस्तान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.907 |

## एक नजर में

| पाकिस्तान | प्लेयर ऑफ द मैच | भारत |
|---|---|---|
| 191/10 | जसप्रीत बुमराह | 192/ 3 |

## फील्ड कॉर्नर



अहमदाबाद । भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान अपनी खुशी का इजहार करते खेल प्रेमी.

## आगे कौन

**सबसे अधिक रन**
**248**



मोहम्मद रिजवान, पाकिस्तान

**सबसे अधिक विकेट**
**08**



जसप्रीत बुमराह, भारत

**सिक्सर किंग** कुशाल मेंडिस : 14

**बाउंड्री**

| 6 | 4 |
|---|---|
| 143 | 587 |

# विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर 7 विकेट की दमदार जीत

# भारत की जीत का सिलसिला जारी

### रोहित ने 86 रन बनाए, 192 का टारगेट 31 ओवर में चेज

भाषा। अहमदाबाद

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा दिया है. भारत ने अपनी अनंत जीत का सिलसिला बरकरार रखा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी. भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया. कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली. उन्होंने तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 77 रन की साझेदारी की. 19 रन देकर 2 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे. पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया. मोहम्मद रिजवान 49 रन पर आउट हुए. 5 इंडियन बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए. भारत की ओर से रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए. शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए.

### क्यों हार गया पाकिस्तान आखिर कैसे जीता भारत

- बाबर आजम का विकेट भारत की जीत की वजह बना. बाबर के आउट होने से पहले पाकिस्तान 30 ओवर में 2 विकेट पर 155 रन था, लेकिन बाबर के बाद कोई भी बल्लेबाज नहीं टिका. बाबर मिडिल ओवर्स में धीरे-धीरे रन बनाते हैं. साझेदारियों से स्कोर को बड़ा करते हैं. लेकिन भारत ने उनका विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया.
- भारत के गेंदबाजों ने अच्छी बॉलिंग की. लगातार विकेट गिराते रहे और जब पाकिस्तान प्रेशर में आया तो रोहित ने आक्रामक कप्तानी की और बॉलर्स का बदलाव सही किया. रनचेज के वक्त भारत की सोच सकारात्मक थी. भारत हमेशा रनरेट के मामले में पाकिस्तान से आगे ही रहा. रोहित शर्मा की एग्रेसिव बैटिंग ने जीत की राह आसान कर दी.

### विराट को मिला जीवनदान पर फायदा नहीं उठा पाए

9वें ओवर में विराट कोहली रन आउट होने से बाल-बाल बचे, लेकिन 10वें ओवर में कैच आउट हो गए. ओवर की तीसरी बॉल हारिस रऊफ ने फुल टॉस फेंकी, रोहित ने पंच किया, लेकिन बॉल मिड-ऑन फील्डर के हाथ में चली गई. रोहित रन दौड़ने के लिए आधी पिच तक आ गए, लेकिन कोहली क्रीज में ही रहे. रोहित को अपनी ओर आते देख कोहली ने भी रन लेना शुरू किया, इतने में फील्डर शाहीन अफरीदी ने स्ट्राइकर एंड पर थ्रो फेंक दिया. कोहली ने डाइव लगाई, लेकिन अफरीदी का थ्रो स्टंप्स पर नहीं लगा. अगर थ्रो लगता तो विराट को पवेलियन लौटना पड़ता. विराट इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और अगले ही ओवर में कैच आउट हो गए. उन्हें हसन अली ने पवेलियन भेजा. कोहली ने 16 रन बनाए.

### 100 विकेट घरेलू मैदान में पूरे किए रविन्द्र जडेजा ने

## भारत- 8, पाकिस्तान- 0



### रोहित शर्मा का हिटमैन शो जारी

192 का टारगेट चेज करने उतरे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने विस्फोटक शुरुआत की. रोहित ने पहली ही गेंद पर चौका लगाया. अपनी पारी के दौरान रोहित ने 6 सिक्स और 6 चौके लगाए. शुभमन गिल (16 रन) और विराट कोहली (16) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए. चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए श्रेयस ने टिककर बल्लेबाजी की. रोहित के आउट होने के बाद श्रेयस ने केएल राहुल के साथ 36 रन की साझेदारी की.



### उम्मीद बढ़ाई, पर शाहीन की स्विंग काम नहीं आई

शाहीन शाह ने तीसरे ही ओवर में शुभमन का विकेट लेकर पाकिस्तान की उम्मीदें बढ़ाईं, लेकिन रोहित की विस्फोटक बल्लेबाजी की वजह से इस विकेट के गिरने का ज्यादा फर्क नहीं पड़ा. विराट कोहली 10वें ओवर में हसन अली का शिकार हुए. इसके बाद अगला विकेट 22वें ओवर में रोहित शर्मा का गिरा, पर तब तक स्कोर 156 रन पहुंच चुका था. बचा हुआ काम श्रेयस और राहुल की साझेदारी ने कर दिया.

### मिडिल ओवर्स में बिखर गई पाकिस्तान की टीम

पाकिस्तान की ओर से कप्तान बाबर आजम ने फिफ्टी लगाई. यह वनडे में इंडिया के खिलाफ उनकी पहली फिफ्टी थी. बाबर जब आउट हुए, तब 30वें ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 3 विकेट पर 155 रन पहुंच चुका था. लेकिन इसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाज बिखर गए. 36 रन के भीतर टीम ने 8 विकेट गंवा दिए और 191 पर ऑलआउट हो गई. इनमें रिजवान 49 के स्कोर पर आउट हुए. हसन अली ने 12 रन बनाए. उनके अलावा कोई भी पुछल्ला बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंचा.

## स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आरशफीक एलबीडब्ल्यू बो सिराज | 20 | 24 | 3 | 0 |
| इमाम-उल-हक कै राहुल बो हार्दिक | 36 | 38 | 6 | 0 |
| बाबर बो सिराज | 50 | 58 | 7 | 0 |
| रिजवान बो बुमराह | 49 | 69 | 7 | 0 |
| शकील एलबीडब्ल्यू बो कुलदीप | 6 | 10 | 0 | 0 |
| इफ्तिखार बो कुलदीप यादव | 4 | 4 | 1 | 0 |
| शादाब खान बो बुमराह | 2 | 5 | 0 | 0 |
| नवाजसी बुमराह बो हार्दिक | 4 | 14 | 0 | 0 |
| हसन एलिक कै गिल बो जड़ेजा | 12 | 19 | 2 | 0 |
| शाहीन अफरीदी नॉट आउट | 2 | 10 | 0 | 0 |
| हैरिस रऊफ एबीडब्ल्यू बो जड़ेजा | 2 | 6 | 0 | 0 |


**अतिरिक्त :** 4, **कुल :** 191/10 , 42 .5 ओवर, **विकेट पतन :** 41-1 , 73-2, 155-3 , 162-4, 166-5 , 168-6, 171-7, 187-8, 187-9, 191-10, **गेंदबाजी :** बुमराह 7-1-19-2, सिराज : 8-0-50-2, हार्दिक पंड्या : 6-0-34-2, कुलदीप यादव : 10-0-35-2, रवींद्र जड़ेजा : 9 .5-0-38-2, ठाकुर : 2-0-12-0

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै इफ्तिखार बो अफरीदी | 86 | 63 | 6 | 6 |
| शुभमन गिल कै शादाब बो अफरीदी | 16 | 11 | 4 | 0 |
| कोहली कै नवाज बो हसन अली | 16 | 18 | 3 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नॉटआउट | 53 | 62 | 3 | 2 |
| केएल राहुल नॉटआउट | 19 | 29 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 2, **कुल :** 192/ 3, 30 .3 ओवर.
**विकेट पतन :** 23-1, 79-2, 156-3, **गेंदबाजी :** शाहीन अफरीदी : 6-0-36-2, हसन अली : 6-0-34-1, मोहम्मद नवाज : 8 .3-0-47, हारिस रऊफ : 6-0-43-0, शादाब खान : 4-0-31-0

- भारत की ओर से बुमराह, कुलदीप, जडेजा व सिराज ने 2-2 विकेट लिए
- भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया

### इमाम के विकेट से पहले हार्दिक का खास एक्शन



13वें ओवर की दूसरी बॉल हार्दिक पंड्या ने शॉर्ट पिच फेंकी, इस पर इमाम-उल-हक ने चौका लगा दिया. अगली बॉल से पहले उन्होंने गेंद हाथ में ली और कुछ बोलते नजर आए. तीसरी बॉल उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी और इमाम कॉट बिहाइंड हो गए. विकेट लेने के बाद हार्दिक ने इमाम को बाहर जाने का इशारा किया.

## ट्रॉफी टूर : देवघर पहुंची महिला एशियाई चैंपियंस लीग की ट्रॉफी

**रांची।** रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन होने जा रहा है. इस टूर्नामेंट से पहले हॉकी इंडिया ने हॉकी झारखंड और झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के ट्रॉफी टूर का आयोजन किया. ट्रॉफी टूर का आधिकारिक शुभारंभ शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया. शनिवार को ट्रॉफी देवघर पहुंची, जहां उपायुक्त विशाल सागर द्वारा स्वागत किया गया. मौके पर जिला परिषद प्रमुख किरण कुमारी, उप विकास आयुक्त कुमार तरचंद, जिला खेल अधिकारी संतोष कुमार, हॉकी देवघर के प्रमुख विजय प्रताप सनातन और सचिव संजीव कुमार झा उपस्थित थे.

### क्रिकेट संघ का प्रतिनिधि बन धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) का प्रतिनिधि बनकर भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को यहां खेले गये विश्व कप मैच के 41 टिकट के नाम पर 2.68 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. आनंदनगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक (इंस्पेक्टर) वीएम देसाई ने कहा कि शिकायतकर्ता मसारी कंदोरिया फेसबुक के जरिये 22-23 सितंबर के बीच जय शाह नामक व्यक्ति के संपर्क में आया. शाह ने जीसीए प्रतिनिधि होने का दावा करते हुए भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए टिकट देने का वादा किया.

## आर्कटिक ओपन: संघर्षपूर्ण जीत के साथ सेफा पहुंची सिंधू

भाषा । वांता (फिनलैंड)

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहला गेम की गंवाने के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वियतनाम की थ्यू लिन्ह गुयेन को 91 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 20-22, 22-20, 21-18 से जीत हासिल की और इस तरह से विश्व में 26वें नंबर की खिलाड़ी और यहां गैर वरीयता प्राप्त गुयेन के चार मैचों से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगा दी. पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही सिंधू सेमीफाइनल में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी से भिड़ेगी. सिंधू ने इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के किसी टूर्नामेंट में चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है. वह इससे पहले स्पेन मास्टर्स (फाइनलिस्ट), मलेशिया मास्टर्स और कनाडा ओपन में अंतिम चार में पहुंची थीं.

## अफगानिस्तान के खिलाफ नेट रन रेट में सुधार करने उतरेगा इंग्लैंड




- मैच दोपहर 2 :00 बजे शुरू होगा

भाषा । नई दिल्ली

पहले मैच में शर्मनाक हार के बाद अपने अभियान को वापस पटरी पर लाने वाला गत चैंपियन इंग्लैंड रविवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बड़ी जीत दर्ज करके 'नेट रन रेट' में सुधार करने की कोशिश करेगा. इंग्लैंड की इस टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी तथा उसे पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड से 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम ने हालांकि मंगलवार को धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन से हराकर अच्छी वापसी की. न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी नहीं बल्कि गेंदबाजी चिंता का विषय रही थी. तब डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र के सामने उसके गेंदबाज क्रिस वोक्स, मार्क वुड, सैम करेन, मोइन अली और आदिल राशिद सामान्य नजर आए. लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ अगले मैच में इंग्लैंड ने प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम की मजबूती का पुख्ता नमूना पेश किया. पारी की शुरुआत करते हुए डेविड मलान ने 107 गेंद पर 140 रन बनाए जबकि जो रूट और जॉनी बेयरस्टो ने भी उपयोगी योगदान दिया.

इंग्लैंड की टीम अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा करने के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद करेगी. यह अपेक्षाकृत छोटा स्टेडियम है और यहां अभी तक जितने भी मैच खेले गए है, उनमें बड़ा स्कोर बना है. कप्तान बटलर के अलावा हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टोन भी मध्यक्रम में उपयोगी योगदान देने के लिए बेताब होंगे. इंग्लैंड ने पिछले मैच में मोईन अली की जगह रीस टोपली को टीम में शामिल किया था. उसका यह फैसला सही साबित हुआ क्योंकि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ इस मैच में 10 ओवर में 43 रन देकर चार विकेट लिए थे. वोक्स, वुड, करेन और राशिद सभी फॉर्म में लौट आए हैं. उन्होंने पिछले मैच में न सिर्फ किफायती गेंदबाजी की बल्कि विकेट भी हासिल किए.

### टीमें

**इंग्लैंड**
जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), जो रूट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोइन अली, क्रिस वोक्स, सैम करेन, डेविड विली, आदिल राशिद, मार्क वुड, रीस टॉपले, गस एटकिंसन.

**अफगानिस्तान**
हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक.

**फुटबॉल** बेल्जियम, फ्रांस और पुर्तगाल ने किया यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

## एमबापे व रोनाल्डो का शानदार प्रदर्शन, दो-दो गोल दागे


भाषा। पेरिस

काइलियन एमबापे और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो-दो गोल दागे, जिससे फ्रांस और पुर्तगाल ने क्वालीफाइंग में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित की. इन दोनों के अलावा बेल्जियम भी जर्मनी में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा. यूरोप की इन तीनों शीर्ष टीमों को क्वालीफाई करने के लिए जीत की जरूरत थी और उनके स्ट्राइकरों ने शानदार प्रदर्शन करके उनकी जीत सुनिश्चित की.

**फ्रांस में नीदरलैंड को हराया :** एमबापे के दो गोल की मदद से एम्सटर्डम में खेले गए मैच में फ्रांस ने नीदरलैंड को 2-1 से हराया. यह फ्रांस की लगातार छठी जीत थी. एमबापे ने सातवें मिनट में ही पहला गोल दाग दिया. यह उनका 41वां अंतरराष्ट्रीय गोल था जिससे उन्होंने फ्रांस के दिग्गज माइकल प्लातिनी की बराबरी की. एमबापे ने इसके बाद 51वें मिनट में दूसरा गोल किया. नीदरलैंड की तरफ से एकमात्र गोल 80वें मिनट में क्विलिंडस्की हार्टमैन ने किया. यह क्वालीफाइंग में पहला मौका था जब फ्रांस के खिलाफ किसी टीम ने गोल किया.

### खास बातें

- बेल्जियम व जर्मनी ने भी किया क्वालीफाई
- एमबापे ने दिग्गज माइकल प्लातिनी की बराबरी की



### यूनान से 2-0 से हारा आयरलैंड

ग्रुप बी में यूनान ने आयरलैंड को 2-0 से हरा कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है. उसके अब 12 अंक हो गए हैं. नीदरलैंड के 9 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है. प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सीधे क्वालीफाई करेंगी.

### पुर्तगाल ने स्लोवाकिया को हराया

पुर्तगाल ने रोनाल्डो के दो गोल की मदद से स्लोवाकिया को 3-2 से पराजित किया. रोनाल्डो के 202 अंतरराष्ट्रीय मैच में अब 125 गोल हो गए हैं. पुर्तगाल की यह लगातार सातवीं जीत है और उसका गोल अंतर 27-2 है. यह यूरोपीय क्वालीफाइंग में किसी टीम का अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. उधर वियना में रोमेलु लुकाकु ने फिर से गोल किया जबकि डोडी लुकेबाकियो ने दो गोल किए, जिससे बेल्जियम ने ऑस्ट्रिया को 3-2 से हरा कर ग्रुप एफ से यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया.

## शुभो महालया...



पितृ पक्ष के आखिरी दिन व महालया के शुभ अवसर पर शनिवार को कोलकाता में गंगा नदी के किनारे अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान अनुष्ठान करते श्रद्धालु. - फोटोः पीटीआई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लाखों लोगों ने शनिवार को महालय के मौके पर 'तर्पण' किया. महालय, बंगाल में दुर्गा पूजा के नजदीक आने का प्रतीक होता है. इस विशेष दिन लोग हुगली और राज्य की अन्य नदियों एवं जलाशयों के तटों पर पहुंचे और अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महालय के शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि महालय के इस पावन दिन पर, हम कामना करते हैं कि मां दुर्गा सभी के जीवन को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का आशीर्वाद दें. यह विशेष अवसर साहस, सद्भाव और समृद्धि का प्रतीक हो. शुभो महालय.

दिन की शुरुआत आकाशवाणी पर सुबह में महिषासुर मर्दिनी (देवी दुर्गा को समर्पित श्लोकों और गीतों के संग्रह) के प्रसारण से हुई. महिषासुर मर्दिनी का पहली बार सीधा प्रसारण 1930 के दशक की शुरुआत में आकाशवाणी पर किया गया था. तब से इसका प्रसारण महालय की सुबह करने का चलन बन गया है.

## आओ जानें

### 2100 में विश्व की जनसंख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. भारत | 1,530 मिलियन | 12. फिलीपींस | 180 मि |
| 2. चीन | 767 मि | 13. बांग्लादेश | 176 मि |
| 3. नाइजीरिया | 546 मि | 14. नाइजर | 167 मि |
| 4. पाकिस्तान | 48 मि | 15. सूडान | 142 मि |
| 5. डीआर कांगो | 432 मि | 16. अंगोला | 133 मि |
| 6. यूएस | 394 मि | 17. युगांडा | 132 मि |
| 7. इथियोपिया | 324 मि | 18. मेक्सिको | 116 मि |
| 8. इंडोनेशिया | 297 मि | 19. केन्या | 113 मि |
| 9. तंजानिया | 245 मि | 20. रूस | 112 मि |
| 10. मिस्र | 205 मि | विश्व | 10 .35 अरब |
| 11. ब्राजील | 185 मि | | |

# अमेरिका के कई हिस्सों में दिखेगा दुर्लभ सूर्यग्रहण

**भाषा। पोर्टलैंड (अमेरिका)**



अमेरिका के कई इलाकों में शनिवार को एक दुर्लभ सूर्यग्रहण 'रिंग ऑफ फायर' दिखेगा. यह खगोलीय घटना अमेरिका के ऑरेगन से ब्राजील तक दिखेगी. इस सूर्यग्रहण को लेकर लोगों में काफी उत्साह है. हालांकि, लोगों को मौसम को लेकर भी कुछ चिंताएं भी हैं क्योंकि आसमान में बादल छाये रहने की स्थिति में उन्हें सूर्यग्रहण नहीं दिखेगा. पूर्ण सूर्यग्रहण के विपरीत 'रिंग ऑफ फायर' ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से नहीं ढकता. इस खगोलीय घटना के दौरान चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है तथा सूर्य के चारों ओर एक चमकदार वलय दिखता है.

यह दुर्लभ घटना अमेरिका में ओरेगन, नेवादा, यूटा, न्यू मैक्सिको, टेक्सास के साथ ही ब्राजील में भी दिखेगी. हालांकि, सूर्यग्रहण के दौरान अमेरिका के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने के कारण इसे देखने में दिक्कत हो सकती है. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अन्य समूहों ने इस खगोलीय घटना का सीधा प्रसारण करने की योजना बनाई है.

**खास बातें**
- सूर्यग्रहण को लेकर लोगों में काफी उत्साह
- बादल छाये रहने की स्थिति में नहीं दिखेगा सूर्यग्रहण

## ब्रीफ खबरें

### म्यांमार सीमा पर 12 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**आइजोल।** मिजोरम के चम्फाई जिले में 12 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन की गोलियां जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. असम राइफल्स ने शनिवार को यह जानकारी दी. केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के अनुसार, एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और नारकोटिक्स विभाग के कर्मियों ने बृहस्पतिवार को म्यांमा सीमा के पास जोटे क्षेत्र से मेथमफेटामाइन की 40,400 गोलियां जब्त कीं.

### नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी जिले में पुलिस ने कथित तौर पर नकली नोटों का लेन-देन करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने हतिगांव थाना क्षेत्र के दखिनगांव में एक घर पर छापा मारा और पांच लोगों को गिरफ्तार किया.

### तस्करी के आरोप में दरोगा गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक पुलिस उप निरीक्षक (दरोगा) और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दरोगा और उसके सहयोगी के कब्जे से 33 किलोग्राम चरस बरामद की गयी है. पुलिस अधीक्षक (नगर) केके विश्नोई ने बताया कि गोरखपुर के समन प्रकोष्ठ में तैनात लखनऊ निवासी दरोगा रवींद्र शुक्ला और उनके सहयोगी कुलवीर सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया.

### 16 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में शनिवार को पुलिस ने 16 लाख रुपये के इनामी 48 वर्षीय नक्सली को गिरफ्तार कर किया है. एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पुलिस को गढ़चिरौली में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास कट्टर नक्सली चैनूराम उर्फ सुक्कू वट्टे कोर्सा की मौजूदगी की जानकारी मिली थी, जहां वह जरावंडी और पेंडारी चौकियों पर पुलिस दल की गतिविधियों पर नजर रख रहा था.

### बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान में की छह की हत्या

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस अधिकारी हिदायतुल्ला दश्ती ने कहा कि बंदूकधारियों ने प्रांत की राजधानी क्वेटा से करीब 606 किलोमीटर दक्षिण में तुरबत शहर में आठ श्रमिकों पर आधी रात को गोलीबारी की. उन्होंने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दश्ती ने कहा कि श्रमिक शहर में निर्माणाधीन एक निजी निर्माण परियोजना का हिस्सा थे.


## इजराइल की चेतावनी के बाद गाजा पट्टी में जमीनी कार्रवाई बढ़ने की आशंका

# फिलिस्तीनियों का गाजा से पलायन शुरू

**भाषा। तेल अवीव**

इजराइल की सेना ने लगभग दस लाख फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करके सुदूर दक्षिण की ओर जाने को कहा है, जिसके बाद फिलिस्तीन के लोगों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र से पलायन शुरू कर दिया है. इजराइल की चेतावनी के बीच, जमीनी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है. इजराइल की ओर से शुक्रवार को जारी हमलों के बीच लोग कार, ट्रक और खच्चरों पर परिजनों के अलावा जरूरत का कुछ सामान लाद कर दक्षिण में मुख्य सड़कों की तरफ निकल पड़े.

फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की मीडिया टीम ने कहा कि युद्धक विमानों ने दक्षिण की ओर जा रही कारों को निशाना बनाया, जिससे उनमें सवार 70 से अधिक लोग मारे गए. इजराइल की सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने आतंकवादियों के सफाए के लिए गाजा में अस्थायी छापे मारे और लगभग एक सप्ताह पहले इजराइल पर हमास के हमले के बाद अगवा किए गए लगभग 150 लोगों की तलाश की. सेना ने अपने निकासी आदेश में कहा कि उसकी योजना गाजा सिटी के आसपास के इलाके में जमीन के नीचे बने हमास के ठिकानों को निशाना बनाने की है. वहीं, हमास ने लोगों से निकासी निर्देश पर ध्यान नहीं देने की अपील की है. इजराइली सेना की ओर से उत्तरी गाजा को खाली करने का निर्देश देने के बाद क्षेत्र में इजराइल की ओर से जमीनी कार्रवाई किए जाने की आशंका बढ़ गई है.



लेबनान में इजरायली सीमा के पास तैनात इजरायली टैंक. फोटोः पीटीआई

**हमले जारी**
- हमास के भूमिगत ठिकानों को निशाना बनाने की तैयारी
- हमास ने की लोगों से अपील इजराइली निर्देश पर न दे ध्यान

### हमास से नागरिकों को अलग करना चाहता है इजराइल

इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इजराइल हमास आतंकवादियों और नागरिकों को अलग करना चाहता है. अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि तो जो लोग अपनी जान बचाना चाहते हैं, कृपया करके दक्षिण की ओर चले जाएं. संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान व्यक्त किया है कि शुक्रवार रात से लेकर अब तक उत्तरी क्षेत्र से हजारों लोगों ने पलायन किया है.

### हमास को तगड़ा झटका, मारा गया 'अबू मुराद'

इजरायली रक्षा बलों ने शनिवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में रात भर हवाई हमले कर हमास समूह के एक वरिष्ठ सदस्य को मार डाला है. द टाइम्स ऑफ़ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने दावा किया है कि हवाई हमले में हमास के हवाई समूह के प्रमुख अबू मुराद की मौत हो गई है. इजरायली रक्षा बलों ने हमले में एक मुख्यालय को निशाना बनाया, जहां से आतंकवादी समूह अपनी हवाई गतिविधि को नियंत्रित करता था.

### अलकायदा से भी बदतर है हमास : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास आतंकवादी संगठन अलकायदा से भी बदतर है. बाइडन ने फिलाडेल्फिया में हाइड्रोजन हब्स में अपने संबोधन में कहा कि हमें जितना अधिक इस हमले के बारे में पता चलता है वह उतना और अधिक भयावह प्रतीत होता है. एक हजार से अधिक निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 27 अमेरिकी भी शामिल हैं. अमेरिका हर कदम पर इजराइल के साथ है.

### 'साथ में हम जीतेंगे' व 'साथ में मजबूत होंगे'

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार रात अपने संबोधन में कहा कि हम हमास को नष्ट कर देंगे. इजराइल में जनता सैन्य कार्वाई के पक्ष में है. इजराइली टीवी स्टेशनों ने 'साथ में हम जीतेंगे' और 'साथ में मजबूत होंगे' जैसे नारों के साथ विशेष प्रसारण की शुरुआत की है.

### गाजा सीमा समझौता पर सहमत इजराइल

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। मिस्र, इजराइल और अमेरिका गाजा में विदेशी नागरिकों को राफा सीमा के जरिये मिस्र में प्रवेश करने की अनुमति देने पर सहमत हुए हैं. मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इजराइल उन क्षेत्रों पर हमला करने से परहेज करने पर सहमत हो गया है, जहां से विदेशी नागरिक फलस्तीनी क्षेत्र से बाहर निकलते समय गुजरेंगे. उन्होंने कहा कि कतर भी वार्ता में शामिल था और प्रतिभागियों को फलस्तीनी आतंकवादी समूहों, हमास और इस्लामिक जिहाद से भी मंजूरी मिली.

### इजराइल से 235 भारतीयों का दूसरा जत्था दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आ रहा दूसरा विमान शनिवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा. सरकार ने गाजा में हमास के आतंकवादियों द्वारा इजरायल के शहरों पर किए गए हमलों के बाद स्वदेश लौटने के इच्छुक लोगों की वापसी के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शनिवार को कहा कि 235 नागरिकों को लेकर आ रही दूसरी उड़ान राष्ट्रीय राजधानी पहुंच गई है.

# बीआरएस-भाजपा ने मिलकर तेलंगाना को तबाह किया : राहुल

**भाषा। नई दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेलंगाना में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली एक युवती की कथित आत्महत्या की घटना को लेकर शनिवार को प्रदेश की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि 'भाजपा रिश्तेदार समिति' और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मिलकर राज्य को तबाह कर दिया है. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही 23 वर्षीय युवती ने हैदराबाद के अशोक नगर स्थित अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. इसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने इलाके में प्रदर्शन किया.राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कल हैदराबाद में एक छात्रा की आत्महत्या का समाचार अत्यंत दुखद है. यह आत्महत्या नहीं, हत्या है-युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं की. उन्होंने आरोप लगाया, तेलंगाना के युवा आज बेरोजगारी के कारण पूरी तरह से टूट चुके हैं. पिछले 10 वर्षों में भाजपा रिश्तेदार समिति (बीआरएस) और भाजपा ने मिलकर अपनी अक्षमता से राज्य को तबाह कर दिया है.

**तीखा प्रहार**
- बेरोजगारी के कारण तेलंगाना के युवा टूट चुके हैं
- हैदराबाद में एक छात्रा की आत्महत्या अत्यंत दुखद

## मप्र चुनावः मतदान वृद्धि के लिए चाट-चौपाटी वालों की अनूठी पहल

# वोट देकर आइए, मुफ्त पोहा-जलेबी खाइए

- मुफ्त पोहे-जलेबी की पेशकश 17 नवंबर को सुबह नौ बजे तक रहेगी

**भाषा। इंदौर**



देश के सबसे साफ-सुथरे शहर इंदौर की मशहूर चाट-चौपाटी 56 दुकान के दुकानदारों ने आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान को बढ़ावा देने के लिए अनोखी पहल की है. दुकानदारों ने घोषणा की है कि मतदान के दिन यानी 17 नवंबर को वोट डालने वाले हर उस व्यक्ति को इस चाट-चौपाटी में पोहे-जलेबी का मुफ्त नाश्ता कराया जाएगा, जो उन्हें अपनी उंगली पर लगा अमिट स्याही का निशान दिखाएगा. 56 दुकान व्यापारी संघ के अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता के पैमानों पर इंदौर देशभर में पहले पायदान पर है. हम चाहते हैं कि हमारा शहर मतदान के मामले में भी अव्वल रहे. इसके लिए हमने वोट देकर आने वाले मतदाताओं को मुफ्त पोहा-जलेबी खिलाने का फैसला किया है. बता दें कि मतदाताओं के लिए मुफ्त पोहे-जलेबी की पेशकश 17 नवंबर को सुबह नौ बजे तक रहेगी.

# 'भारत-श्रीलंका संबंधों में नया अध्याय शुरू'

**भाषा। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत और श्रीलंका कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों में एक नये अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच एक नयी नौका सेवा शुरू होने को संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया. भारत के नागपत्तिनम से श्रीलंका के कांकेसनथुरई तक नौका सेवा को हरी झंडी दिखाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से दिए संबोधन में मोदी ने कहा कि यह नौका सेवा सभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधो को जीवंत बनाती है. उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी का मतलब केवल दो शहरों को नजदीक लाना नहीं है. यह हमारे देशों, हमारे लोगों और हमारे दिलों को करीब लाती है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं. उन्होंने संगम काल के साहित्य-जैसे कि पत्तिनाप्पलई और मणिमेकलई का भी जिक्र किया, जो दोनों देशों के बीच नौकाओं तथा जहाजों की आवाजाही का वर्णन करते हैं.

**नौका सेवा**
- नौका सेवा सभी ऐतिहासिक संबंधो को जीवंत बनाती है
- यह कनेक्टिविटी लोगों को हमारे दिलों के करीब लाती है

### नौका में 150 लोगों के बैठने की क्षमता

भारत में नागपत्तिनम तथा श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में जाफना के समीप कांकेसनथुरई के बीच नौका सेवा शनिवार को शुरू हुई. भारतीय नौवहन निगम द्वारा संचालित उच्च गति वाली नौका में 150 लोगों के बैठने की क्षमता है. नागपत्तिनम और कांकेसनथुरई के बीच करीब 110 किलोमीटर की दूरी को लगभग साढ़े तीन घंटे में तय किया जा सकेगा. हालांकि, यह समुद्र की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा.

**अभियान**

## झूठे और भ्रामक वीडियो सामग्री के बीच फर्क कर पाना हो रहा मुश्किल

# इजराइल-गाजा संघर्ष के फर्जी खबरों पर सत्यापन जरूरी

**भाषा। लंदन**

जैसे ही फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास के इजराइल पर जानलेवा हमला करने और इजराइल की बदला लेने की धमकी देने की खबरें समाचार नेटवर्क और सोशल मीडिया मंचों पर छाने लगीं, वैसे ही भ्रामक सूचनाओं व फर्जी वीडियो की बाढ़ आ गई. प्रौद्योगिकी की ताकत का दोहन करने वाले समाज में विश्वसनीय सूचना और झूठे दावों या जानबूझकर प्रसारित की गई भ्रामक वीडियो सामग्री के बीच फर्क करना मुश्किल होता जा रहा है. यह साफ है कि इजराइल-हमास संघर्ष से जुड़े कई वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और तस्वीरें जानबूझकर भ्रम पैदा करने के लिए साझा की गई हैं.



**फेक न्यूज**
- भ्रामक सूचनाओं और फर्जी वीडियो की बाढ़
- प्रौद्योगिकी की ताकत का हो रहा दोहन

### स्वचालित बोट से हो रहे कई पोस्ट

'द गार्जियन' ने इजराइली निगरानी कंपनी सायाब्रा के आंकड़ों के हवाले से फर्जी पोस्ट के स्तर को दिखाया है. सायाब्रा ने दावा किया कि कई पोस्ट स्वचालित बोट (सॉफ्टवेयर) का इस्तेमाल कर फर्जी खातों से किए जा रहे हैं, जो ट्विटर, टिकटॉक और अन्य मंचों पर काफी सक्रिय हैं. सायाब्रा ने 20 लाख से अधिक तस्वीरें, पोस्ट और वीडियो खंगाले. उसने दावा किया कि 1,62,000 प्रोफाइल में से 25 प्रतिशत फर्जी थीं.

### सत्यापन कैसे काम कर सकता है

पिछले कुछ वर्षों में कई पारंपरिक मीडिया संगठनों ने मजबूत फैक्ट-चेकिंग (तथ्य अन्वेषण) शाखाएं बनाई हैं, जो फर्जी खबरों और वीडियो की तुरंत पहचान कर रही हैं. इसका एक उदाहरण 'बीबीसी वेरिफाई' है. बीबीसी वेरिफाई इजराइल और गाजा के बारे में प्रसारित ऐसे वीडियो तथा सोशल मीडिया पोस्ट की पहचान कर रहा है, जो गलत या भ्रामक पाए गए हैं. 'एपी फैक्ट चेक' और रॉयटर्स ने भी ऑनलाइन भ्रामक सूचना के खिलाफ अभियान चलाया है.

### इजराइल-फिलिस्तीन के कई वीडियो फुटेज फर्जी

रॉयटर्स ने हाल ही में उस वीडियो की सच्चाई पता लगाई, जिसमें दिखाया गया था कि कैसे इजराइल या फिलिस्तीन मौत के फर्जी फुटेज बनाने की कोशिश कर रहे हैं. समाचार एजेंसी ने बताया कि यह वीडियो क्लिप 2012 में साझा की गई थी. रॉयटर्स ने अपने विश्लेषण में कहा कि क्लिप में किए गए दावे कि इजराइल और फिलिस्तीन मौत के फर्जी फुटेज बना रहे हैं. उसने कहा कि यह क्लिप असल में एक लघु फिल्म 'एम्प्टी प्लेस' के फिल्मांकन से जुड़ी हुई है, जो 2022 में यूट्यूब पर रिलीज हुई थी.

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप गलियारे में हो सकती है देरी

## इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर जीटीआरआई ने कहा

**भाषा। नई दिल्ली**

इजराइल-हमास संघर्ष के कारण भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना में देरी और जटिलताएं पैदा हो सकती हैं. थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह बात कही. जीटीआरआई ने कहा कि हालांकि संघर्ष के तात्कालिक परिणाम इजराइल और गाजा तक ही सीमित हैं, लेकिन पूरे पश्चिम एशिया में इसके प्रभाव को कम नहीं आंका जा सकता है.

थिंक टैंक ने कहा कि संघर्ष इजराइल और सऊदी अरब के बीच ऐतिहासिक शांति समझौते की संभावना को पटरी से उतार सकता है, जो भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) ढांचे में एक महत्वपूर्ण कड़ी है. हालांकि, सऊदी अरब व इजराइल के बीच ऐतिहासिक रूप से कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, मगर कुछ वर्षों के दौरान संबंधों में नरमी के संकेत देखे गए हैं. लेकिन, मौजूदा संघर्ष परियोजना की समयसीमा को बाधित कर सकता है.

**खास बातें**
- इस युद्ध के भू-राजनीतिक परिणाम बहुत दूर तक होंगे
- परियोजना की समयसीमा बाधित कर सकता है यह संघर्ष

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड 2024: भारत के करीब 60 रिकॉर्ड शामिल

# चेरापूंजी में सर्वाधिक बारिश की सबसे पुरानी प्रविष्टि

भाषा । नई दिल्ली

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के नवीनतम संस्करण में दुनिया भर से 2,638 उपलब्धियों को शामिल किया गया है जिनमें भारत से 60 से अधिक उपलब्धियां शामिल हैं. इनमें मेघालय के चेरापूंजी में वर्षा की प्रविष्टि सबसे पुरानी प्रविष्टियों में से एक है. पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा भारत में प्रकाशित इस पुस्तक में नौ तथ्य आधारित अध्याय हैं जिनमें पृथ्वी (नीला ग्रह), जलीय जीवन, मानव, रिकॉर्डोलॉजी, एडवेंचर्स, इतिहास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कला और मीडिया, और खेल - और पांच विशेष विशेषताएं: हॉल ऑफ फेम, यंग अचीवर्स, गेमिंग, व्याख्याकार, और बकेट लिस्ट है. भारत से जुड़े सबसे पुराने अभिलेखों में से एक वर्षा से संबंधित है. गिनीज रिकॉर्ड बुक के अनुसार, 15-16 जून, 1995 को मेघालय के चेरापूंजी शहर में 48 घंटे की अवधि में 2.493 मीटर (आठ फीट दो इंच) बारिश हुई. रिकॉर्ड बुक के मुताबिक, इसका आम तौर पर मतलब यह है कि इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा का उच्च स्तर होता है जबकि यह रिकॉर्ड 48 घंटे की अवधि में सबसे अधिक है, जैसा कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा सत्यापित किया गया है. इसमें लिखा गया कि एक कैलेंडर माह के लिए रिकॉर्ड, जुलाई 1861 में चेरापूंजी में 9,300 मिमी (366 इंच) बारिश का है और 1 अगस्त 1860 और 31 जुलाई, 1861 के बीच 26,461 मिमी (1,041.75 इंच) के साथ चेरापूंजी के नाम एक साल में सबसे अधिक बारिश का भी रिकॉर्ड है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक 1 अगस्त, 1860 और 31 जुलाई, 1861 के बीच चेरापूंजी में कुल 26,470 मिमी (1,042 इंच) बारिश हुई. संस्करण के मुख्य संपादक क्रेग ग्लेनडे ने बताया कि गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2024 संस्करण एक वर्ष की मेहनत का नतीजा है जिसमें हमारे रिकॉर्ड प्रबंधकों द्वारा लगभग 30,000 आवेदनों की समीक्षा की गई. उनमें से केवल कुछ प्रतिशत दावों ने ही चयन प्रक्रिया के माध्यम से इसमें जगह बनाई. इसलिए पुस्तक में प्रदर्शित 2,638 रिकॉर्ड वास्तव में इस वर्ष की सर्वोत्तम उपलब्धि हैं.

## 1937 से दुनिया की सबसे बड़ी जलकन्या की मूर्ति का रिकॉर्ड भारत के नाम

भारतीय मूर्तिकार कनाई कुन्हिरमन द्वारा बनाई गई जलकन्या (या जलपरी) की मूर्ति 1937 से गिनीज रिकॉर्ड में शामिल है. यह दुनिया में एक जलपरी की सबसे बड़ी मूर्ति है. केरल के तिरुवनंतपुरम में शंकुमुघम समुद्र तट पर एक शंख के आकार के पूल में लेटी हुई कंक्रीट की जलपरी की मूर्ति 26.5 मीटर (87 फीट) लंबी और 7.6 मीटर (25 फीट) ऊंची है, जिस खोल के भीतर वह लेटी है वह लगभग 32 मीटर (105 फीट) लंबा है. कार द्वारा पृथ्वी का चक्कर लगाने वाले पहले और सबसे तेज पुरुष और महिला का रिकॉर्ड भारत के सालू चौधरी और उनकी पत्नी नीना चौधरी के नाम है जिन्होंने छह महाद्वीपों को कवर करते हुए, भूमध्य रेखा की लंबाई (40,075 किलोमीटर) से अधिक की दूरी तय की. उन्होंने यह दूरी नौ सितंबर से 17 नवंबर, 1989 के बीच कुल 69 दिन 19 घंटे 5 मिनट के समय में हिंदुस्तान 'कॉन्टेसा क्लासिक' कार से पूरी की. दंपति ने दिल्ली से यात्रा शुरू की और दिल्ली में ही आकर समाप्त किया. भारतीय लोक संगीतकार थांगा डारलोंग (जन्म 20 जुलाई 1920) की उम्र 98 वर्ष 319 दिन थी जब उन्हें चार जून, 2019 को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया. त्रिपुरा के मुरुई गांव में जन्मे डारलोंग को अंतिम आदिवासी संगीतकार के रूप में जाना जाता है जिन्होंने 'रोसेम' वाद्ययंत्र बजाया. यह लकड़ी व बांस और पारंपरिक पानी के बर्तन से बना एक बांसुरी जैसा वाद्य यंत्र है जो राज्य की डारलॉन्ग जनजाति द्वारा बजाया जाता था.



### खास बातें

- दुनिया भर से 2, 638 अपलब्धियों को किया गया शामिल
- रिकॉर्ड प्रबंधकों द्वारा लगभग 30 हजारक आवेदनों की समीक्षा की गई

## विश्व की सबसे छोटी महिला है ज्योति आम्गे

गिनीज बुक के अनुसार विश्व की सबसे छोटी महिला नागपुर की ज्योति आम्गे (जन्म 16 दिसंबर, 1993) हैं, जिनकी लंबाई 62.8 सेमी (24.7 इंच) है. समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों के स्थान पर जमा होने का रिकॉर्ड हैदराबाद के पार्क हयात में रेनबो हॉस्पिटल्स इंडिया, इंडियन फाउंडेशन फॉर प्रीमेच्योर बेबीज और एबॉट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड (अखिल भारतीय) के नाम पर है.



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा भी रिकॉर्ड में शामिल

टीवी पर वर्तमान में सबसे लंबे समय तक चलने वाला 'सिटकॉम' (एपिसोड गिनती के अनुसार) 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' (एसएबी टीवी) है, जिसके दो जुलाई, 2022 तक 3500 एपिसोड प्रसारित किए गए हैं.



## अंबानी का घर विश्व में सबसे महंगा निजी आवास

दुनिया का सबसे बड़ा, सबसे ऊंचा और सबसे महंगा निजी आवास का रिकॉर्ड उद्योगपति मुकेश अंबानी के 27 मंजिला निजी गगनचुंबी इमारत एंटीलिया के नाम है. अप्रैल 2022 में जिटैंगो ट्रैवल द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त 1,154 स्थलों में से आगरा स्थित ताज महल मार्च 2022 के महीने में 14 लाख खोजों (इंटरनेट पर) के साथ सबसे अधिक खोजा जाने वाला विश्व धरोहर स्थल है.



## आओ जानें

### 15 अक्टूबर का इतिहास

- 1542 : मुगल वंश के सम्राट अकबर का जन्म हुआ. 1686 : औरंगजेब ने बीजापुर के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर किए.
- 1918 : शिरडी के साईं बाबा ने शरीर त्यागा.
- 1931 : पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म हुआ.
- 1932 : टाटा समूह ने पहली एयरलाइन की शुरुआत की.
- 1988 : उज्जवला पाटिल दुनिया का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनीं.
- 1993 : दक्षिण अफ्रीका के नेता नेल्सन मंडेला और एफ डब्ल्यू क्लार्क को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया.
- 1994 : पोलर सेटेलाइट लांच व्हिकल ने भारत के आईआरएस पी2 को कक्षा में स्थापित किया.
- 2003 : अंतरिक्ष में मानवयुक्त यान भेजने वाला चीन तीसरा देश बना.

## इंटरनेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी शांति

संवाददाता । जमशेदपुर



जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापक शांति मुक्ता बारला ने देश-विदेश में लौहनगरी और यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है. 'हैमर स्पोर्ट्स एक्जीबिशन के सौजन्य से वेटरन स्पोर्टस एंड गेम्स नेशनल फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'ओपन इंटरनेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप दुबई -2023' में भाग लेने के लिए उनका चयन हुए है. वह आगामी 25 अक्टूबर से 01 नवंबर तक दुबई में रह कर इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी. एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 से शुरू होगी, जिसका समापन 29 अक्टूबर को होगा.

यह चैंपियनशिप अंतरराष्ट्रीय खेल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है. एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओ में शांति पहले भी शामिल हो चुकी हैं और इस बार भी एथलीट के रूप में प्रतिभागी हैं. बता दें कि शांति ने इसी वर्ष आयोजित मास्टर्स प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है. यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता निरंतर इस प्रकार के खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं.

### खास बातें

- जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर हैं शांति
- एथलेटिक्स चैंपियनशिप की शुरूआत 27 अक्टूबर को होगी

## हजारीबाग के कई लोगों ने पितरों की याद में लगाए पौधे

**हजारीबाग।** हिंदू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है. अमावस्या के साथ ही पितृपक्ष का समापन भी हो गया. हिंदू धर्म में पितृ पक्ष में कुछ पौधे लगाना शुभ माना जाता है. इनमें बरगद, पीपल, समी के अलावा बेल, तुलसी और जामुन के पौधे भी शामिल हैं. हजारीबाग में भी पितृपक्ष के समापन पर मेरी धरती मेरी जिम्मेवारी समूह के संस्थापक डॉ मनोज कुमार उर्फ बरगद बाबा के नेतृत्व में 11 बालतरुओं बरगद, पीपल, आम आदि के पौधे लगाए गए.

## जयंती पर विशेष | समाजवाद के युगपुरुष महादानी महाराज अग्रसेन

संजय सर्राफ

महाराजा अग्रसेन का जन्म पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की 34 वीं पीढी में हुआ था. वे समाजवाद के युगपुरुष रामराज्य के समर्थक एवं महादानी थे तथा महाराजा अग्रसेन जी का विवाह नाग लोक के राजा कुमुद के स्वयंवर में राजकुमारी माधवी से हुआ. इस विवाह से नाग और आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ. माता लक्ष्मी जी की कृपा से श्री अग्रसेन जी के 18 पुत्र हुए, इन्हीं 18 गुरुओं के नाम पर अग्रवाल समाज की स्थापना हुई जो आज भी अग्रवाल समाज 18 गोत्र के नाम से जाने जाते हैं. अग्रसेन जी धार्मिक शांति दूत प्रजा हिंसा विरोधी, बलि प्रथा बंद करने वाले करुणा निधि तथा सब जीवों से प्रेम स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे.

महाभारत काल में (महाभारत में वर्णित) नकूल और कर्ण द्वारा भारत विजय के आधार पर अग्रोहा का निर्माण कलियुग से 5060 वर्ष पूर्व का माना जाता है, जिसकी स्थापना महाराजा अग्रसेन जी ने की थी. महाराजा अग्रसेन का जन्म लगभग 5100 वर्ष पूर्व राजा धनपाल जी की छठी पीढ़ी में प्रताप नगर के राजा बल्लभ के यहां हुआ था. प्रताप नगर का स्थान राजस्थान के श्री गंगानगर के आसपास का माना जाता है. महाराजा अग्रसेन जब युवा अवस्था में पहुंचे तो उस समय नागराज महिधर ने अपनी कन्या माधवी के लिए स्वयंवर रचाया. भूलोक के अनेक राजाओं के साथ देवराज इंद्र भी इस स्वयंवर में आए. नाग कन्या माधवी ने वरमाला महाराजा अग्रसेन के गले में डाल दी. यह विवाह दो संस्कृतियों का मिलन था. देवराज इंद्र नाग कन्या माधवी पर मोहित था तथा उससे विवाह रचाकर नागवंश को अपने साथ करना चाहता था परंतु इसमें उनको सफलता नहीं मिली. इससे उनके मन में महाराज अग्रसेन के प्रति द्वेष उत्पन्न हो गया और उनके राज्य में वर्षा बंद कर दी. इससे प्रताप नगर में भयंकर आकाल पड़ गया तथा चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई. इस पर महाराज अग्रसेन ने देवराज इंद्र पर चढ़ाई कर दी. महाराजा अग्रसेन के पास जो नैतिक बल था उसके सामने देवराज इंद्र की सेना नहीं टिक पाई और घबराकर युद्ध से भाग गया. इस अवस्था में देवराज इंद्र ने देवर्षि नारद को महाराज अग्रसेन के पास संधि के लिए भेजा तथा देवर्षि नारद ने महाराजा अग्रसेन व देवराज इंद्र के बीच संधि करा दी. महाराजा अग्रसेन एवं महारानी माधवी ने धन-धान्य की देवी लक्ष्मी जी की आराधना शुरू की. महालक्ष्मी जी ने प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिए तथा वरदान दिया कि पुत्र मैं तेरे कुल की देवी बनकर रहूंगी तेरे कुल को कभी भी किसी को भी कोई अभाव नहीं रहेगा तथा उन्हें महा प्रतापी होने का आशीर्वाद दिया.



महाराजा अग्रसेन ने एक तंत्रीय शासन प्रणाली को समाप्त कर विश्व में सर्वप्रथम अपने ढंग की अनोखी लोक तन्त्रीय शाखा प्रणाली का शुभारंभ किया. सम्राट बनकर अपने राज्य में समाजवाद की प्राण प्रतिष्ठा की. समाजवाद के माने सभी सम्पति समाज की, उन्होंने इसी सिद्धांत को प्रति स्थापित किया.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# विंड एनर्जी इंजीनियरिंग से खुलेंगे रोजगार के द्वार
# 5,74,000 से ज्यादा टेक्निशियंस की जरूरत होगी

एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

ग्लोबल विंड ऑर्गेनाइजेशन (जीडब्ल्यूओ) और ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (जीडब्ल्यूईसी) की एक ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2027 तक अनुमानित पवन ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्थापना, संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों के लिए जरूरी टेक्निशियंस की तादाद के बारे में पूर्वानुमान लगाया गया है. यह रिपोर्ट स्थानीय और राष्ट्रीय सरकारों के सामने अक्षय ऊर्जा के विकास को और बढ़ावा देने के अवसर उपलब्ध कराती है, ताकि रोजगार प्रशिक्षण और क्षमता के पुनर्निर्माण के अवसर बढ़ें और ऊर्जा रूपांतरण के लिए एक कार्यकुशल श्रम शक्ति का निर्माण हो.

ग्लोबल विंड वर्कफोर्स आउटलुक 2023-27 के मुताबिक वर्ष 2027 तक पवन ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए 5,74,000 से ज्यादा टेक्निशियंस की जरूरत होगी. हालांकि इस वृद्धि के साथ कदमताल करने के लिए उस श्रम शक्ति का लगभग 43% हिस्सा इस उद्योग में नया होगा. यह कामगार शिक्षा और भर्ती पाइपलाइन से जुड़ेंगे या अपतटीय तेल और गैस जैसे अन्य क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आएंगे.

वार्षिक पवन ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के वर्ष 2022 में 78 गीगावॉट से वर्ष 2027 में दोगुना होकर 155 गीगावॉट हो जाने की संभावना है. इससे अगले मात्र पांच वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर कुल पवन ऊर्जा क्षमता बढ़कर 1500 गीगावॉट से ज्यादा हो जाएगी. आउटलुक ने प्रौद्योगिकीय क्षेत्र में नवोन्मेषी प्रगति और अपतटीय पवन ऊर्जा बाजार में तेजी से हो रही वृद्धि के मद्देनजर अगले 5 वर्षों के अंदर पवन ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए जरूरी टेक्निशियंस की संख्या में 17% की वृद्धि होने का अनुमान लगाया है.

### अतिरिक्त टेक्निशियंस की जरूरत पड़ेगी, मिलेगा रोजगार

पवन ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार में मदद के लिए 84,600 अतिरिक्त टेक्निशियंस की जरूरत पड़ेगी. हालांकि 6% की सामान्य क्षय दर के साथ पवन ऊर्जा उद्योग को वर्ष 2023 से 2027 के बीच इस क्षेत्र से स्वाभाविक रूप से बाहर निकलने वाले टेक्निशियन का स्थान भरने के लिए 1,59,200 अतिरिक्त टेक्निशियंस की भर्ती करनी होगी. अगले 5 वर्षों के दौरान 2,43,800 अतिरिक्त नए टेक्निशियंस की भर्ती की जरूरत से जाहिर होता है कि परंपरागत क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में काम कर रही नई प्रतिभाओं के लिए पवन ऊर्जा क्षेत्र में दाखिल होने के बहुत अच्छे अवसर हैं. इससे जीवाश्म ईंधन से एक न्यायसंगत और समानतापूर्ण ऊर्जा रूपांतरण में पवन ऊर्जा की सहयोगात्मक भूमिका भी जाहिर होती है. ग्लोबल विंड वर्क फोर्स आउटलुक 2023-2027 पवन ऊर्जा क्षेत्र में आपूर्ति शृंखला में पूर्वानुमानित कमियों को भरने के लिए सुरक्षा एवं टेक्निकल ट्रेनिंग क्षमता को बढ़ाने की त्वरित आवश्यकता पर जोर देती है.

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

ग्लोबल विंड आर्गेनाइजेशन के सीईओ याकब लाओ होल्स्ट ने कहा कि श्रम शक्ति का विकास करना नीति निर्माताओं, उद्योग संगठनों और नियोक्ताओं के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है. जीडब्ल्यूओ/जीडब्ल्यूईसी ग्लोबल विंड वर्कफोर्स आउटलुक न सिर्फ यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर पवन ऊर्जा उद्योग में स्थापना और रखरखाव के लिए कितने लोगों की जरूरत पड़ेगी, बल्कि इस बात पर भी जोर देता है कि इनमें से कितने लोग इस क्षेत्र में पहली बार दाखिल होंगे. यह शुरुआती स्तर पर ही क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत को रेखांकित करता है, जो नियोक्ताओं की जरूरत से मेल खाता हो और अन्य क्षेत्रों और शिक्षा प्रणालियों से आए लोगों की मौजूदा क्षमताओं को मुकम्मल करता हो. जीडब्ल्यूईसी के सीईओ बेन बैकवेल ने कहा- "इस दशक में पवन ऊर्जा क्षमता में होने जा रही व्यापक वृद्धि के मद्देनजर एक मजबूत श्रम शक्ति और स्वस्थ आपूर्ति श्रृंखला की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण होगी. यह भी अहम है कि बढ़ती श्रम शक्ति को सही तरीके से प्रशिक्षित करने के लिए उपकरण दिए जाएं. साथ ही एक ऐसा दृष्टिकोण रखा जाए, जो स्वास्थ्य और सुरक्षा को उद्योग के विकास के केंद्र में रखता हो. जीडब्ल्यूईसी ग्लोबल विंड आर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर ग्लोबल विंड वर्कफोर्स आउटलुक 2023-2027 को पेश करते हुए खुशी महसूस कर रहा है. यह रिपोर्ट हमें बताती है कि हम किस तरह वैश्विक तापमान में बढ़ोत्तरी को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के अनुरूप पूरी दुनिया में पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जरूरी क्षमता का निर्माण कर सकते हैं और किस तरह काम का एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बना सकते हैं. किसी कार्य कुशल और सतत श्रम शक्ति के बगैर ऊर्जा का रूपांतरण समय पर होना मुमकिन नहीं है."

रिपोर्ट में 10 देशों, खासकर आस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, कोलंबिया, मिस्र, भारत, जापान, केन्या, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में तटीय और अपतटीय पवन ऊर्जा विकास और श्रम शक्ति संबंधी जरूरतों को रेखांकित किया गया है. इन देशों की पवन ऊर्जा संबंधी ऊंची महत्वाकांक्षाओं को स्वास्थ्य और सुरक्षा की मजबूत संस्कृति और प्रशिक्षित श्रम शक्ति के जरिए मजबूत किया जाना चाहिए. इसकी जरूरत यह सुनिश्चित करने के लिए होगी कि पवन ऊर्जा जलवायु और ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करना जारी रख सके और दुनिया भर में आधुनिक और सतत अर्थव्यवस्थाओं में योगदान दे सके.

### महत्वपूर्ण पहलू

- **सवाल** : वैश्विक पवन ऊर्जा क्षमता के निर्माण, स्थापना, संचालन, रखरखाव के लिए कितने टेक्निशियन को मानकीकृत प्रशिक्षण की जरूरत होगी ?
- **जवाब** : वर्ष 2027 के अंत तक पूरी दुनिया में पवन ऊर्जा क्षमता मोटे तौर पर 1581 गीगावॉट होगी, जो कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा होगी. इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में प्रशिक्षण पाने वाले टेक्निशियंस की अपेक्षित संख्या वर्ष 2022 में 4,89,600 से 17 % बढ़कर वर्ष 2027 में 5,74,200 हो जाएगी. वर्ष 2023 से 2027 के बीच पवन ऊर्जा क्षेत्र में नए टेक्निशियंस की संख्या में सालाना औसतन 48,800 की वृद्धि होने की संभावना है.
- **सवाल** : जीडब्ल्यूओ प्रशिक्षण के उपलब्ध वर्तमान स्तरों और अनुमानित श्रम शक्ति को प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यक स्तरों के बीच क्या अंतर है?
- **जवाब** : वर्ष 2022 के अंत तक 145000 टेक्नीशियंस (या अनुमानित श्रमशक्ति का 30% हिस्सा) जीडब्ल्यूओ का कम से कम एक वैध प्रमाण पत्र पहले ही हासिल कर चुके हैं. इसका मतलब यह है कि वर्ष 2023 से 2027 के बीच 4,29,000 नए टेक्निशियंस को पवन ऊर्जा उद्योग के प्रशिक्षण की जरूरत होगी. इनमें से 80% से ज्यादा टेक्निशियन की जरूरत आस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, कोलंबिया, मिस्र, भारत, जापान, केन्या, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में होगी.
- **सवाल** : जीडब्ल्यूओ प्रशिक्षण के जरिए पवन ऊर्जा क्षेत्र में श्रम शक्ति की सुरक्षा बढ़ाने के लिए शिक्षकों और प्रशिक्षणदाताओं के लिए सबसे बड़े अवसर कहां पर हैं?
- **जवाब** : पवन ऊर्जा क्षेत्र में टेक्निशियन की कुल श्रम शक्ति तटीय (वर्ष 2022 के मुकाबले 2027 में 12% ज्यादा) के मुकाबले अपतटीय क्षेत्र (वर्ष 2022 के मुकाबले 2027 में 79% ज्यादा) में कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ेगी. वर्ष 2027 तक 87% टेक्निशियन तटीय पवन ऊर्जा क्षेत्र के संचालन एवं प्रबंधन वर्ग में काम कर रहे होंगे.
- **सवाल** : क्या यह पूर्वानुमान पवन ऊर्जा क्षेत्र में श्रम शक्ति की सभी जरूर को शामिल करता है?
- **जवाब** : इस आउटलुक के लिए इस्तेमाल किया गया मॉडल विंड फार्म के निर्माण, स्थापना, संचालन और रखरखाव के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करता है. इसमें परियोजना जीवन चक्र के अन्य हिस्सों में श्रम शक्ति की जरूरत की गणना शामिल नहीं है. इन खंडों में अनुसंधान एवं विकास, खरीद, विनिर्माण, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, डीकमीशनिंग और पुन: सशक्कतीरण शामिल हैं.

### भारत के टॉप विंड एनर्जी इंजीनियरिंग संस्थान

- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा
- सभी आईआईटी
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, निरमा यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)